हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## बड़ी लापरवाही...

45 दिन का ही था सीसीटीवी बैकअप, प्रभारी और बैंक अफसरों समेत 8 पर एफआईआर की सिफारिश

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में ट्रस्ट का सख्त फैसला

### चंपत राय-अनिल मिश्रा का इस्तीफा मंजूर, अब कृष्ण मोहन देखेंगे मंदिर की व्यवस्था

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिला है, जिसके तहत चंपत राय की विदाई के बाद अब कृष्ण मोहन को ट्रस्ट की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा द्वारा दिए गए इस्तीफों पर विस्तृत चर्चा हुई। वरिष्ठ अधिवक्ता के. परासरन ने ट्रस्ट के संविधान के प्रावधानों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि इस्तीफा दिए जाने के बाद वह स्वतः प्रभावी माना जाता है और ट्रस्ट के पास इसे अस्वीकार करने का कोई विकल्प नहीं है। इसके बाद दोनों के इस्तीफे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिए गए। कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी ने कहा कि भविष्य में मंदिर की व्यवस्थाओं को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और त्रुटिरहित बनाने के लिए बैठक में एक छोटी समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है। ट्रस्ट की अगली बैठक 22 जुलाई को निर्धारित की गई है, जिसमें एसआईटी की जांच रिपोर्ट ▶▶ शेष पेज 6 पर



#### जानिए कौन हैं कृष्ण मोहन

कृष्ण मोहन का जन्म सितंबर 1952 में बरेली में हुआ था। उनके पिता रेलवे में अधिकारी थे। वह मूल रूप से उप्र के हरदोई जिले के शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के सिकंदरपुर बाजार के रहने वाले हैं। 1970 के दशक में लखनऊ विवि से एमएससी की शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद, करीब ▶▶ शेष पेज 6 पर

## राम मंदिर चंदा चोरी मामले की एसआईटी की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट सार्वजनिक

# सीसीटीवी में 70 बार जेबों और जूतों में नोट छिपाते दिखे कर्मचारी, 81 लाख रुपए से अधिक बरामद

*सख्त सुरक्षा नियम तय थे लेकिन 6 फरवरी 2025 को एसओपी बदलकर अनिवार्य तलाशी को रैंडम तलाशी कर दिया गया, जिससे सुरक्षा व्यवस्था बेहद कमजोर हो गई*

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावा गणना कक्ष में हुई कथित चोरी के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) की प्रारंभिक रिपोर्ट पहली बार सार्वजनिक हुई है। ट्रस्ट की बैठक में पेश इस रिपोर्ट में पुष्टि की गई है कि गणना प्रक्रिया के दौरान बड़े पैमाने पर चोरी और गबन हुआ।

एसआईटी के अनुसार, उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज में गणना कर्मी करीब 70 बार नोटों की गड्डियां और खुले नोट अपने कपड़ों, जेबों और जूतों में छिपाते हुए पकड़े गए हैं। आरोपियों के बयानों और उनके बैंक खातों में मिले आय से अधिक धन से भी इस बात की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ है कि ऑडिट नियमों के तहत 180 दिन का बैकअप रखने की सिफारिश के बावजूद केवल 45 दिन का ही सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखा गया था, जिससे 27 अप्रैल से पहले हुए नुकसान का सटीक ▶▶ शेष पेज 6 पर



### ट्रस्ट के पदाधिकारियों और प्रभारियों की भूमिका पर सवाल

रिपोर्ट में गणना कक्ष प्रभारी सुभाष श्रीवास्तव, रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू और निगरानी में कमी के लिए डॉ. अनिल मिश्रा की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। टिन्नू यादव के पास बिना किसी लिखित अधिकार के हुंडियों की चाबियां थीं और उन्होंने अपने रिश्तेदार मनीष को भी ड्यूटी पर रखवाया था। इसके अलावा बैंक अधिकारियों द्वारा कर्मियों को निर्धारित वेशभूषा न देने और प्रभावी निगरानी न करने की बात भी सामने आई है। एसआईटी ने इस मामले में 8 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की सिफारिश की है।

### सुरक्षा मानकों का पूरी तरह उल्लंघन

जांच में सामने आया कि गिनती कक्ष में सुरक्षा मानकों का पूरी तरह उल्लंघन किया गया। कर्मचारियों की तलाशी नहीं ली जाती थी और कई हंडियों की नकदी एक साथ मिलाकर गिनी जाती थी। इस मामले में एसआईटी ने अविनाश शुक्ला, अनुकूल मिश्रा, लवकुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पाण्डेय और रामशंकर मिश्र सहित छह लोगों की संलिप्तता बताई है। जांच से पहले ही कुछ कर्मचारियों से 78.94 लाख और बाद में गिनती कक्ष से 2.25 लाख की अतिरिक्त ▶▶ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


## खबर संक्षेप

### आज पूरा होगा राज्यपाल का 5 वर्षीय कार्यकाल



**भोपाल।** मप्र के राज्यपाल मंगुभाई पटेल का पांच वर्षीय कार्यकाल मंगलवार को पूरा हो रहा है। राष्ट्रपति भवन की ओर से अभी तक कार्यकाल विस्तार या नई नियुक्ति को लेकर कोई अधिसूचना जारी नहीं हुई है।

### दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी




**दतिया।** मप्र दतिया विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। तय कार्यक्रम के अनुसार, उम्मीदवार 13 जुलाई तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। मतदान 30 जुलाई और मतगणना 3 अगस्त को होगी।

### भोपाल से होकर 12 से चलेगी नांदेड़ एक्सप्रेस



**भोपाल।** 12 जुलाई से नांदेड़-टनकपुर-नांदेड़ साप्ताहिक एक्सप्रेस का नियमित संचालन शुरू होगा। यह ट्रेन नांदेड़ से 12 जुलाई (प्रत्येक रविवार रात 11:40 बजे) और टनकपुर से 14 जुलाई से चलेगी।

## सीएम ने भूमि-पूजन कर कहा- राजधानी की पहचान बनेगा यह इंडस्ट्रियल पार्क

# सतगढ़ी में इंडस्ट्रियल पार्क का भूमि-पूजन 15 हजार से ज्यादा को मिलेगा 'रोजगार'

सीएम ने कहा कि जीआईएस में आए 30 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव में से 10 लाख करोड़ का निवेश धरातल पर आ चुका है



डॉ. मोहन यादव संबोधित करते हुए

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल प्राकृतिक सुंदरता और झीलों-तालाबों की नगरी है, लेकिन अब यह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क भी राजधानी की पहचान बनेगा। अनेक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

प्रदेश के विकास का नया सूर्योदय हो रहा है। डॉ. यादव सोमवार 6 जुलाई को राजधानी भोपाल के सतगढ़ी में इंडस्ट्रियल पार्क का भूमि-पूजन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इससे 15 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। सतगढ़ी के ▶▶ शेष पेज 6 पर

यह पार्क देश के पहले उद्योग मंत्री डॉ. मुखर्जी के नाम से जाना जाएगा

सागर ग्रुप के सुधीर अग्रवाल सतगढ़ी में 100 करोड़ का निवेश करेंगे



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दीप प्रज्जवलित करते हुए

*25 एकड़ क्षेत्र में 10 हजार क्षमता वाला बनेगा आधुनिक कन्वेंशन सेंटर*

*समान नागरिक संहिता इसी माह लागू करने की ओर अग्रसर प्रदेश सरकार*

### प्रदेश में डंके की चोट पर लागू होगा यूसीसी

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने 'एक देश, एक विधान, एक निशान, एक प्रधान की बात कही थी। उनके इस संकल्प को साकार करने के लिए राज्य में अब समान नागरिक संहिता (यूसीसी) इसी माह लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश की जनता ने तय कर लिया है कि डंके की चोट पर हर हालत में यूसीसी ▶▶ शेष पेज 6 पर

### जनवरी से अब तक 86 हजार करोड़ के एमओयू

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के बलबूते जीआईएस में आए 30 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव में से 10 लाख करोड़ का निवेश धरातल पर आ चुका है। प्रदेश में पहली बार 30 प्रतिशत निवेश धरातल पर आने का नया कीर्तिमान बना है। किसान कल्याण वर्ष में जनवरी से लेकर अब तक निवेशकों के साथ 86 हजार करोड़ के एमओयू साइन हुए हैं। प्रदेशभर में हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा।

### 5 हजार से अधिक बहनों को गारमेंट सेक्टर में काम मिलेगा

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत के पहले उद्योग मंत्री थे। उनके नाम पर बन रहा सतगढ़ी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क और कन्वेंशन सेंटर भोपाल की नई पहचान बनेगा। तालाब और झीलों की नगरी भोपाल अब औद्योगिक विकास का केंद्र बन रही है। सतगढ़ी इंडस्ट्रियल पार्क से युवाओं के लिए अनेक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित होंगे। ▶▶ शेष पेज 6 पर

## सीहोर में भीषण सड़क हादसा

# इलाज कराने जा रहे थे, बोलेरो को ट्रक ने मारी टक्कर...5 की मौत

- टक्कर इतनी भीषण कि उड़ गए गाड़ी के परखच्चे
- 4 गंभीर, सभी मृतक व घायल राजगढ़ के निवासी



अस्पताल में घायल मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



जिले के आष्टा-शुजालपुर मार्ग पर सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। ग्राम मेना गोदी के पास एक तेज रफ्तार ट्रक और बोलेरो की आमने-सामने से भीषण भिड़ंत हो गई। इस हादसे में 5 लोगों की मौके ▶▶ शेष पेज 6 पर

### वाहन की तेज रफ्तार और लापरवाही बनी वजह

पुलिस के अनुसार बोलेरो में कुल 9 लोग सवार थे। प्राथमिक जांच में दुर्घटना का कारण वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही नजर आ रही है। ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है।

## सीहोर में किसानों का महाआंदोलन

# 1500 से अधिक ट्रैक्टरों के साथ भैरूंदा में किया चक्काजाम

**किसानों की 3 मांगें**

- पंजीकृत किसानों की पूरी मूंग फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए
- ई-टोकन व्यवस्था को तुरंत समाप्त किया जाए
- प्रति एकड़ खरीदी पर लगाई गई सीमा को पूरी तरह खत्म किया जाए



ट्रैक्टरों से ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

अपनी मांगों को लेकर सोमवार को सीहोर के भैरूंदा में हजारों किसानों ने एकजुट होकर डेरा डालो-घेरा डालो आंदोलन की शुरुआत की। इस दौरान 1500 से अधिक ट्रैक्टरों के साथ पहुंचे किसानों ने शहर के मुख्य मार्गों को ब्लॉक कर दिया। ▶▶ शेष पेज 6 पर

## मऊगंज में एमडी ड्रग्स फैक्ट्री पकड़ी

# 1.28 करोड़ का सामान जब्त मुंबई और नागपुर से जुड़े तार



रीवा के रहने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मऊगंज

जिले में पुलिस ने नशीली दवाओं के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार दोपहर शाहपुर थाना क्षेत्र के बिझौली गांव में चल रही एक अवैध एमडी ड्रग्स बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश किया गया। पुलिस ने मौके से करीब 1 करोड़ रुपए मूल्य की 360 ग्राम संदिग्ध एमडी ड्रग, ▶▶ शेष पेज 6 पर

## गेंद निकालने के दौरान फिसला पैर

# 100 फीट गहरी खदान में डूबने से भाई बहन और बुआ की मौत



बच्चों को बचाने के चलते बुआ भी डूबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में सोमवार शाम करीब 4 बजे एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया। यहां एक स्टोन क्रेशर की लगभग 100 फीट गहरी खदान के पानी में डूबने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो सगे मासूम भाई-बहन और उनकी बुआ शामिल हैं। पीड़ित परिवार मूल रूप से बैरसिया के ▶▶ शेष पेज 6 पर

## अंतरराज्यीय जाली नोट गिरोह का भंडाफोड़

# 87,700 रु. के नकली नोटों के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार



सप्लाई चेन से जुड़े कई अहम सुराग मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कोतवाली पुलिस ने सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय जाली भारतीय नोटों के कारोबार का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 87,700 मूल्य के नकली नोटों के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनका नेटवर्क खंडवा से लेकर उत्तर प्रदेश के आगरा तक फैला हुआ है। पुलिस अधीक्षक ▶▶ शेष पेज 6 पर

## प्रदेश में औसत बारिश का आंकड़ा अब सामान्य, कुछ जिलों में सूखे जैसी स्थिति

# शरारत कर रहा है मानसून...पूर्वी मप्र में 22 प्रतिशत कम तो पश्चिमी हिस्से में 20 फीसदी अधिक बारिश

- अगले तीन दिन प्रदेश के मौसम में ज्यादा बदलाव नहीं
- कुछ जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में सोमवार तक सामान्य और सामान्य से अधिक बारिश दर्ज हुई है। लेकिन पूर्वी हिस्से के अधिकांश जिले अभी सूखे जैसी स्थिति से गुजर रहे हैं। मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार तक प्रदेश में दीर्घावधि औसत से केवल एक प्रतिशत कम बारिश दर्ज हुई है। पूर्वी मप्र में औसत से 22 प्रतिशत कम तो पश्चिमी हिस्से ▶▶ शेष पेज 6 पर



राजधानी का कोलार रोड, दोपहर 1:50 बजे का दृश्य

### यहां स्थिति अभी चिंताजनक

सोमवार तक अलीराजपुर, झाबुआ, दतिया, नर्मदापुरम, छतरपुर, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, अनूपपुर, टीकमगढ़ सहित डेढ़ दर्जन से अधिक जिलों में अभी सामान्य से काफी बारिश ▶▶ शेष पेज 6 पर

### आज यहां भारी से अति भारी बारिश

मंगलवार को नर्मदापुरम, सीधी, रीवा, सतना, अनुपपुर, शहडोल, सागर, मैहर, छिंदवाड़ा, सिवनी, पांढुर्णा में कुछ जगह भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट है। ▶▶ शेष पेज 6 पर

## डीएसपी की विदाई में रो पड़े ग्रामीण

# बैलगाड़ी पर बैठाकर दी अनूठी विदाई, भावुक हुआ पूरा इलाका

पत्नी की भावुक पोस्ट के बाद हुआ था तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट



संतोष पटेल



नक्सल प्रभावित जिले बालाघाट में हॉकफोर्स के सहायक सेनानी डीएसपी संतोष कुमार पटेल की विदाई का एक बेहद भावुक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। महज 17 महीने के कार्यकाल में डीएसपी पटेल ने स्थानीय आदिवासियों और ग्रामीणों के दिलों में ऐसी जगह बनाई कि उनके विदाई समारोह में 7 गांवों के लोग नम आंखों से पहुंच गए। डीएसपी ▶▶ शेष पेज 6 पर





कैंसर अस्पताल पहुंचा सत्य साई बाबा के प्रेम प्रवाहिनी रथ।

# गुफा मंदिर, कैंसर हॉस्पिटल और कोलार क्षेत्र में पहुंचा श्री सत्य साई बाबा का प्रेम प्रवाहिनी रथ

## रथ ग्वालियर जिले की सत्य साईं समिति की ओर से भोपाल जिले को सौंपा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के तुलसी नगर स्थित शांतिवन में सत्य साई बाबा के प्रेम प्रवाहिनी रथ का दिव्य आगमन शनिवार को हुआ है। उल्लेखनीय है कि आंध्र प्रदेश के पुट्टापार्थी से आरम्भ हुआ ये रथ भारत वर्ष के विभिन्न गांव, शहरों और साई समितियों के भक्तों के बीच प्रेम प्रवाहित करते हुए लगातार भ्रमण कर रहा है। यह रथ ग्वालियर जिले की सत्य साईं समिति द्वारा भोपाल जिले को सौंपा है। यह रथ 11 जुलाई तक भोपाल में रहेगा एवं प्रतिदिन सुबह एवं शाम नगर के विभिन्न स्थानों में जाकर सत्य, धर्म, प्रेम, शांति एवं अहिंसा के बाबा के संदेश को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा।



सत्य साई बाबा के प्रेम प्रवाहिनी रथ के दिव्य आगमन के दौरान मौजूद धर्मावलंबी।

### मानवता के कार्यों को बताने का प्रयास

इस रथ के माध्यम से भगवान सत्य साईं बाबा द्वारा किये गए मानवता के कार्यों को भी सभी को बताने का प्रयास किया जा रहा है। आज बाबा के दिव्य रथ के आगमन के तीसरे दिन सुबह रथ लालघाटी गुफ़ा मंदिर, राज्य क्षय हॉस्पिटल ईदगाह हिल्स एवं जवाहर लाल कैंसर हॉस्पिटल गया, स्वामी के समक्ष सभी ने समस्त लोका सुखिनों भवन्तु हेतु भगवान से प्रार्थना की। सभी को भगवान बाबा की दिव्य विभूति दी गई। सेवादल द्वारा भी हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना रथ के समक्ष की एवं स्वामी की महामंगल आरती की। शाम



को भगवान बाबा का यह दिव्य रथ कोलार क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर गया, नगर वासियों ने भगवान की आगवानी पुष्पों एवं आरती के साथ की।

## मानसून में सुरक्षित रेल संचालन के लिए भोपाल मंडल की तैयारियां पूरीं

# पुलों में वॉटर लेवल अलार्म सिस्टम 118 पेट्रोल मैन, 174 वाचमैन तैनात

*डीआरएम त्यागी के निर्देशन में मानसून अवधि के दौरान रेल संरक्षा के लिए विशेष कार्ययोजना पर किया जा रहा अमल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानसून के दौरान वर्षा, आंधी-तूफान एवं बाढ़ जैसी परिस्थितियों में सुरक्षित एवं निर्बाध रेल संचालन सुनिश्चित करने के लिए पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। रेलवे परिसंपत्तियों की सुरक्षा तथा यात्रियों की संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मंडल में विशेष निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के निर्देशन में मानसून अवधि के दौरान रेल संरक्षा के लिए विशेष कार्ययोजना पर प्रभावी ढंग से अमल किया जा रहा है। इसके तहत मंडल में संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहां चौबीसों घंटे निगरानी की व्यवस्था की गई है। इन स्थानों पर 118 पेट्रोलमैन एवं 174 वाचमैन तैनात किए गए हैं, जो नियमित मानसून पेट्रोलिंग के माध्यम से रेल पथ की सतत निगरानी कर रहे हैं।



ट्रैक का निरीक्षण करते वाचमैन।

### पुलों में वॉटर लेवल अलार्म सिस्टम

मंडल में बांध, पुल एवं अन्य महत्वपूर्ण संरचनाओं सहित रेल परिचालन को प्रभावित करने वाले स्थानों को विशेष रूप से चिन्हित कर वहां अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। इसके अलावा संवेदनशील पुलों पर जलस्तर की वास्तविक समय में निगरानी के लिए वॉटर लेवल अलार्म सिस्टम स्थापित किए गए हैं।

**नालियों, पुलियों की सफाई:** रेल पथ एवं यार्ड क्षेत्रों में जलभराव की संभावना को कम करने के लिए नालियों, पुलियों की सफाई कराई गई है। वहीं विद्युतीकृत रेलखंडों में ओवरहेड उपकरण एवं ट्रैक की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेल परिचालन में बाधा उत्पन्न करने वाली पेड़ों की शाखाओं की छंटाई भी कराई गई है।

**वॉकी-टॉकी सेट रेडी:** मानसून के दौरान सिग्नलिंग केबलों की जांच, मेगरिंग सहित आवश्यक तकनीकी अनुरक्षण कार्य किए जा रहे हैं। आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित संपर्क बनाए रखने के लिए वॉकी-टॉकी सेटों को पूरी तरह कार्यशील एवं चार्ज अवस्था में रखा गया है। भोपाल मंडल स्थानीय प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन एजेंसियों के साथ सतत समन्वय स्थापित कर मानसून के लिए तैयार है।

## ऑनलाइन टिकट की प्रतीक्षा विकल्प सुविधा से होगी कंफर्म

**भोपाल।** भारतीय रेलवे ने यात्रियों की यात्रा को अधिक सुगम और सुविधाजनक बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए है जिनमे विकल्प एक बेहतर सुविधा है। इस सुविधा के अंतर्गत प्रतीक्षा सूची में आने वाले यात्रियों के लिए विकल्प योजना के अंतर्गत यात्रा का नया अवसर प्रदान किया जाता है। विकल्प एक ऐच्छिक सुविधा है जिसके माध्यम से यात्री यदि इस सुविधा को चुनते है तो टिकट कन्फर्म न होने की स्थिति में बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के सामान टिकट उसी गाड़ी की आगे की तिथि में या उसी दिशा की ओर जाने वाली अन्य गाड़ी में समान या अन्य तिथि में उपलब्ध खाली सीटों पर स्थानांतरित किए जाते है।

### विकल्प योजना की मुख्य विशेषताएं

- यह सुविधा केवल ऑनलाइन आइआरसीटीसी से बुक किए गए टिकटों पर उपलब्ध है।
- यात्री अपनी पसंद के विकल्प (जैसे कि अन्य ट्रेन/समय/गंतव्य) को चयनित कर सकते हैं।
- यदि मूल ट्रेन में सीट कन्फर्म नहीं हो पाती है, तो विकल्प के तहत अन्य उपयुक्त ट्रेन में उपलब्ध रहने पर कन्फर्म सीट प्रदान की जाती है।
- यात्रियों को एसएमएस/ईमेल के माध्यम से बदलाव की सूचना दी जाती है।

### वेटिंग लिस्ट के यात्रियों को सीट

भोपाल ने एक साल 01 जुलाई 2025 से 30 जून 2026 तक 17 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची यात्रियों के 76 पीएनआर को विकल्प सुविधा के तहत उसी गाड़ी की अन्य तिथि में या अन्य गाड़ी में कन्फर्म सीटें उपलब्ध करायी है। प्रतीक्षारत पीएनआर को उसी गाड़ी की अन्य तिथि में या अन्य गाड़ी में सीटें उपलब्ध करायी जाती है।

### विकल्प सुविधा का चयन कर ले सकते हैं लाभ

यात्रीगण आइआरसीटीसी के माध्यम से टिकट आरक्षण करते समय विकल्प सुविधा का चयन करके इस सुविधा का लाभ ले सकते है जिससे उनको अन्य विकल्पित ट्रेनों में सीट खाली होने पर कन्फर्म सीट मिलने का नया अवसर मिल सकेगा।

**सौरभ कटारिया,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक

## राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश, 8 जुलाई तक करें आवेदन

# निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश का एक और मौका, तीसरे चरण की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में शिक्षा का अधिकार कानून अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए तीसरे चरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके अंतर्गत 8 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक को निर्देश भी जारी कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसके लिए निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत पात्र बच्चों को अशासकीय, गैर-अनुदान प्राप्त निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश दिया जाता है, जिसका शुल्क प्रदेश सरकार वहन करती है।

**द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण :** प्रदेश में आरटीई के अंतर्गत प्रथम एवं द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। द्वितीय चरण की प्रक्रिया के बाद जिन विद्यालयों में सीटें रिक्त रह गई हैं, उन सभी विद्यालयों को उनकी रिक्त सीटों सहित द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया के लिए पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है।

### कोई नया पंजीयन नहीं होगा

राज्य शिक्षा केंद्र ने बताया कि तृतीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया में कोई नया पंजीयन नहीं किया जाएगा। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए केवल उन्हीं आवेदकों को शामिल किया जाएगा, जिन्होंने पहले चरण में आवेदन किया था। ऐसे आवेदक, जिन्होंने पूर्व चरणों में आवेदन किया था और सत्यापन उपरांत पात्र पाए गए, लेकिन उन्हें कोई भी विद्यालय आवंटित नहीं हुआ, वे तृतीय चरण के लिए विद्यालयों की चॉइस अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा, जिन आवेदकों को पूर्व चरण में विद्यालय आवंटित हुआ था, लेकिन विद्यालय पसंद न आने या अन्य कारणों से उन्होंने प्रवेश नहीं लिया, वे भी तृतीय चरण की प्रक्रिया में शामिल होकर अपनी पसंद के अनुसार विद्यालयों की चॉइस फिर से अपडेट कर सकेंगे।

### प्रवेश प्रक्रिया की समय सारिणी

- 08 जुलाई 2026 तक आवेदकों को रिक्त सीटों वाले विद्यालयों के लिए अपनी चॉइस अपडेट करने होगी।
- 10 जुलाई 2026 को तीसरे चरण के लिए ऑनलाइन लॉटरी जारी होगी। 11 से 20 जुलाई 2026-आवंटन के बाद संबंधित विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया एवं संबंधित विद्यालय द्वारा आरटीई मोबाइल ऐप के माध्यम से जानकारी दर्ज की जाएगी।

## महापौर-विधायक ने पौधा रोपा

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क एवं खेल मैदान का लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न



लोकार्पण कार्यक्रम में मौजूद महापौर-विधायक।

**भोपाल।** महापौर मालती राय ने विधायक भगवानदास सबनानी की उपस्थिति में सोमवार को तुलसी नगर में विकसित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क एवं खेल मैदान का लोकार्पण किया। महापौर राय एवं विधायक सबनानी सहित अन्य लोगों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया।

## निजी स्कूलों की मान्यता के लिए आवेदन 10 जुलाई तक

**भोपाल।** शिक्षा के अधिकार कानून अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निजी स्कूल नवीन मान्यता एवं मान्यता के नवीनीकरण के लिए 10 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। राज्य शिक्षा, स्कूल शिक्षा विभाग नेअशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण एवं नवीन मान्यता के लिए निर्धारित तिथि बढ़ा दी है। इस संबंध में निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। निजी विद्यालय विलंब शुल्क के साथ निर्धारित तिथि तक अपने आवेदन ऑनलाइन कर सकेंगे।

## महिला मोर्चा बरखेड़ी मंडल ने बनाए 56 डिजिटल प्रमाण-पत्र



महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत डिजिटल लर्निंग कार्यक्रम की श्रेणी में बरखेड़ी मंडल वार्ड 35 के शक्ति केंद्र 2 पर मंडल अध्यक्ष हेमंत जोगी के उत्कृष्ट नेतृत्व, कुशल मार्गदर्शन संयोजक साधना नंदू यादव, दीपेश यादव और सहयोगी महामंत्री रूमा अहेलिया और पूरी टीम के अथक परिश्रम के फलस्वरूप ही बूथों पर 56 सदस्यों के डिजिटल लर्निंग प्रमाण पत्र बनाए गए।

## बीयू: सभी हॉस्टल वार्डन बदले

# चीफ वार्डन डॉ. खंडई की जगह प्रो. ठाकुर नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में सभी होस्टल्स के वार्डन बदल दिए गए हैं। बीयू के कुलसचिव डॉ. एसबी सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार चीफ वार्डन डॉ. हेमंत खंडई की जगह अब प्रो शशांक शेखर ठाकुर को चीफ वार्डन बनाया गया है। वहीं, जवाहर हॉस्टल के वार्डन कपिल सोनी के स्थान पर डॉ. आलोक मिश्रा को वार्डन नियुक्त किया गया है।

वहीं, निवेदिता कन्या छात्रावास की वार्डन प्रो अंशुजा तिवारी के स्थान पर डाण अनिता तिलवारी और महारानी लक्ष्मीबाई कन्या छात्रावास की वार्डन डॉ. प्रीतिबाला सोलंकी की जगह प्रो अंशुजा तिवारी को वार्डन नियुक्त किया गया है।

## 'दीक्षा आरंभ कार्यक्रम' का हुआ समापन

### पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस हमीदिया महाविद्यालय में दीक्षा आरंभ कार्यक्रम

# सोशल मीडिया का उपयोग ज्ञान प्राप्ति में कर समय न गंवाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय हमीदिया महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित 'दीक्षा आरंभ कार्यक्रम' का आज तीसरे एवं अंतिम दिन सफल समापन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रचना मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के अनावश्यक उपयोग से बचने और समय का सदुपयोग अध्ययन एवं व्यक्तित्व विकास में करने का संदेश दिया गया।

तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों तथा छात्र हितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।



### एनसीसी समेत योजनाओं से कराया परिचित

इस क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रीय कैडेट कोर, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना, भारतीय ज्ञान परंपरा, पुस्तकालय सेवाएं, मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित नवीनतम पाठ्यक्रम की पुस्तकों, छात्र शिकायत निवारण प्रकोष्ठ सहित विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं शैक्षणिक उन्नयन से संबंधित विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों से परिचित करवाया गया।

### पूर्व छात्रों ने अनुभव किए साझा

इस अवसर पर शंकराचार्य न्यास, भोपाल के कार्यक्रम अधिकारी एवं कॉलेज के पूर्व छात्र शुभम ने छात्र जीवन के अनुभव साझा किए। विद्यार्थियों को अध्ययन के प्रति सजग, अनुशासित एवं लक्ष्यनिष्ठ बनने का आह्वान किया गया। महाविद्यालय से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता, नेतृत्व एवं मंच संचालन से जुड़े अपने अनुभवों को साझा किया गया और विद्यार्थियों को उपलब्ध अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।



हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 7 जुलाई 2026



बड़े तालाब के खानूगांव क्षेत्र में भारतीय सेना और होमगार्ड के जवान मॉकड्रिल में हिस्सा लेते हुए।

घरों में घुस गया बारिश का पानी...

## बाढ़ में फंसे रहवासी, ड्रोन के जरिए लाइफ जैकेट पहुंचाकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भयंकर बारिश की वजह से बड़े तालाब का पानी घरों में घुस गया, हालात यह रही कि किनारे रहने वाले लोगों के पहली मंजिल तक पानी में डूब गई। ऐसे में खानूगांव में बस्ती में रहने वाले लोगों के लिए ड्रोन से लाइफ जैकेट भेजकर उन्हें बचाया गया। इसी तरह छतों पर बैठे लोगों को भी टीम ने बोट की मदद से बाहर निकाला। यह नजारा सोमवार को बड़े तालाब किनारे भारतीय सेना और होम गार्ड की संयुक्त मॉकड्रिल का हिस्सा रहा।

» *मकानों की छत पर फंसे लोगों के लिए पहुंची एनडीआरएफ की सपोर्ट टीम*


» *भारतीय सेना और होमगार्ड ने बड़े तालाब के खानूगांव एरिया में किया मॉकड्रिल*

### साहसिक तकनीकों तथा विशिष्ट अत्याधुनिक उपकरणों का प्रदर्शन



रेस्क्यू के बाद उपचार करते सेना के चिकित्सक।

टीम ने आपदा प्रबंधन के तहत बोट्स डालकर रेस्क्यू करना, क्लोथिंग, फूड और ड्रोन से लाइफ जैकेट भेजे जाने का मॉकड्रिल किया। इसके बाद सैन्य कर्मियों और इंजीनियर टास्क फोर्स द्वारा जल-भराव वाले क्षेत्रों में फंसे नागरिकों को सुरक्षित निकालने की साहसिक तकनीकों तथा विशिष्ट अत्याधुनिक उपकरणों के संचालन का एक विहंगम एवं गतिशील प्रदर्शन किया गया। सेना और स्थानीय प्रशासन के बीच समन्वय से सोमवार को बड़ी झील में माकड्रिल का आयोजन किया गया। बड़ी झील स्थित वाटरमैनशिप ट्रेनिंग सेंटर (सेलिंग नोड) अभ्यास में सुदर्शन चक्र कोर, इंजीनियर रेजिमेंट टास्क फोर्स तथा बाढ़ राहत कार्यों के लिए सेना की टुकड़ियों ने भाग लिया।




रिलीफ बोट से बाढ़ में फंसे लोगों को बचाने का अभ्यास करते जवान।

### सेना हर संभव मदद करेगी

इस मौके पर चर्चा करते हुए मेजर जनरल विकास लाल ने कहा कि बाढ़ के समय सभी एजेंसियां समय पर पहुंचें और समन्वय से काम करें, इसी उद्देश्य से माकड्रिल आयोजित की गई है। यह हमारी सालाना गतिविधि है। उन्होंने कहा कि अभी बाढ़ की स्थिति नहीं है, लेकिन अचानक ऐसी स्थिति निर्मित होने पर सेना हर संभव मदद करेगी।

## खबर संक्षेप

### 5वीं-8वीं की पुनः परीक्षा के परिणाम आज

**भोपाल।** राज्य शिक्षा केंद्र के वेब पोर्टल पर विद्यार्थी दोपहर 2 बजे से देख सकेंगे भोपाल।प्रदेश के राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 5वीं और 8वीं की पुनः परीक्षा का परिणाम 7 जुलाई को दोपहर 2 बजे घोषित किया जाएगा। विद्यार्थी एवं अभिभावक राज्य शिक्षा केंद्र के वेब पोर्टल पर परिणाम देख सकेंगे। इसके साथ ही इसी पोर्टल पर शिक्षक, संस्था प्रमुख अपनी शाला का विद्यार्थीवार परिणाम भी देख सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा 16 से 23 जून के बीच 5वीं और 8वीं की पुनः परीक्षा आयोजित की थी। परीक्षा में प्रदेश के कक्षा 5वीं के 1 लाख 17 हजार से अधिक और कक्षा 8वीं के 1 लाख 32 हजार से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे।

### अशोकनगर-दिल्ली के बीच गुरु पूर्णिमा पर एक ट्रिप विशेष ट्रेन

**भोपाल।** गुरु पूर्णिमा पर्व के दौरान रेलवे प्रशासन द्वारा विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन दिल्ली सराय रोहिल्ला से अशोकनगर के मध्य चलाई जाएगी। गाड़ी संख्या 04004 दिल्ली सराय रोहिल्ला से अशोकनगर के लिए 26 जुलाई (रविवार) को दोपहर 12.15 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 04003 अशोकनगर से दिल्ली सराय रोहिल्ला के लिए 30 जुलाई (गुरूवार) को शाम 17.00 प्रस्थान करेगी। इस विशेष ट्रेन में कुल 24 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें 01 थर्ड, 02 स्लीपर, 19 जनरल कोच एवं 02 एसएलआर कोच शामिल हैं। यह विशेष ट्रेन फरीदाबाद, पलवल रेलवे स्टेशन, कोसीकलां रेलवे स्टेशन, मथुरा जंक्शन, आगरा कैंट, धौलपुर रेलवे स्टेशन, ग्वालियर जंक्शन, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन एवं बीना जंक्शन स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

50 साल पुरानी जर्जर दुकानों और आवासों का होगा 650 करोड़ रुपए से पुनर्विकास

## बदलेगी रविशंकर मार्केट की तस्वीर 25 मंजिला 8 टॉवर में बनेंगे फ्लैट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हाउसिंग बोर्ड ने किया 20 प्रतिशत बड़े फ्लैट व दुकानें देने का दावा

नए खरीदारों के लिए अतिरिक्त 215 फ्लैट और 64 नई दुकानें

**380 फ्लैट और 130 दुकानों का प्रोजेक्ट**

राजधानी के पांच नंबर स्थित रविशंकर शुक्ल (आरएसएस) मार्केट का स्वरूप जल्द ही पूरी तरह बदलने जा रहा है। मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड करीब 650 करोड़ रुपये की लागत से इस 50 साल पुराने जर्जर बाजार और आवासीय परिसर का पुनर्विकास कर रहा है। हालांकि परियोजना शुरू होने के बाद भी कुछ परिवार अभी जर्जर मकानों में रह रहे हैं, जिससे सुरक्षा को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं।

हाउसिंग बोर्ड की पुनर्विकास नीति के तहत पुराने दुकानदारों और फ्लैट मालिकों को उनके वर्तमान क्षेत्रफल से 20 प्रतिशत बड़ा फ्लैट या दुकान देने का प्रावधान किया गया है। नई योजना के अनुसार यहां 25-25 मंजिला कुल 8 टॉवर बनाए जाएंगे, जिनमें सामान्य आवासों के साथ लग्जरी फ्लैट भी शामिल होंगे।



जर्जर स्थिति में हैं रविशंकर शुक्ल मार्केट के मौजूदा फ्लैट।

### हर मंजिल पर एक 4 हजार वर्गफीट का फ्लैट

करीब 20 मंजिला इस टॉवर में हर मंजिल पर 4000 वर्गफीट का एक फ्लैट होगा। प्रत्येक फ्लैट में 5 बालकनी, अलग सर्वेंट रूम और कई आधुनिक सुविधाएं देने की योजना है। वहीं 4-बीएचके फ्लैट 2800 से 3000 वर्गफीट क्षेत्रफल के होंगे, जिनमें चार बालकनी उपलब्ध कराई जाएंगी। **बोर्ड का तर्क-** मुआवजा दिया जा चुका है, पजेशन तीन साल में मिलेगा मप्र हाउसिंग बोर्ड के जनसंपर्क अधिकारी प्रशांत मिश्रा का कहना है कि जो परिवार रह रहे हैं उन्हें मुआवजा दिया जा चुका है। पजेशन की समय-सीमा पांच साल तय की गई थी जिसे अब 3 साल कर दिया गया है।

मौजूदा मार्केट में लगभग 65 दुकानें और 165 फ्लैट हैं। पुनर्विकास के बाद पुराने हितग्राहियों को नए आवास और दुकानें दी जाएंगी। इसके अलावा नए खरीदारों के लिए 215 अतिरिक्त लग्जरी फ्लैट और 64 नई दुकानें भी बनाई जा रही हैं। प्रस्तावित आवासों में 1-बीएचके के 80, 2-बीएचके के 120, 3-बीएचके के 40, 4-बीएचके के 120 और 5-बीएचके के 20 फ्लैट शामिल हैं। यह राजधानी का संभवतः पहला ऐसा सरकारी प्रोजेक्ट होगा, जिसमें एक पूरा टावर केवल 5-बीएचके लग्जरी फ्लैट्स के लिए बनाया जाएगा।

कोचिंग सेंटर, हाईराइज भवनों को लेकर निगम की बैठक आज

## अब फायर सेफ्टी में नहीं लापरवाही, निगम ने कोचिंग संचालक, भवन मालिकों को बुलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में बढ़ती बहुमंजिला इमारतों और कोचिंग संस्थानों में विद्यार्थियों की संख्या को देखते हुए नगर निगम ने अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्ती शुरू कर दी है। सुरक्षा सुनिश्चित करने से निगम ने कोचिंग सेंटरों, शैक्षणिक संस्थानों और हाईराइज भवनों में अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता एवं उनके रखरखाव की समीक्षा के लिए मंगलवार 7 जुलाई को एक बैठक बुलाई है। बैठक सुबह 11 बजे नगर निगम मुख्यालय में आयोजित होगी।

नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर अपर आयुक्त तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने यह बैठक आहूत की है। इसमें नगर निगम सीमा के भीतर संचालित सभी प्रमुख कोचिंग सेंटरों के संचालक, विभिन्न संस्थानों के प्रबंधक तथा बहुमंजिला भवनों के मालिकों को शामिल होने के लिए बुलाया गया है। बैठक का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी संस्थानों और हाईराइज भवनों में अग्निशमन यंत्र निर्धारित मानकों के अनुरूप स्थापित हों और उनकी नियमित सर्विसिंग एवं रखरखाव किया जाता रहे। साथ ही आग लगने की स्थिति में तत्काल बचाव और निकासी की व्यवस्था, आपातकालीन मार्ग, फायर सेफ्टी उपकरणों की कार्यशीलता तथा अन्य सुरक्षा मानकों के पालन पर भी चर्चा की जाएगी। नगर निगम का मानना है कि आगजनी की घटनाओं में समय पर उपलब्ध अग्निशमन उपकरण और प्रशिक्षित प्रबंधन बड़ी दुर्घटनाओं को टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में कोचिंग संस्थानों और बहुमंजिला इमारतों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराना प्राथमिकता है।




एमपी नगर की कोचिंग क्लास का एक दृश्य।

### एक दर्जन से ज्यादा कोचिंग सेंटर हो चुके हैं सील

निगम के अमले ने कोचिंग सेंटरों में फायर सेफ्टी जांच के दौरान अधिकांश भवनों में कमियां मिलने पर नोटिस जारी किए थे। सुधार के लिए 7 दिन की मोहलत दी थी, लेकिन सुधार नहीं होने पर निगम ने कोचिंग सेंटरों को सील करने की कार्रवाई शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि कोचिंग सेंटरों के संचालकों और भवन स्वामियों के दबाव के चलते यह बैठक निगम ने बुलाई है। सोमवार को फायर अमले ने कोई कार्रवाई नहीं की।

टीएल बैठक में एसडीएम ने दिए अफसरों को निर्देश

## बारिश के पहले ही सड़कों के बुरे हाल, इन्हें दुरुस्त करने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कलेक्टोरेट में आने वाले लोगों की विभागों के अफसर सुनवाई नहीं कर रहे हैं। बारिश शुरू हो गई हैं, लेकिन सड़कों की हालत खराब है। इन्हें दुरुस्त किया जाए। यह बात सोमवार को टाइम लिमिट की बैठक में एडीएम सुमित पांडे ने अफसरों से कही। उन्होंने कहा कि आम लोगों से जुड़ी शिकायतों को टाइम लिमिट में निपटाया जाए। एडीएम ने सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, विधानसभा प्रश्न, विभागीय योजनाओं और अन्य प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बारिश शुरू हो चुकी है, लेकिन शहर में सड़कों के हाल बेहाल हैं, पीडब्ल्यूडी अन्य एजेंसियों के साथ आपसी समन्वय बनाकर सड़कों की मरम्मत का काम पूरा करें।



टीएल बैठक में निर्देश देते एसडीएम पांडे।

### विस प्रश्नों का समय पर भेजें उत्तर

उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र को देखते हुए सभी विभागों को विधानसभा प्रश्नों के जवाब समय पर उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही विभिन्न आयोगों से प्राप्त संदर्भों और जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर भी कार्रवाई करने को कहा गया है।

## कोपरा निकालने वाले माफिया पर लगेगा 40 लाख जुर्माना

खनिज इंस्पेक्टर की दूसरी रिपोर्ट में मिला खनन, खुद की रिपोर्ट पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातातल के रोजीवे गांव में 15 एकड़ जमीन पर 40 हजार क्यूबिक मीटर खुदाई की मंजूरी लेकर खनिज माफिया जमीन मालिक हरिचरण और खदान से कोपरा बेचने वाले शैलेंद्र भदोरिया और शेखर पवार ने करीब छह सौ डंपर कोपरा बाजार में बेचा है।

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर पहली बार खनिज इंस्पेक्टर सुचि माथुर ने जांच की थी, जिसमें शर्तों का उल्लंघन बताकर अवैध खनन का जिक्र नहीं किया, जबकि मौके पर मौजूद 12 डंपरों को भी जब्त नहीं किया गया था। दूसरी बार कलेक्टर की फटकार के बाद माथुर दोबारा से जांच करने पहुंचीं, जहां उन्हें 40 हजार क्यूबिक मीटर अधिक अवैध उत्खनन मिला, जबकि अब तक डंपरों को जब्त नहीं किया गया है। जिसके आधार पर 40 लाख 40 हजार रुपए का जुर्माना प्रस्तावित किया गया है। रातातल के रोजीवे गांव में पंद्रह एकड़ जमीन को समतल करने की परमिशन लेकर छह सौ डंपर कोपरा निकाला गया है।



फाइल फोटो

### एडीएम को किया गुमराह

सोमवार को टीएल बैठक में जब एडीएम सुमित पांडे ने जिला खनिज अधिकारी मेहताब सिंह से सवाल किया कि अवैध उत्खनन के अधिक मामले सामने आ रहे हैं, जिस पर खनिज अधिकारी ने कहा कि अखबारों में झूठा छापा जा रहा है, जिस पर एडीएम ने कहा कि आपका काम जांच करने का है, आप वो करिए। उन्होंने कहा कि अगर झूठा छापा जा रहा है तो आप दो-दो बार जांच क्यों करा रहे हो, पहली और दूसरी जांच में अंतर भी आ रहा है। अवैध खनन पर सख्ती बरती जाए।

राजधानी के साधु-संत नाराज, बोले-ये चढ़ावा या चंदे की नहीं, देश के करोड़ों लोगों की आस्था की चोरी

## श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी: साधु-संत बोले, छोटों पर कार्रवाई कर मामला दबाने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

राम जन्मभूमि मंदिर चढ़ावे की चोरी के मामले को लेकर सोमवार को ट्रस्ट की बैठक हुई] जिसमें बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा के इस्तीफे स्वीकार कर लिए गए हैं। इस मामले को लेकर हरिभूमि ने राजधानी के साधु-संतों से बात की, जिसमें संतों का कहना था कि छोटे लोगों पर कार्रवाई कर मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है तो वहीं वहीं दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की।

### घिनौना कृत्य है, छोटे लोगों पर हो रही कार्रवाई

राम मंदिर चढ़ावे की चोरी के घिनौने कृत्य के बाद



पहली बैठक हुई। इसमें दो इस्तीफे स्वीकार हुए। यह अच्छा व स्वागत योग्य फैसला है। लेकिन यह सिर्फ छोटे लोगों पर कार्रवाई जैसा है। बड़े लोगों को छोड़ दिया गया। उन पर कार्रवाई की जाना चाहिए। कहीं न कहीं इससे देशवासियों की आस्था को ठेस पहुंची है। इससे संत समाज में नाराजगी है।

**महामंडलेश्वर स्वामी अनिलानंद महाराज,** प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, अभा संत समिति,मप्र

### भगवान राम इन चोरों को माफ कर सकते हैं, हनुमान से कौन बचाएगा

मंदिर चोरी मामले महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा के



इस्तीफे का साधु-संत स्वागत करते हैं। चोरी से कहीं न कहीं श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंची है। भगवान राम तो अपने साथ छल करने वाले चोरों को माफ कर सकते हैं। लेकिन भगवान हनुमान से कौन बचाएगा। ट्रस्ट में ऐसे लोगों को रखा गया, जिन्हें धार्मिक कार्यों का अनुभव नहीं था। ट्रस्ट को साधु-संत के जिम्मे होना चाहिए। सारी जिम्मेदारी संतों-पुजारियों को दी जाना चाहिए, जिससे कि राम भक्तों का एक बार फिर भरोसा दोबारा से बन सके।

**पं.रामजीवन दुबे,** पुजारी मां चामुंडा दरबार

### गलती नहीं, यह विश्व स्तरीय और बड़ी चोरी है

गलतियां तो किसी से भी हो सकती है। लेकिन यह गलती नहीं, चोरी है। विश्व स्तर पर श्रद्धालुओं के साथ की गई सबसे बड़ी चोरी



है। कहीं न कहीं इसमें पूरी गलती सरकार की है। जिन पर कार्रवाई हो रही है,यह लोग तो छोटे लोग है। बड़ी मछली है,बड़े लोग स्वत्रंत हैं। बड़े स्तर पर जांच कर कार्रवाई की जाना चाहिए। मेरा मानना तो है कि मंदिर बनने से पहले से ही चोरी शुरू होगी। मंदिर के लिए अरबों-खरबों रुपए का चंदा आया था। मंदिर किसी ट्रस्ट से नहीं चल सकता। जब तक साधु-संत की निगरानी न हो। साधु-संत समाज से अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए। जो पूरी तरह स्वतंत्र हो,जिसके पास पूरे अधिकार हो।

**पं. रामकिशोर वैदिक,** भागवताचार्य,वेदमूर्ति धर्म अधिकारी

### सरकार की जिम्मेदारी बनती है

चढ़ावे की चोरी के मामले को लेकर साधु संतों में भारी आक्रोश है। यह सिर्फ नाम की जांच व



नाम की कार्रवाई है। क्योंकि मंदिर समिति में रखे गए,सभी सदस्य सरकार की ओर से रखे गए थे। जो कि सिर्फ और सिर्फ नाम के थे। वह सीधे सरल लोग थे। वह कुछ बोल भी नहीं सकते हैं। इसमें सरकार की जिम्मेदारी बनती है।

**महामंडलेश्वर महंत राम भूषण दास,** राष्ट्रीय अध्यक्ष आर्यावर्त षट्दर्शन साधु साधु-मंडल भारत

### बिहार की गैंग कर रही थी एटीएम में टेंपरिंग, पुलिस की पूछताछ में आठ वारदात करना स्वीकारीं

# मास्टर चाबी से एटीएम खोलकर कैश ट्रे कर देते थे बेंड, बाद में पैसा निकालकर हो जाते थे चंपत, पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र में एटीएम टेंपरिंग का मामला सामने आया है। बिहार का छह सदस्यीय गिरोह एसबीआई एटीएम से छेड़छाड़ कर कैश निकाल रहा था। गिरोह मास्टर चाबी से एटीएम मशीन खोल लेता था और कैश ट्रे बेंड (टेढ़ा) कर देता था। एटीएम से रुपए निकालने वाले के एटीएम से पैसे कट जाते थे, लेकिन कैश बाहर नहीं निकलता था। एटीएम से बाहर निकलने के बाद गिरोह के सदस्य एटीएम खोलकर कैश ट्रे से नगदी निकालकर फरार हो जाते थे। पुलिस गिरोह को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। अब तक गिरोह ने आठ वारदात करनी स्वीकारी है। पुलिस ने अन्य बैंक को पत्र लिखकर डाटा मांगा है। डाटा मिलने के बाद पता चल सकेंगा कि आरोपी अब तक कितनी वारदात में कितना कैश निकाल चुके थे।



एसबीआई का एटीएम बूथ।

### शाहपुरा के एसबीआई की एटीएम मशीन से छेड़छाड़ कर कैश निकाला

पुलिस के अनुसार विवेक कुमार चौरिया, सौरभ कॉलोनी में रहते हैं और कोर सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड में एरिया मैनेजर हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि विगत 10 से 15 दिनों के भीतर शाहपुरा के आरबीओ-1 और आरबीओ -2 के अंतर्गत आने वाले एसबीआई की एटीएम मशीन से छेड़छाड़ कर कैश निकाला गया है। एटीएम में कुछ संदिग्ध एटीएम में छेड़छाड़ कर कैश निकालते हुए नजर आए हैं। पुलिस ने एटीएम फुटेज के आधार पर प्रकरण दर्ज कर दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। दोनों ही संदिग्ध बिहार के रहने वाले थे और डेढ़ साल से शाहपुरा में रह रहे थे। उनसे पूछताछ के बाद पुलिस ने उनके चार अन्य साथियों को हिरासत में लिया। यह चारों संदिग्ध पंद्रह दिन पहले बिहार से भोपाल आए थे।

### इस तरह करते थे वारदात

शातिर गिरोह के पास मास्टर चाभी थी। चाभी से वह एटीएम खोलकर कैश ट्रे को पेचकस से टेड़ा (बेंड) कर देते थे। कैश ट्रे बेंड होने के कारण कोई भी एटीएम से पैसे निकालने आता था तो उसका ट्रांजेक्शन हो जाता था, लेकिन कैश हाथ नहीं लगता था और कैश ट्रे में भी फंसा रहता था। एटीएम में गिरोह का एक सदस्य खड़ा रहता था। वह एटीएम में रुपए निकालने वाले से कहता था कि उसका भी कैश नहीं निकला है। टोलफ्री नंबर या फिर पास की एसबीआई ब्रांच में शिकायत करनी पड़ेगी। रुपए नहीं निकलने के बाद एटीएम से रुपए निकालने वाला चला जाता था। इस दौरान आरोपी एटीएम को दौबारा मास्टर चाभी से खोलकर कैश ट्रे से नगदी निकालकर फरार हो जाते थे।

### एटीएम टेंपरिंग की बड़ी वारदात का हो सकता है खुलासा

अभी तक केवल आठ वारदात गिरोह ने स्वीकारी हैं। पुलिस ने शाहपुरा और भोपाल के अन्य एसबीआई बैंक से डाटा मांगा है। बैंक के डाटा और फुटेज मिलने के बाद पता चल सकेंगा कि गिरोह अब तक कुल कितनी वारदात कर चुकें हैं और बैंक को कितनी रकम का चूना लगा चुके हैं। सामान्यतः रुपए कटने पर बैंक को सूचना मिलने के बाद बैंक कैश रिफलिंग करने वाली एजेंसी से संपर्क करती थी। एजेंसी एटीएम खोलकर कैश ट्रे चेक करती थी। कैश ट्रे में रकम मिलने के बाद संबंधित व्यक्ति के खाते में रकम लौटा दी जाती हैं।

## खबर संक्षेप



### छींद धाम भक्त मंडल का 100वां सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ आज

**मंडीदीप।** मंडीदीप में 99 हफ्ते पहले नगर के कुछ युवा, समाजसेवी बरेली स्थित छींद धाम जाकर ये संकल्प लिया कि हर मंगलवार को नगर के हर एक मंदिर में श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। इसकी शुरुआत 13 अगस्त 2024 को नगर के प्रसिद्ध खेड़ापति माता मंदिर से की। इसके बाद नगर के लोग भक्त मंडल से जुड़ते गए और हर मंगलवार को भक्तों की संख्या बढ़ती गई। मंगलवार को समरधा स्थित सेज माइलस्टोन कॉलोनी के पास सुबह 10 बजे 100 वां सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा।

### नाबालिग से अश्लील छेड़छाड़ के दोषी को 7 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** 8 वर्षीय नाबालिग बालिका से अश्लील छेड़छाड़ करने वाले अभियुक्त राहुल श्रीवास्तव को को विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल ने दोषी ठहराते हुए 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 50,000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला एवं नवीन श्रीवास्तव द्वारा पैरवी की गई थी। घटना 25 जून 2025 को पीड़िता ने दादी एवं बुआ के साथ थाने में पहुंच कर रिपोर्ट कराई दर्ज करवाई थी।

### सेवा निवृत्त शिक्षक ने किया पौधरोपण



**औबेदुल्लगंज।** नगर प्रशासन विभाग के अमृत हरित महोत्सव अभियान से प्रेरित होकर नगर के वयोवृद्ध सेवा निवृत्त शिक्षक लक्ष्मी चंद जैन ने सोमवार को पौधरोपण किया। उन्होंने बताया कि वे प्रति वर्ष पौधे लगाते हैं, क्योंकि स्वच्छ पर्यावरण रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा पौधों का हम अहसान नहीं चुका सकते हैं। उनके इस पुनीत कार्य में परिवार के लोग सहयोग करते हैं।

### अमनदीप सिंह की 8वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**औबेदुल्लागंज।** अमनदीप सिंह (चीना) की 8वीं पुण्यतिथि श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्व. अमनदीप सिंह के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सुरेंद्र थानेदार परिवार एवं चीना फाइटर टीम के सदस्य उपस्थित थे।



**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1627 | | |
| दिन: | 478 | 95 | 249 |
| रात: | 488 | 08 | 288 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 489 | 15 | 456 |
| रात: | 590 | 49 | 360 |

### मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित 11 मील ब्रिज पर हुआ हादसा

# बाइक सवार डेयरी संचालक को अज्ञात वाहन ने मारी जोरदार टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित 11 मील ब्रिज पर रविवार देर रात बाइक सवार डेयरी संचालक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उसे गंभीर रूप से घायल होने के बाद एम्स पहुंचाया गया था। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस का कहना है कि डेयरी संचालक की बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मारी या फिर वह स्वयं बाइक से गिरने से हादसा हुआ इसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद ही खुलासा हो सकेगा कि डेयरी संचालक की मौत खुद गिरने से हुई है या किसी वाहन ने उसे टक्कर मारी है। पुलिस को घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरे नहीं मिले।

पुलिस के अनुसार मूलरूप से ग्राम मंडकासिया थाना नूरगंज जिला रायसेन निवासी राहुल यादव पिता पप्पू यादव (34) डेयरी संचालक थे और खुद ही दूध बांटने का काम भी करते थे। रविवार रात करीब साढ़े दस बजे 11 मील ब्रिज पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची, वहां राहुल यादव बेसुध हालत में पड़ा मिला, जबकि उसकी बाइक भी मौके पर पड़ी थी। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से राहुल को एम्स में भर्ती कराया, जहां कुछ देर बाद ही मौत हो गई। प्रधान आरक्षक प्रमोद भूषण ने बताया कि मृतक के पास मिले आधार कार्ड और मोबाइल में मिले नंबरों के आधार पर परिजन से बात हुई। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के पास ही कट प्वाइंट है। अनुमान लगाया जा रहा है कि कट प्वाइंट से गलत साइड से जाते समय हादसा हुआ है।

**किसी वाहन ने टक्कर मारी या खुद गिरे पुलिस जांच में जुटी**



### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित गांव ढुपाड़िया जोड़ पर कार की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सईद मिंया पिता भूरे खान (44) ग्राम गुनगा में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गत 28 जून को वह भतीजे राजा मिंया (36) गुनगा के साथ और शैतान सिंह व नंदकिशोर के साथ मजदूरी करने गए थे। भोपाल से गुनगा लौटते समय तीनों लोग ढुपाड़िया चौराहा पर मिले। वहां से अपनी बाइक से घर गुनगा जाने लगे। राजा मिंया बाइक चला रहा था। सईद मियां अपनी बाइक पर उसके पीछे चल रहे थे। शाम करीब सात बजे के आसपास राजा मिंया की बाइक पदम गोयल के घर के पास गुनगा ढुपाड़िया रोड पर पहुंची ही थी कि गुनगा की तरफ से एक सफेद रंग की कार के चालक ने अपनी कार को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर राजा मिंया की बाइक को टक्कर मार दी। इससे राजा मियां नंदकिशोर और शैतान सिंह बाइक से गिर गए। राजा मिंया को सिर, चेहरे पर और पैर में गंभीर चोट थी। इसी प्रकार नंदकिशोर और शैतान सिंह को भी गंभीर चोट थी। तीनों को अस्पताल में ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान रविवार शाम राजा मियां की मौत हो गई।

### कक्षा 9वीं के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

कोलार थाना क्षेत्र स्थित भोपा नगरी, अकबरपुर में रहने वाले 14 साल के किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही परिजन के बयान में भी आत्महत्या की वजह का पता नहीं चला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार पवन मालवीय मूलतः सिंरोज, जिला विदिशा के रहने वाले हैं। करीब डेढ़ साल से वह भोपा नगरी, अकबरपुर में किराए से रह रहे थे। पवन मालवीय के परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटे हैं। बड़ा बेटा राधेश्याम मालवीय (14) नौवीं कक्षा में पढ़ता था, जबकि उससे दो छोटे बेटे हैं। पवन मालवीय मजदूरी करते हैं। रविवार सुबह वह काम पर चले गए। उनकी पत्नी घरों में हाउस कीपिंग का काम करती हैं। वह भी काम पर चली गई। घर में राधेश्याम और उसके दोनों छोटे भाई थे। छोटे भाई बाहर मैदान में खेल रहे थे। सुबह करीब दस से ग्यारह बजे के बीच राधेश्याम ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद किया और फांसी लगा लिया। प्यास लगने पर दोनों छोटे भाई घर पहुंचे। उन्होंने आवाज दी, लेकिन राधेश्याम ने दरवाजा नहीं खोला। भाइयों ने दरवाजे के नीचे से अंदर झांककर देखा तो उन्हें पैर लटके हुए नजर आए। आसपास के लोगों ने खिड़की खोलकर देखा तो अंदर राधेश्याम फांसी के फंदे पर लटके मिला। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई थी। एफएसएल ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया गया।

# तालाब में सिंघाड़े की फसल के लिए कीटनाशक का किया छिड़काव, पानी पीने से 4 भैंस की मौत

### कई पशुओं का चल रहा उपचार, नाराज ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

ग्राम पंचायत चिकलोद कला में स्थित भोपाल के नवाब कालीन ऐतिहासिक बड़े तालाब का पानी जहरीला हो गया है। तालाब में सिंघाड़े की फसल के लिए धड़ल्ले से उपयोग की जा रही खतरनाक कीटनाशक दवाओं के कारण पानी पीने से पालतू पशुओं की मौत हो रही है। यह तालाब 654 एकड़ में फेला हुआ है।

ताजा मामला ग्राम अमरथोन का है, जहां इस दूषित पानी को पीने से चार भैंसों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य मवेशियों का इलाज अब भी जारी है। इस घटना से आक्रोशित अमरथोन और चिकलोद के ग्रामीणों ने रायसेन पहुंचकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है और तालाबों में सिंघाड़े की खेती पर तत्काल रोक लगाने की गुहार लगाई है।


ग्राम पंचायत चिकलोद कला का तालाब।

### 50 हजार की रहवासी में एक मात्र तालाब है

ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम पटेल बलिराम, बाबु लोधी, तोरण पटेल शामिल हैं। ग्रामीणों ने बताया कि चिकलोद के निस्तारी तालाब में सिंघाड़े की फसल लगाई जाती है, जिसका पानी भी दूषित हो गया है। इसमें भी खतरनाक कीटनाशक दबाइयों का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि 50 हजार की रहवासी बस्ती में यह एकमात्र निस्तारी तालाब है। पानी दूषित होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि हमने कई बार शिकायत की, लेकिन अभी तक रोक नही लगाई गई।



### राजा भोज एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी ट्रेनिंग कोर्स का शुभारंभ

**संतनगर।** राजा भोज एयरपोर्ट के एविएशन सिक्योरिटी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में बेसिक ट्रेनिंग कोर्स का उद्घाटन सोमवार को भोपाल एयरपोर्ट डायरेक्टर आलोक त्रिपाठी, सीआईएसएफ कमांडेंट अतुल भनोत्रा और बीसीएएस के सुभाष यादव की मौजूदगी में किया गया।



### विधायक पटवा ने मंत्रालय पहुंचकर मुख्यमंत्री से की भेंट, किया आमंत्रित

**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने सोमवार को मंत्रालय में मुख्यमंत्री से भेंट कर भोजपुर विस क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति से उन्हें अवगत कराया। इसके साथ ही क्षेत्र में पूर्ण हो चुके एवं प्रस्तावित विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम के लिए उन्हें आमंत्रित किया।

**भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण और पौधरोपण कर दी पुष्पांजलि**

# मंडीदीप में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती बूथ स्तर पर मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर मंडीदीप में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती भाजपा द्वारा बूथ स्तर पर श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की तथा पौधरोपण कर राष्ट्रसेवा के संकल्प को याद किया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। मंडल के महामंत्री अमित जैन ने बताया कि भोजपुरी विधायक सुरेंद्र पटवा के मार्गदर्शन में नगर के विभिन्न बूथों पर आयोजित कार्यक्रमों में नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, वरिष्ठ नेता अरविन्द जैन, जीवन सिंह पाल, प्रेमशंकर साहू, विनोद जैन, जिला मंत्री प्रार्थना चौहान, जिला मंत्री सुशील शर्मा सहित मंडल पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उनके विचार आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।


भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाते लोग।

### तलाकशुदा महिला को शादी का प्रलोभन देकर किया चार साल तक दैहिक शोषण

**भोपाल।** मिसरोद पुलिस ने 40 साल की तलाकशुदा महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और दैहिक शोषण की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी और महिला एक ही समाज के हैं। एक शादी में दोनों की मुलाकात हुई थी।

पुलिस के अनुसार 40 साल की महिला इलाके में रहती हैं। वह घर से ही कपड़ों का व्यवसाय करती है। एक शादी समारोह में उसकी दोस्ती राघवेंद्र नामक युवक से हो गई। महिला और राघवेंद्र एक ही समाज के हैं। शादी में दोस्ती होने के बाद दोनों की मोबाइल पर बातचीत होने लगी। इस दौरान राघवेंद्र को पता चला कि महिला तलाकशुदा है। उसने महिला के समक्ष शादी का प्रस्ताव रखा। महिला शादी के लिए तैयार हो गई। इसके बाद आरोपी ने उसके घर पहुंचकर उससे सगाई कर ली। इसके बाद शादी का प्रलोभन देकर फरवरी 2022 से लगातार उसका दैहिक शोषण कर रहा था। अब महिला ने शादी का दबाव बनाया तो वह शादी से मुकर गया। परेशान होकर महिला ने पुलिस को शिकायत की थी।

# मछली पकड़ने गया युवक नदी के तेज बहाव में बहा, बारह घंटे बाद मिली लाश

### गुनगा थाना क्षेत्र स्थित बड़ागांव का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित बड़ागांव नदी में मछली पकड़ने गया युवक नदी के तेज बहाव में बह गया। उसके साथ पहुंचे छोटे भाई और दोस्तों ने उसकी नदी में तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। बाद में पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के अनुसार सुनील अहिरवार पिता कालूराम अहिरवार (30) केसूखेड़ी, गुनगा में रहता था और प्राइवेट काम करता था।

केसूखेड़ी से हर्रा खेड़ा बुदोर रोड पर पड़ने वाले बड़ागांव में नदी है। सुनील अपने छोटे भाई अमन के साथ रविवार रात दस बजे मछली पकड़ने गया था। उस समय नदी का बहाव तेज था। सुनील को तैरना आता था वह नदी में रस्सी लेकर उतरा और दूसरी ओर पेड़ पर रस्सी बांधी। रस्सी बांधने के बाद वह रस्सी का दूसरा छोर लेकर लौट रहा था, तभी उसकी सांस फूलने लगी और तेज बहाव में वह बहने लगा।

### झाड़ियों में फंसा मिला शव

उसने बचाव के लिए शोर मचाया और साथियों ने नदी में छलांग लागाकर उसे बचाने का प्रयास भी किया, लेकिन अंधेरा होने के साथ नदी के तेज बहाव में सुनील बह गया। देर रात तक सुनील का भाई और साथी उसकी तलाश करते रहे, पर कुछ पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सर्च लाइट और गोताखोरों की मदद से सुनील की तलाश की, पर असफलता ही हाथ लगी। सोमवार तड़के तीन बजे तक पुलिस गोताखोरों के साथ सुनील की तलाश करती रही, पर कुछ पता नहीं चला। सोमवार दोपहर परिजन नदी पहुंचे और दोबारा देखा। इस दौरान सुनील का शव करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर झाड़ियों में फंसा नजर आया।

### परियोजना में 73 मेगावाट के पांच और 17 का एक टरबाइन-जनरेटर सेट शामिल

# बीएचईएल को मिला हिमाचल के सुन्नी डैम हाइड्रो प्रोजेक्ट का बड़ा ऑर्डर, महाप्रबंधन चटर्जी ने सौंपी टेस्टिंग रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएचईएल ने प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से एसजेवीएन लिमिटेड के सुन्नी डैम हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के लिए प्रतिष्ठित ऑर्डर प्राप्त किया है। सुन्नी डैम जलविद्युत परियोजना हिमाचल प्रदेश राज्य के शिमला तथा मंडी जिलों में स्थित है। इस परियोजना में 73 मेगावाट के पांच तथा 17 मेगावाट का एक टरबाइन-जनरेटर सेट शामिल है, जो की 57.85 मीटर डिज़ाइन नेट हेड के हैं। टरबाइन को उत्कृष्टता केंद्र-जल संयंत्र बीएचईएल, भोपाल द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है।

कार्यक्रम में जे चटर्जी, महाप्रबंधक (हाइड्रो) ने ग्राहक को 'मॉडल परीक्षण परिणाम' की एक प्रति सौंपते हुए मॉडल परीक्षण के दौरान एसजेवीएन अधिकारियों को उनके सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने परियोजना सामग्री की समय पर आपूर्ति का आश्वासन देते हुए एसजेवीएन से परियोजना गतिविधियों के लिए शीघ्र अनुमोदन की आशा व्यक्त की।


भेल में एक कार्यक्रम के दौरान दस्तावेज सौंपते हुए अधिकारी व कर्मचारी।

### टर्बाइन मॉडल का सफल परीक्षण

एसजेवीएन लिमिटेड के ग्राहक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 29 जून से 3 जुलाई 2026 तक बीएचईएल भोपाल में टर्बाइन मॉडल का परीक्षण सफलतापूर्वक किया गया। परीक्षण से टरबाइन की दक्षता, आउटपुट और अन्य गारंटी मापदंडों को पूरा किया गया। एसजेवीएन के शीर्ष अधिकारियों ने साक्षी परीक्षण में भाग लिया। एसजेवीएन ने निर्धारित कार्यक्रम से पूर्व ही मॉडल परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए बीएचईएल को बधाई दी और विशेष रूप से परीक्षण पद्धति को विस्तार से समझाने के लिए बीएचईएल इंजीनियरों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में उत्कृष्टता केंद्र-जल संयंत्र एवं अन्य विभागों के सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इसके साथ अब तक उत्कृष्टता केंद्र - जल संयंत्र ने 74 संविदात्मक मॉडल परीक्षणों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

### बैंकर्स क्लब की बैठक में सदस्यों का किया सम्मान

# बैंकर्स क्लब की गतिविधियों को और विस्तार करने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

बैंकर्स क्लब की मंथली बैठक सदस्यों की उपस्थित में संपन्न हुई। बैठक में क्लब की गतिविधियों को और विस्तार करने का निर्णय लिया। बैठक में क्लब के नए सदस्यों का स्वागत किया, जिसमें विकास हरचन्दानी, कुमार प्रकाश चन्द्र, कपिल वर्मा, श्याम सुंदर चौहान, संदीप दादलानी, गोविंद दादलानी, विशाखा दादलानी, दामोदर पठानी, विमला चौधरी, सेवा निवृत्त नरेश हरचंदानी शामिल है।

बैंकर्स क्लब के महासचिव गुलाब जेठानी ने बताया कि उन सदस्यों का सम्मान और स्वागत किया गया जो समाज में सदैव सक्रिय रहते हैं, जिनमें चंदू भाई इसरानी (एसबीआई) को मुख्यमंत्री की भोपाल जिला विकास समिति में शामिल किया गया है। गुलाब जेठानी (आईडीबीआई) को उपाध्यक्ष पद पर नवाजा गया है। अंत में सभी सदस्यों ने और अधिक सक्रिय होकर कार्य करने का संकल्प लिया।



## जीतू पटवारी राजेंद्र भारती के समर्थन में, दिग्विजय सिंह राघजराने के नाम पर अड़े; 13 जुलाई तक होंगे नामांकन

# दतिया उपचुनावः कांग्रेस में उम्मीदवार को लेकर खींचतान भाजपा बनाएगी दल-बदल की घटनाओं को चुनावी मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया विधानसभा उपचुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनावी अधिसूचना जारी होने के साथ ही भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपनी रणनीति को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। भाजपा जहां उम्मीदवार चयन के अंतिम चरण में है, वहीं कांग्रेस में टिकट को लेकर दो वरिष्ठ नेताओं के अलग-अलग रुख ने असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है। सूत्रों के मुताबिक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और उनके समर्थक पूर्व विधायक राजेंद्र भारती को उम्मीदवार बनाए जाने के पक्ष में हैं। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह पूर्व विधायक सुरेश राजधराने को टिकट दिलाने की पैरवी कर रहे हैं। ऐसे में प्रत्याशी चयन को लेकर कांग्रेस में अंदरूनी खींचतान खुलकर सामने आ गई है।

उधर भाजपा ने कांग्रेस की इस स्थिति को चुनावी मुद्दा बनाने की तैयारी कर ली है। पार्टी की रणनीति राजेंद्र भारती के राजनीतिक जीवन में हुए लगातार दल-बदल को जनता के बीच प्रमुखता से उठाने की है। भाजपा का मानना है कि यदि कांग्रेस राजेंद्र भारती को मैदान में उतारती है तो उनकी राजनीतिक विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए जा सकते हैं।

### भाजपा की नजर नरोत्तम मिश्रा पर

भाजपा की ओर से अभी उम्मीदवार की औपचारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा को सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा है। पार्टी संगठन चुनावी समीकरणों का अंतिम आंकलन कर रहा है और जल्द ही प्रत्याशी के नाम की घोषणा होने की संभावना है।

### रीमा भारती भी संभावित विकल्प

बताया जा रहा है कि यदि किसी कारणवश राजेंद्र भारती चुनाव नहीं लड़ पाते हैं तो कांग्रेस उनकी पत्नी रीमा भारती को उम्मीदवार बना सकती है। हालांकि पार्टी की ओर से अभी किसी नाम पर आधिकारिक मुहर नहीं लगी है।

### तीन दलों से चुनाव लड़ चुके हैं राजेंद्र भारती

राजेंद्र भारती का राजनीतिक सफर कई दलों से होकर गुजरा है। वर्ष 1985 में वे कांग्रेस के टिकट पर पहली बार विधायक बने। 1990 में कांग्रेस से चुनाव हारने के बाद उन्होंने भाजपा का दामन थामा और 1998 में भाजपा के टिकट पर विधानसभा पहुंचे। इसके बाद वे बसपा में भी रहे और चुनाव लड़ा।

### आज से नामांकन प्रक्रिया हो जाएगी शुरू



भारत निर्वाचन आयोग ने दतिया विधानसभा उपचुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत 7 जुलाई से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 13 जुलाई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। 14 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 16 जुलाई तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतदान 30 जुलाई को होगा और मतगणना बाद में आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि दतिया उपचुनाव में स्थानीय मुद्दों के साथ-साथ उम्मीदवारों की छवि और राजनीतिक विश्वसनीयता भी निर्णायक भूमिका निभाएगी। भाजपा दल-बदल के मुद्दे को भुनाने की तैयारी में है, जबकि कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी चुनौती उम्मीदवार चयन को लेकर एकजुटता बनाए रखना होगी।

---

## कुवैत की मत्स्य कंपनी ने किया 7,430 करोड़ रुपए का अनुबंध, मत्स्योद्योग नीति को मिलेगा फायदा

# मत्स्य पालन, मछुआ कल्याण के क्षेत्र में प्रदेश रचेगा नया इतिहास, कुवैत के साथ एग्रीमेंटः सीएम डॉ. यादव



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि अन्नदाता की समृद्धि के लिए कृषि के साथ-साथ मत्स्य पालन क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं विकसित हो रही हैं। प्रदेश के मछुआरा समुदाय के लोग मछली पालन के जरिए ही अपनी आजीविका चलाते हैं। इन सबकी बेहतरी के लिए मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्योद्योग नीति 2026 के अंतर्गत गतिविधियों को अंतरराष्ट्रीय विस्तार दिया जा रहा है। आज कुवैत की अग्रणी मत्स्य कंपनी और कामदार्स केयर इंदौर के बीच हुआ एग्रीमेंट प्रदेश में मत्स्य पालन और मछुआ कल्याण के क्षेत्र में नया इतिहास रचेगा। डॉ यादव कुवैत की अग्रणी मत्स्य कंपनी-ज़बेदी अल कुवैत फिशरीज कंपनी और कामदार्स केयर इंदौर के बीच, प्रदेश में 7 हजार 430 करोड़ रुपए के निवेश और बाय बैक एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर के बाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। प्रदेश में हो रही इस नई पहल से 15 हजार प्रत्यक्ष और 20 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। प्रदेश से लगभग 6 हजार करोड़ रुपए के मत्स्य निर्यात का लक्ष्य है।

**प्रदेश से लगभग 6 हजार करोड़ रुपए के मत्स्य निर्यात का लक्ष्य**

### प्रदेश में मत्स्य पालन क्षेत्र में अपार संभावनाएं

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में मत्स्य पालन विकास के लिए पर्याप्त जलसंरचनाओं के भंडार हैं। इससे देश की खाद्य आवश्यकताओं की पूर्ति करने के साथ-साथ निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा। कृषि और खाद्यान्न के विकास को लेकर मध्यप्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। कुवैत हमारा मित्र देश है, प्रदेश में विदेशी निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए राज्य सरकार पूर्ण समर्पण के साथ तेजी से कार्य कर रही है, अब इसके सुखद परिणाम भी लगातार सामने आ रहे हैं। भविष्य में मध्यप्रदेश मत्स्य पालन के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाएगा।

### मत्स्य निवेश और निर्यात केंद्र बनाएगा यह अनुबंध



यह अनुबंध मध्यप्रदेश को देश का अग्रणी मत्स्य निवेश और निर्यात केन्द्र बनाने की दिशा में एक प्रयास है। ज़बैदी अल-कुवैत फिशरीज़ कंपनी का 10 से अधिक देशों में प्रीमियम क्वालिटी फूड, डिब्बाबंद खाद्य उत्पाद, मसाले आदि में व्यापारिक नेटवर्क है। कामदार्स केयर, इंदौर एक क्लस्टर-बेस्ट व्यापारिक संगठन है। यह समूह किसान उत्पाद संगठनों के गठन और उनके व्यवसाय को बढ़ाने में मदद करता है। एग्रीमेंट के दौरान जानकारी दी गई कि मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्य उद्योग नीति-2026 के अंतर्गत राज्य में आधुनिक निर्यातोन्मुखी एवं मूल्य संवर्धन मत्स्य उद्योग के विकास के लिए निजी एवं विदेशी निवेश आकर्षित करने का प्रावधान है।

### 4 लाख टन का अतिरिक्त मत्स्य उत्पादन

अनुबंध के अंतर्गत 7 हजार 430 करोड़ रूपए के अनुमानित निवेश से इंदिरा सागर, बरगी, बाणसागर और बारना जलाशय में केज कल्चर सहित बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज आधारित इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा। केज कल्चर के जरिए लगभग 4 लाख टन का अतिरिक्त मत्स्य उत्पादन अपेक्षित है। इसके साथ ही एक्वापोनिक्स, हाइड्रोपोनिक्स, ग्रीन हाउस से 1 लाख 23 हजार टन वेजिटेबल्स आदि का भी उत्पादन होगा। राज्य सरकार की इस पहल से प्रदेश के मछुआरे विशेष रूप से लाभान्वित होंगे।

---

डॉ मुखर्जी की जयंती पर 15 दिवसीय जनकल्याण पखवाड़े की हो रही शुरुआत

## राज्य सरकार इसी माह समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में तेजी से अग्रसरः सीएम

### मुख्यमंत्री डॉ यादव ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जनसंघ के संस्थापक और प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर पौधरोपण किया। उन्होंने डॉ मुखर्जी का स्मरण करते हुए कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद जी की 125वीं जयंती पूरे सम्मान के साथ मनाई जा रही है। डॉ मुखर्जी के 'एक देश-एक विधान-एक निशान-एक प्रधान' के संकल्प को साकार करने की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार इसी माह समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में अग्रसर है।



### रक्षा क्षेत्र के बनेंगे उपकरण, मिसाइल और हथियार

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश ने रक्षा क्षेत्र में नया इतिहास रचा है। अब रक्षा क्षेत्र के कई उपकरण, मिसाइल और हथियार मध्यप्रदेश की धरती पर बनेंगे। चंबल की धरती सालों से मां भारती की सेवा करने वाले वीर सैनिकों की भूमि रही है। अब यहां आधुनिक हथियार भी तैयार किए जाएंगे।

---

## पीसीसी में बोलीं वरिष्ठ नेता नटराजन

# युवा, किसान और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस छेड़ेगी प्रदेशव्यापी जनआंदोलन



प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी।

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस ने युवाओं, किसानों, भ्रष्टाचार और भूमि संबंधी मामलों को लेकर प्रदेशव्यापी जनआंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रदेश में युवाओं का भविष्य लगातार संकट में डाला जा रहा है, किसान समस्याओं से जूझ रहे हैं और भ्रष्टाचार के मामलों में सरकार जवाबदेही तय करने में विफल रही है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन ने कहा कि कांग्रेस 11 जुलाई तक प्रदेश के सभी संभाग मुख्यालयों पर पत्रकार वार्ताओं के माध्यम से सरकार की नीतियों को जनता के सामने रखेगी। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से प्रदेशव्यापी जनआंदोलन चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन केवल राजनीतिक विरोध तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि युवाओं, किसानों और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा, सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ लोकतांत्रिक संघर्ष का अभियान होगा।

**11 तक सभी संभाग मुख्यालयों पर होगी प्रेस वार्ता**

### प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल

मीनाक्षी नटराजन ने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश में लाखों युवाओं का भविष्य लगातार अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, विशेषकर नीट और सीबीएसई से जुड़े विवादों तथा छात्रों की लगातार सामने आ रही शिकायतों ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं, भूमि विवादों और भ्रष्टाचार के मामलों में भी सरकार अपेक्षित संवेदनशीलता नहीं दिखा रही है। कांग्रेस इन सभी मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी और प्रदेशभर में चरणबद्ध कार्यक्रम आयोजित करेगी। कांग्रेस का कहना है कि आगामी दिनों में आंदोलन के माध्यम से सरकार से इन मुद्दों पर जवाब मांगा जाएगा और जनता के हितों से जुड़े मामलों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। पार्टी का दावा है कि यह अभियान प्रदेश के सभी संभागों में व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा, जिसमें स्थानीय समस्याओं के साथ-साथ प्रदेशव्यापी मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा।

---

## गांव, स्कूल-कॉलेजों तक पहुंचेगा अभियान

# 15 जुलाई से शुरू होगा 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान



0000

नशामुक्त मध्यप्रदेश के लिए पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायत समेत सभी विभागों की संयुक्त रणनीति तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा 15 से 30 जुलाई तक चलाए जाने वाले राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' को जनआंदोलन का स्वरूप देने की तैयारी पूरी कर ली गई है। अभियान की रणनीति तय करने के लिए सोमवार को पुलिस मुख्यालय में डीजीपी कैलाश मकवाणा की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय अंतर-विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए डीजीपी कैलाश मकवाणा ने कहा कि यह केवल पुलिस विभाग का कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को नशामुक्त बनाने का व्यापक जनआंदोलन है। उन्होंने कहा कि नवंबर 2025 में रायपुर में आयोजित डीजीपी-आईजीपी सम्मेलन में प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री ने नारकोटिक्स के खिलाफ कठोर कार्रवाई, जनजागरूकता, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग और नशा छोड़ चुके लोगों की प्रेरक कहानियों को समाज तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया था। उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष अभियान को और अधिक व्यापक बनाया गया है।

### 15 दिन तक प्रदेशभर में आयोजित होंगे कार्यक्रम

उन्होंने बताया कि अभियान का शुभारंभ 15 जुलाई को भोपाल के रवीन्द्र भवन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। इसके बाद 15 दिनों तक प्रदेशभर में स्कूलों, महाविद्यालयों, छात्रावासों, खेल संस्थानों, ग्राम पंचायतों, नगरीय क्षेत्रों, औद्योगिक इकाइयों और सार्वजनिक स्थलों पर बड़े पैमाने पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डीजीपी ने कहा कि पिछले वर्ष इस अभियान को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली थी और इस बार सभी विभागों की भागीदारी से इसे और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

### शपथ, रैलियां, मानव श्रृंखला, नुक्कड़ नाटक, लघु फिल्मों का होगा प्रदर्शन

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नारकोटिक्स) डी. श्रीनिवास वर्मा ने अभियान की विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस बार 'होल ऑफ गवर्नमेंट एप्रोच' के तहत सभी विभागों को एक मंच पर लाकर अभियान संचालित किया जाएगा। इसके लिए 15 दिनों का गतिविधि कैलेंडर तैयार किया गया है। अभियान के दौरान नशा विरोधी शपथ, रैलियां, मानव श्रृंखला, नुक्कड़ नाटक, लघु फिल्मों का प्रदर्शन, चित्रकला, पोस्टर, निबंध और स्लोगन प्रतियोगिताएं, छात्रावासों एवं मलिन बस्तियों में जागरूकता कार्यक्रम, खेल गतिविधियां तथा सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक जनसंदेश प्रसारित किए जाएंगे।

---

## 13 रिक्त पदों के लिए 39 अधिकारियों के नामों पर होगा विचार

# 13 राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को मिलेगा आईएएस अवॉर्ड, डीपीसी के लिए प्रस्ताव तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के राज्य प्रशासनिक सेवा (एसएएस) अधिकारियों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित आईएएस पदोन्नति प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक) ने 13 अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में पदोन्नति देने के लिए विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) का प्रस्ताव तैयार कर लिया है। यह प्रस्ताव इसी सप्ताह संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को भेजा जाएगा। प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद यूपीएससी डीपीसी की तिथि तय करेगा, जिसके बाद चयनित अधिकारियों को आईएएस अवॉर्ड देने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सामान्य प्रशासन विभाग के सूत्रों के अनुसार इस बार 13 रिक्त पदों के लिए कुल 39 अधिकारियों के नामों पर विचार किया जाएगा। इनमें मुख्य रूप से वर्ष 2007 और 2008 बैच के राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के नाम भी डीपीसी के समक्ष रखे जाएंगे।



### डीपीसी में इन अधिकारियों के नाम

डीपीसी में जिन अधिकारियों के नाम शामिल किए गए हैं, उनमें मीनिया पांडे, ईला तिवारी, नीता राठौर, शैलेंद्र सिंह सोलंकी, रानी पासी, रंजना देवड़ा, माधवी नागेंद्र, वर्षा सोलंकी, प्रियंका गोयल, अभिषेक दुबे, नरोत्तम प्रसाद भार्गव, निधि सिंह राजपूत, निमिषा जायसवाल और संदीप सोनी सहित कुल 39 अधिकारियों के नाम शामिल हैं। हालांकि सभी अधिकारियों के मामलों में एक साथ निर्णय होना संभव नहीं है। विभागीय जांच लंबित होने के कारण सपन लोवंशी के मामले पर फिलहाल निर्णय टल सकता है। वहीं कमल नागर का मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण उनके संबंध में भी अंतिम फैसला न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही लिया जाएगा। इसके अलावा वर्ष 1999 बैच के अधिकारियों में जयेंद्र विजयवत और मनोज मालवीय आयु सीमा के कारण फिटनेस मानकों से बाहर हो गए हैं, जिसके चलते उनके नाम इस डीपीसी में शामिल नहीं किए गए हैं।

### काफी समय से था पदोन्नति का इंतजार

राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को पिछले काफी समय से आईएएस पदोन्नति का इंतजार था। अब प्रस्ताव तैयार होने के बाद प्रक्रिया में तेजी आ गई है। यदि यूपीएससी समय पर डीपीसी आयोजित करता है तो इसी माह 13 अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नति मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा। इससे राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लंबे समय से लंबित प्रमोशन का एक महत्वपूर्ण चरण पूरा होने की उम्मीद है।

---

## पीपुल्स कैंपस में 'युवा संवाद' का आयोजन

# राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर मंथन, युवाओं ने रखी राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पीपुल्स कैंपस स्थित ऑडिटोरियम में 'युवा संवाद' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न धार्मिक परंपराओं और सामाजिक पृष्ठभूमि से जुड़े युवाओं के बीच राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और सकारात्मक संवाद को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीपुल्स ग्रुप के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा आरपी फाउंडेशन के संस्थापक रोहित पंडित ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होती है। उन्होंने कहा कि जब विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के युवा एक मंच पर संवाद करते हैं, तो परस्पर विश्वास, समरसता और राष्ट्रीय एकता को नई ऊर्जा मिलती है। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि 'युवा संवाद' जैसे आयोजन युवाओं में सकारात्मक सोच, सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख दीपक विस्पुते ने संघ के शताब्दी वर्ष की भावना, राष्ट्र जीवन में युवाओं की भूमिका, भारतीय संस्कृति की प्रासंगिकता और सामाजिक समरसता के महत्व पर विस्तार से विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग संघचालक सोमकांत उमालकर ने की।



---

## 2025 बैच के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों से बोले- जिज्ञासाओं का किया समाधान

# डीजीपी मकवाना ने 9 आईपीएस को बताई अपनी सफलता की कुंजी ईमानदारी और सत्यनिष्ठा ही युवा अधिकारियों की सबसे बड़ी पूंजी

'साहबगिरी' नहीं, जनसेवा का भाव रखें; साइबर अपराध और नशामुक्ति को बताया बड़ी चुनौती



प्रशिक्षु आईपीएस से चर्चा करते डीजीपी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डीजीपी कैलाश मकवाणा ने कहा कि ईमानदारी और सत्यनिष्ठा ही किसी युवा प्रशासनिक अधिकारी की सबसे बड़ी पूंजी है। सोमवार को पुलिस मुख्यालय में मध्यप्रदेश संवर्ग के 2025 बैच के आठ परिवीक्षाधीन भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों ने डीजीपी कैलाश मकवाणा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान डीजीपी ने अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया, उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया और प्रशासनिक सेवा के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। डीजीपी ने कहा कि प्रशासनिक सेवा केवल एक पद नहीं, बल्कि जनता की सेवा का दायित्व है। प्रशिक्षण अवधि सीखने का सबसे महत्वपूर्ण अवसर होती है, इसलिए अधिकारी अपने वरिष्ठों के साथ-साथ अधीनस्थ कर्मचारियों से भी सीखने में संकोच न करें। उन्होंने कहा कि बदलते समय में नए आपराधिक कानून, साइबर सुरक्षा, साइबर फ्रॉड, नारकोटिक्स और नशामुक्ति जैसे विषय प्रशासनिक अधिकारियों के लिए जरूरी हैं। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए सीखना और तकनीक का प्रभावी उपयोग आवश्यक है।

### 112 सेवा और नक्सलमुक्त प्रदेश का किया जिक्र

डीजीपी ने कहा कि डायल-100 को 112 आपातकालीन सेवा में बदलना आसान नहीं था। लगभग छह-सात महीने के लगातार प्रयास, टीमवर्क और समर्पण से इस व्यवस्था को सफलतापूर्वक लागू किया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी बड़े बदलाव के लिए धैर्य और निरंतर प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में मध्यप्रदेश नक्सल समस्या से मुक्त हुआ, जो सुरक्षा बलों, प्रशासन और जनता के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है।

### 'साहबगिरी' नहीं, जनसेवा का भाव रखें

डीजीपी ने अधिकारियों से कहा कि चयन के बाद कभी भी 'साहबगिरी' को अपने ऊपर हावी न होने दें। सकारात्मक सोच रखें, और अपने समकक्ष अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करें। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ऐसा कैडर है, जहां वरिष्ठ अधिकारियों से सीखने का अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। उन्होंने अधिकारियों से भ्रष्टाचार, भौतिकवादी सोच और व्यक्तिगत स्वार्थ से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि हर नागरिक की समस्या को अपनी समस्या समझकर उसका समाधान करने का प्रयास करें। इस अवसर पर आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी की कोर्स एसोसिएट डायरेक्टर प्रिया शर्मा सहित पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और 2025 बैच के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष....

### सीसीटीवी में 70 ...

आकलन नहीं हो सका। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भेजी गई रिपोर्ट के अनुसार, 27 अप्रैल से 5 जून 2026 के बीच के सीसीटीवी फुटेज में गिनती कक्ष के अंदर कर्मचारी नोटों की गड्डियां और खुले रुपए अपने कपड़ों, जेबों और जूतों में छिपाते हुए करीब 70 बार देखे गए। रिपोर्ट में इसे एक-दो घटनाओं के बजाय कई दिनों तक चलने वाली एक व्यवस्थित चोरी बताया गया है।

**नियमों में ढिलाई देकर कमजोर की गई सुरक्षा व्यवस्था**: एसआईटी ने इस सुरक्षा विफलता के लिए ट्रस्ट, बैंक और प्रशासनिक ढिलाई को जिम्मेदार ठहराया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 20 सितंबर 2024 को ट्रस्ट और बैंक के बीच हुए समझौते में सख्त सुरक्षा नियम तय थे। इसके विपरीत 6 फरवरी 2025 को एसओपी बदलकर अनिवार्य तलाशी को रैंडम तलाशी कर दिया गया, जिससे सुरक्षा व्यवस्था बेहद कमजोर हो गई।

### सुरक्षा मानकों का ...

बरामदगी हो चुकी है। एसआईटी ने स्पष्ट किया है कि यह प्रारंभिक जांच रिपोर्ट है, जांच अभी जारी है।

### चंपत राय-अनिल ...

की प्रगति की समीक्षा की जाएगी, नए न्यासियों की नियुक्ति पर विचार होगा और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। ट्रस्ट ने दो टूक शब्दों में कहा कि चोरी में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और एसआईटी निष्पक्ष जांच कर उन्हें कानून के तहत कठोर दंड दिलाएगी।

**अखिलेश बोले : ईडी-सीबीआई नहीं, एआईटी क्यों?**: समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि राम मंदिर के कथित दान चोरी मामले की जांच को ईडी या सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों के बजाए एसआईटी को इसलिए सौंपा गया, क्योंकि पार्टी के भीतर आंतरिक सत्ता संघर्ष चल रहा है। अगर इस मामले में ईडी, सीबीआई या इनकम टैक्स शामिल होते, तो जांच की कमान दिल्ली नेतृत्व के हाथ में होती। इसी डर से दिल्ली के कुछ भी कदम उठाने से पहले लखनऊ गुट ने एसआईटी गठित कर सब कुछ अपने नियंत्रण में ले लिया।

**दावा : दान में आईं 2800 प्रकार की वस्तुएं सुरक्षित**: जिम्मेदारी संभालते ही कृष्ण मोहन ने राम भक्तों को भरोसा दिलाया कि अविश्वास के भाव को समाप्त करने के लिए जो भी आवश्यक और कड़े कदम उठाने की जरूरत होगी, ट्रस्ट वह सारे कार्य पूरी निष्ठा के साथ करेगा। दर्शनार्थियों द्वारा किए जाने वाले दान को पूरी तरह सुरक्षित रखने के लिए एक पुख्ता, पारदर्शी और अभेद्य व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की किसी भी गड़बड़ी की गुंजाइश न रहे। ट्रस्ट ने साफ किया कि मंदिर में भेंट स्वरूप प्राप्त लगभग 2,800 प्रकार की सामग्रियों का पूरा रजिस्टर पूरी तरह सुरक्षित है। इस दौरान सोने की रामायण भी दिखाई गई।

### जानिए कौन हैं...

पांच वर्ष तक एटॉमिक एनर्जी विभाग में एक वैज्ञानिक के रूप में कार्य किया। बाद में उनका चयन आईएफएस में हुआ और उन्हें महाराष्ट्र कैडर मिला। वर्ष 2012 में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए। इसके बाद वे सामाजिक और जनसेवा के कार्यों से जुड़े रहे। वे संघ के पदाधिकारी भी रहे। पिछले साल कामेश्वर चौपाल के निधन के बाद सदस्य बनाया गया था, और अब उन्हें अंतरिम महासचिव बनाया गयाहै।

### सतगढ़ी में ...

25 एकड़ क्षेत्र में 10 हजार क्षमता वाला एक आधुनिक कन्वेंशन सेंटर भी बनेगा। यह प्रदेश का सबसे बड़ा कन्वेंशन सेंटर होगा। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर भोपाल को सतगढ़ी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क और कन्वेंशन सेंटर की बड़ी सौगात मिली है। यह पार्क देश के पहले उद्योग मंत्री डॉ. मुखर्जी के नाम से जाना जाएगा। सागर ग्रुप के सुधीर अग्रवाल सतगढ़ी में 100 करोड़ का निवेश करेंगे।

### प्रदेश में डंके....

मध्यप्रदेश में लागू होगा। इसके लिए कमेटी ने सभी धर्म-समुदाय के सुझाव लिए ताकि किसी के साथ भेदभाव न हो। अब मध्यप्रदेश एक समान कानून लागू करने वाला देश के बड़े राज्यों में शामिल प्रदेश बन जाएगा।

### 5 हजार से....

इस पार्क से सीधे तौर पर 5 हजार से अधिक बहनों को गारमेंट सेक्टर में काम मिलेगा।

### इलाज कराने जा....

पर ही मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सभी मृतक और घायल राजगढ़ जिले के कालीपीठ क्षेत्र के ग्राम भियापुरा के रहने वाले थे, जो अपने परिवार के एक मानसिक रूप से बीमार सदस्य का इलाज कराने आष्टा आ रहे थे। हादसा इतना भयानक था कि बोलेरो कार पूरी तरह पिचक गई। टक्कर लगते ही बोलेरो में सवार तीन लोग वाहन से उछलकर काफी दूर जा गिरे। हादसे के बाद ड्राइवर समेत अन्य लोग वाहन के मलबे में ही बुरी तरह फंस गए थे, जिन्हें बाद में पुलिस और ग्रामीणों ने गाड़ी की बॉडी को काटकर बाहर निकाला। हादसे की आवाज सुनते ही स्थानीय ग्रामीण मदद के लिए दौड़े। सूचना मिलते ही आष्टा थाना पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी और 108 एंबुलेंस की टीम मौके पर पहुंची। सभी घायलों को पहले आष्टा सिविल अस्पताल ले जाया गया। वहां से गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें सीहोर जिला अस्पताल और फिर भोपाल रेफर किया गया है।

### 1500 से अधिक ....

दोपहर 2 बजे से लगे इस भारी जाम के कारण शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई। प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात किया था। ट्रैफिक को वैकल्पिक रास्तों पर डाइवर्ट किया गया। सोमवार सुबह हजारों की संख्या में किसान अपनी ट्रॉलियों और ट्रैक्टरों के साथ कृषि उपज मंडी परिसर में जमा हुए। इसके बाद शहर के मुख्य मार्गों से एक विशाल रैली निकाली गई। सरकार विरोधी नारों के साथ निकला यह ट्रैक्टरों का काफिला करीब दो किलोमीटर से ज्यादा लंबा था, जिसने पूरे भैरूंदा शहर की रफ्तार थाम दी।

### 1.28 करोड़ का....

300 लीटर नशीला केमिकल, हाईटेक मशीनें और एक बोलेरो गाड़ी जब्त की है। कुल जब्त सामान की कीमत 1.28 करोड़ आंकी गई है। एसपी सुरेंद्र कुमार जैन ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बिझौली गांव में यज्ञभान साहू के मकान पर छापा मारा गया। मुख्य आरोपी चंदन सिंह (26) ने मार्च 2026 में यह मकान 3,000 महीने के किराए पर लिया था। उसने मकान मालिक से झूठ बोला था कि वह पाइपलाइन जोड़ने वाला केमिकल बनाएगा, लेकिन अंदर वह ड्रग्स तैयार कर रहा था। पुलिस ने मौके से रीवा जिले के रहने वाले चार आरोपियों चंदन सिंह, अशोक गुप्ता, पीकचंद्र यादव और ऋषभ सेन को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी चंदन सिंह पहले मुंबई के बदलापुर में एक क्लब में काम करता था, जहां उसने ड्रग्स बनाना सीखा। मुंबई पुलिस की रेड के बाद वह फरार होकर यहां आ गया था। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि यहां बनने वाली ड्रग्स की सप्लाई मुंबई, नागपुर और महाराष्ट्र के अन्य शहरों में होती थी। फिलहाल पुलिस पूरे नेटवर्क और केमिकल सप्लायर की तलाश में जुटी है।

### 100 फीट गहरी...

जम्मूसर कड़ैया गांव का रहने वाला है और यहां कबाड़ बीनने का काम करता है। बच्चों के पिता सनेश पारदी ने बताया कि घटना के समय बच्चे अपनी मां और बुआ के साथ खदान के पास नहाने गए थे। नहाते समय बच्चों की एक खेल खेलने वाली गेंद गहरे पानी में चली गई, जिसे निकालने के प्रयास में दोनों बच्चे आगे बढ़ गए। बच्चों को तैरना नहीं आता था और वे गहरे पानी में समाने लगे। यह देख पास ही मौजूद उनकी बुआ सायराबाई पारदी (35) ने बच्चों को बचाने के लिए पानी में छलांग लगा दी, लेकिन वे भी खुद को नहीं बचा सकीं। बच्चों की मां किसी तरह तैरकर बाहर निकलने में कामयाब रहीं।

### 87,700 रु. के ...

राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी रवि प्रताप सिंह चौहान की टीम ने रातीखेड़ा-रूसल्ला मार्ग स्थित प्रतीक्षालय के पास दबिश दी। वहां से मुख्य आरोपी कुलदीप बघेल (22, निवासी राजगढ़) को पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास से 500 रुपए के 85 और 100 रुपए के 432 जाली नोट बरामद हुए। पूछताछ में कुलदीप ने खुलासा किया कि ये नोट उसे खंडवा के कार्तिक पाटीदार ने दिए थे और इनकी मुख्य सप्लाई आगरा का हेमंत कोली करता था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कार्तिक और हेमंत को शिवपुरी से दबोच लिया। शुरुआती पूछताछ में जाली नोटों के निर्माण और अंतरराज्यीय सप्लाई चेन से जुड़े कई अहम सुराग मिले हैं।

### शरारत कर रहा ....

में 20 फीसदी अधिक बारिश हो गई है। इसके बावजूद कई जिलों में बारिश के आंकड़े बेहद चिंताजनक बने हुई हैं। बारिश में कमी से किसान के चेहरे पर अब चिंता की लकीरें साफ देखी जा रही हैं। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश में बारिश की स्थिति लगभग ऐसी ही रहेगी। जुलाई के दूसरे सप्ताह यानि कल के बाद बारिश में बढ़त होने की उम्मीद है।

### यहां स्थिति अभी ....

हुई है। यहां सूखे जैसे हालात बनती दिख रही है। इन जिलों में सामान्य से औसतन 40 फीसदी तक कम बारिश हुई है।

### आज यहां भारी ....

अलीराजपुर, रायसेन, राजगढ़, बैतूल, बड़वानी, धार, देवास, शाजापुर, गुना, अशोकनगर, दितया, भिंड, सिंगरौली, उमरिया, डिंडोरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, मंडला, बालाघाट में कुछ जगह तेज से भारी बारिश होगी।

भोपाल, विदिशा, सीहोर, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, आगर, मंदसौर, नीमच,शिवपुरी, ग्वालियर, मुरैना, श्योपुरकलां, मऊगंज, कटनी, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी में सामान्य बारिश की संभावना है।

### बैलगाड़ी पर ...

संतोष कुमार पटेल का तबादला भोपाल पुलिस कमिश्नरेट में एसपी के पद पर हुआ है। ये खबर सुनते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और उन्हें परिवार के सदस्य की तरह विदा किया। ग्रामीणों ने अपनी पारंपरिक संस्कृति के अनुसार उन्हें पीला गमछा पहनाया, पौधा भेंट किया और सम्मानपूर्वक बैलगाड़ी पर बैठाकर विदाई यात्रा निकाली। तेज बारिश के बावजूद बुजुर्ग महिलाओं की आंखें नम थीं, वहीं युवाओं और बच्चों ने बैंड-बाजे पर नाचते हुए उन्हें विदा किया। कुछ दिनों पहले उनकी पत्नी रोशनी पटेल ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट लिखी थी। परिवार को आ रही समस्याओं, बीमार सास की देखभाल का जिक्र किया था, जिसके बाद उनका तबादला भोपाल कर दिया।

---

**कार्यालय, रजिस्ट्रार**
**मध्यप्रदेश सह-चिकित्सीय परिषद**
तृतीय तल, प्लेटिनम प्लाजा, माता मंदिर रोड, भोपाल-462003
Email : registrarmpparamedicalcouncil@gmail.com

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग अंतर्गत म.प्र. सह-चिकित्सीय परिषद कार्यालय बाबत स्टेशनरी क्रय के संबंध में जेम पोर्टल के माध्यम से एक वर्ष की अवधि हेतु खुली ई-निविदा क्र. GEM/2026/B/7672573 दिनांक 30.06.2026 जारी की गयी है। इच्छुक निविदाकार द्वारा निविदा को ऑनलाइन जेम पोर्टल के माध्यम से जमा करने की **अंतिम तिथि 15.07.2026 अपराह्न 04.00 बजे तक** है।

म.प्र. माध्यम/126733/2026 — रजिस्ट्रार

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
यांत्रिक विभाग, जोन क्र. 17

क्र.353/यां.वि./जोन 17/2026-27 — निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र — भोपाल, दिनांक: 06.07.2026

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु परसेन्टेज मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_476536_5 | PROVIDING AND FIXING OF MS BENCHES IN DIFFERENT PLACES AND GVP POINTS IN WARD 77 ZONE 1 ZONE 17 | 114000/- | 2280/- | 1,000/- | Non-sor | 01 month |
| 2. | 2025_UAD_468294_4 | CONSTRUCTION OF DEVELOPMENT CHHOLA DUSHERA MAIDAN AND CORRIDOR WARD 76 ZONE 17 | 2118642/- | 15890 /- | 5,000/- | MPUADD ISSR 2021 | 03 month |
| 3. | 2026_UAD_507900_2 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AND RCC DRAIN AT WARD 75 ZONE 17 | 795811/- | 7958/- | 2000/- | MPUADD ISSR 2021&2025 | 3 month |
| 4. | 2026_UAD_507876_2 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AND RCC DRAIN AT WARD 76 ZONE 17 | 804459/- | 8045 /- | 2000/- | MPUADD ISSR 2021&2025 | 3 month |
| 5. | 2026_UAD_507981_2 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AND RCC DRAIN AT WARD 77 ZONE 17 | 812767/- | 8128 /- | 2000/- | MPUADD ISSR 2021&2025 | 3 month |
| 6. | 2026_UAD_507917_2 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AND RCC DRAIN AT WARD 78 ZONE 17 | 795817/- | 7958 /- | 2000/- | MPUADD ISSR 2021&2025 | 3 month |
| 7. | 2026_UAD_507930_2 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AND RCC DRAIN AT WARD 79 ZONE 17 | 779150/- | 7792 /- | 2000/- | MPUADD ISSR 2021&2025 | 3 month |
| 8. | 2026_UAD_507992_2 | ASPHALTING WORK AT WARD 75,76,77,78,79 PLACES OF NARELA VIDHANSABHA | 2118360/- | 15888 /- | 5000/- | MPUADD ISSR 2021&2025 | 3 month |
| 9. | 2026_UAD_507998_2 | CONSTRUCTION OF CULTURAL STAGE AT WARD 39,40,41,75,76,77,78,79 OF NARELA VIDHANSABHA | 635441/- | 6354 /- | 2000/- | MPUADD ISSR 2021&2025 | 3 month |

1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

नि.क्र. 401/026/027 — सहायक यंत्री ( सिविल) नगर पालिक निगम, भोपाल

---

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र.-2, जबलपुर**
AN ISO 9001:2015 CERTIFIED OFFICE
इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन-482001 — फोन एवं फैक्स नं. 0761-2622333, ई-मेल : eepwd2jbp@nic.in

निविदा सूचना क्रमांक-16/व.ले.लि./2026-27 — जबलपुर, दिनांक 02/07/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| स. क्रं. | टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि रू. (लाख में) | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र राशि रू. | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_PWDRB_518458_pack1 | संभाग क्र. 2, जबलपुर के अंतर्गत विभिन्न प्रोजेक्ट के भूमि अधिग्रहण, ई.पी.सी. मोड टेण्डर डाक्यूमेंट इत्यादि एवं डी.पी.आर. तैयार करने का कार्य। | प्रथम | 5.00 | 10000/- | 2000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 02 | 2026_PWDRB_518459_pack1 | संभाग क्र. 2 जबलपुर के अंतर्गत विभिन्न शासकीय आवासीय क्वार्टर्स में रेट्रो फिटिंग एवं रिपेयर का कार्य। | प्रथम | 19.95 | 40000/- | 2000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 03 | 2026_PWDRB_518460_pack1 | संभाग क्र. 2 जबलपुर के अंतर्गत शासकीय आवासीय क्वार्टर्स में स्लैब मरम्मत, फ्लोरिंग, दीवार इत्यादि का कार्य। | प्रथम | 19.95 | 40000/- | 2000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 04 | 2026_PWDRB_518462_pack1 | उपसंभाग क्र. 1 जबलपुर के अंतर्गत हाई राईस शासकीय आवासीय क्वार्टर्स में छज्जा, सीवर लाईन इत्यादि एवं विभिन्न मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.95 | 40000/- | 2000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 05 | 2026_PWDRB_518463_pack1 | उपसंभाग क्र. 1 जबलपुर के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों में विभिन्न विविध कार्य। | प्रथम | 19.95 | 40000/- | 2000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 06 | 2026_PWDRB_518464_pack1 | सिविल लाईन स्थित न्यायाधीश बंगलों में विट्रीफाईड टाईल्स फ्लोरिंग एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.99 | 40000/- | 2000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 07 | 2026_PWDRB_518465_pack1 | सिविल लाईन स्थित न्यायाधीश बंगलों में सीलिंग एवं छत का कार्य एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.99 | 40000/- | 2000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 08 | 2026_PWDRB_518466_pack1 | पश्चिम विधान सभा विधायक निधि के अंतर्गत यज्ञ शाला मंदिर, नर्मदा तट, मुकुट तिराहा तिलवारा घाट, रमनगरा के पास शेड निर्माण का कार्य। | प्रथम | 21.10 | 422000/- | 5000/- | 02 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 09 | 2026_PWDRB_518471_pack1 | रानी दुर्गावती वार्ड जबलपुर के अंतर्गत छोटी बजरिया, पचमठा एवं मुजावर मोहल्ला के सी. सी. मार्ग में सुदृढ़ीकरण का कार्य। (छटवां आमंत्रण) | सप्तम | 250.90 | 250900/- | 15000/- | 05 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 10 | 2026_PWDRB_518472_pack1 | धनवंतरी नगर परसवाड़ा एवं गुजराती कालोनी के बीच मार्ग का मजबूतीकरण का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | तृतीय | 238.96 | 239000/- | 15000/- | 04 माह (वर्षा ऋतु सहित) |

टीपः-निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 17.07.2026 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-15339/26 — स्वच्छता ही सेवा — कार्यपालन यंत्री, लोकनिर्माणविभाग (भ/स) संभाग क्र. 2, जबलपुर

---

**माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय**
माखनपुरम परिसर, म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी के पास
बिसनखेड़ी, भोपाल-462044 (म.प्र.), फोन नंबर : 0755-2552574

**विश्वविद्यालय के आवासीय छात्र एवं छात्राओं (बालक एवं कन्या छात्रावास) मेस संचालन (भोजन व्यवस्था) हेतु निविदा**

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल बिसनखेड़ी परिसर में आवासीय छात्र एवं छात्राओं (बालक एवं कन्या छात्रावास) मेस संचालन (भोजन व्यवस्था) हेतु एक वर्ष के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, शर्तें एवं विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mcu.ac.in से डाउनलोड की जा सकती हैं या विश्वविद्यालय के बिशनखेड़ी परिसर स्थित भण्डार शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 5900/- (रुपये पांच हजार नौ सौ मात्र) 18 प्रतिशत जीएसटी सहित तथा सुरक्षा निधि राशि रु. 50,000/- (रुपये पचास हजार) मात्र हैं। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दी जाएगी। निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि 23.07.2026 अपरान्ह 3.00 बजे एवं निविदा खोलने की तिथि 23.07.2026 अपरान्ह 3.30 बजे** निर्धारित है।

म.प्र. माध्यम/126745/2026 — कुलसचिव

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-01-06-2026,to 23-07-26

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
UG COURSE
B.A., BCA, BBA
BPES, BSC,
B.Com (Economics/ Computer)


PG COURSE
M.A: HINDI, ENGLISH, MATHS, ECONOMICS
POLITICAL SCIENCE, SOCIOLOGY & SOCIAL WORK
M.Com: ACCOUNTS & MANAGEMENT
B.Lib: (Librarian Science)
B.Ed.: BACHELOR OF EDUCATION (ONLINE COUNSELLING)
DIPLOMA COURSE
PG DCA: DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION
D.EL.ED: DIPLOMA IN ELEMENTARY EDUCATION
Mob. 9827208070, 9425346230, 9893194695, 9981291288
पताः डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल | www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

---

## शब्द पहेली - 6279



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

**शब्द पहेली- 6278 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | ■ | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | ■ | वे | ■ | कृ | पा | ण | ■ | र | म |
| वै | ■ | अ | दा | व | त | ■ | य | हां | ■ | जो |
| धा | रा | दा | र | ■ | ■ | अ | ■ | का | त | र |
| नि | ■ | व | ■ | प्र | क्षा | ल | न | ■ | म | ■ |
| क | म | त | र | ता | ■ | सा | ग | र | गा | मी |
| ■ | लि | ■ | स | र | मा | या | ■ | द | ■ | न |
| बे | का | बू | ■ | णा | ■ | ■ | व | न | वा | सी |
| क | ■ | आ | स | ■ | अ | द | र | क | ■ | लै |
| द | म | ■ | ब | हा | र | ■ | दा | ■ | ता | व |
| र | सा | त | ल | ■ | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकु नवताल - 6289

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6288 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# पतंजलि सिविल सर्विसेज अकादमी में 16 राज्यों के अभ्यर्थियों ने किया आवेदन, पतंजलि के 50 सन्यासी भी इंटरव्यू में सम्मिलित होंगे

**14 तक आवेदन, 15 से 17 को आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला और 18 जुलाई को होगा इंटरव्यू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि सिविल सर्विस अकादमी को लेकर देश भर में उत्साह है। अभी तक देश भर से 1000 से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण करा लिया है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, हरियाणा समेत देश के 16 राज्यों के अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। प्रतिदिन पंजीकरण की संख्या में वृद्धि हो रही है। बीए द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थी भी आवेदन के पात्र होंगे।

अकादमी में यूपीएससी के साथ-साथ पीसीएस परीक्षाओं की भी उच्च स्तरीय तैयारी कराई जाएगी। इस पंजीकरण की विशेषता यह है कि पहली बार पतंजलि योगपीठ के लगभग 50 सन्यासी भी इस प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेंगे तथा 18 जुलाई को आयोजित इंटरव्यू में सम्मिलित होंगे। योग गुरू स्वामी रामदेव ने एक और बड़ी अहम घोषणा की है कि जिन्होंने अपनी मेहनत एवं प्रतिभा के बल पर यूपीएससी अथवा पीसीएस की प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण की हो, किन्तु कम-से-कम दो प्रयासों के बाद भी इंटरव्यू में सफलता प्राप्त न कर सके हों तथा पुनः तैयारी करना चाहते हैं, वे भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान सभी के लिए भोजन, आवास सब कुछ निःशुल्क

21 जुलाई से नियमित कक्षाएं, देश के प्रतिष्ठित एवं अनुभवी मेंटर्स देंगे मार्गदर्शन

## स्वामी रामदेव और आयुर्वेदाचार्य बालकृष्ण के संकल्पों की अकादमी



योग गुरू स्वामी रामदेव अकादमी के बारे में जानकारी देते हुए

योगगुरु स्वामी रामदेव एवं आयुर्वेदाचार्य आचार्य बालकृष्ण के शुभ संकल्पों एवं प्रेरणा से पतंजलि सिविल सर्विसेज अकादमी की स्थापना की गई है। इस अकादमी का उद्देश्य केवल आईएएस, आईपीएस अथवा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का निर्माण करना नहीं, बल्कि राष्ट्रनिष्ठ,चरित्रवान, ईमानदार, सेवाभावी एवं भारतीय संस्कृति के आदर्शों से प्रेरित ऐसे प्रशासकों का निर्माण करना है, जो योग, अध्यात्म, नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समाज एवं राष्ट्र की निःस्वार्थ सेवा कर सकें। इसी उद्देश्य को साकार करने के लिए वर्ष 2026–28 बैच का प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है।

### संपूर्ण व्यय पतंजलि खुद वहन करेगी

साक्षात्कार में योग्य अभ्यर्थियों की आवास से लेकर संपूर्ण प्रशिक्षण तक का व्यय पतंजलि खुद वहन करेगी। साथ ही 15 जुलाई से 18 जुलाई तक प्रशिक्षण कार्यशाला एवं इंटरव्यू में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों के लिए आवास, भोजन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्णतः निःशुल्क रहेंगी। इस अवधि का सम्पूर्ण व्यय पतंजलि योगपीठ की ओर से वहन किया जाएगा। पतंजलि सिविल सर्विसेज अकादमी के अध्यक्ष के रूप में अवध ओझा मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। अकादमी के संरक्षक भारतीय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष एनपी सिंह (सेवानिवृत आईएएस ) हैं तथा सचिव के रूप में पतंजलि विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. (डॉ.) मयंक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं।

### देशभर के अभ्यर्थियों का ऑनलाइन और ऑफ लाइन पंजीकरण जारी

देशभर के अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पंजीकरण जारी हैं। विद्यार्थी www.patanjalicivilservicea-cademy.com पर जाकर सीधे ऑनलाइन आवेदन एवं पंजीकरण कर सकते हैं। आवेदन पत्र भरने एवं मात्र 1000 पंजीकरण शुल्क जमा करने के उपरांत अभ्यर्थियों का एडमिट कार्ड जारी कर दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी सीधे पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार पहुंचकर भी पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 14 जुलाई 2026, सायं 5 बजे निर्धारित की गई है। सभी पंजीकृत अभ्यर्थियों को 14 जुलाई 2026 को सायं 5 बजे तक पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार पहुंचना अनिवार्य होगा।

### विद्यार्थियों को वास्तविक अनुभव मिले इसलिए मागदर्शक मंडल का गठन

विद्यार्थियों को प्रशासनिक सेवाओं के वास्तविक अनुभवों का लाभ मिल सके, इसके लिए अकादमी में एक विशेष 'मार्गदर्शक मंडल' का गठन किया गया है। सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस अधिकारी, कुलपति एवं वरिष्ठ शिक्षाविद् शामिल हैं। मार्गदर्शक मंडल में योगेन्द्र नारायण, आईएएस (सेवानिवृत्त) पूर्व महासचिव, राज्यसभा एवं पूर्व रक्षा सचिव, भारत सरकार, बलविंदर कुमार,आईएएस (सेवानिवृत्त) पूर्व सचिव, भारत सरकार, आनंद कुमार आईपीएस (सेवानिवृत्त) पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजी रैंक) तथा प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी कुलपति केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली सहित अनेक प्रतिष्ठित प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद् एवं विषय विशेषज्ञ सम्मिलित हैं।

### इंटरव्यू में चयनितों की 21 जुलाई से प्रारंभ होंगी नियमित कक्षाएं

इंटरव्यू में चयनित विद्यार्थियों की नियमित कक्षाएँ 21 जुलाई 2026 से प्रारम्भ होंगी। यह दो वर्षीय पूर्णतः आवासीय फाउंडेशन कोर्स होगा। प्रथम 6 माह बेसिक फाउंडेशन, अगले 1 वर्ष एडवांस अध्ययन तथा अंतिम 6 माह रिवीजन एवं टेस्ट सीरीज़ के माध्यम से विद्यार्थियों को वर्ष 2028 की यूपीएससी एवं राज्य लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षाओं के लिए सुदृढ़ आधार प्रदान किया जाएगा।

---

**प्लास्टो में यूवी स्टेबलाइज्ड प्रोटेक्शन भी**

## प्लास्टो ने लांच किया एडवांस सेल्फ क्लीनिंग वाटर टैंक, अब सफाई की चिंता होगी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नागपुर




आरसी प्लास्टो टैंक्स एंड पाइप्स प्राइवेट लिमिटेड ने अपने ग्राहकों के लिए अत्याधुनिक प्लास्टो एडवांस सेल्फ क्लीनिंग वॉटर टैंक लांच किया है। कंपनी का दावा है कि यह नया टैंक आधुनिक सेल्फ क्लीनिंग तकनीक से लैस है, जिससे टैंक में जमा होने वाली गंदगी को बाहर निकालने में मदद मिलती है और पानी लंबे समय तक स्वच्छ एवं सुरक्षित बना रहता है।

कंपनी के अनुसार, अधिकांश घरों में वॉटर टैंक की नियमित सफाई समय की कमी, ऊंचाई पर लगे टैंक तक पहुंचने में कठिनाई और रखरखाव की समस्याओं के कारण नहीं हो पाती। इसके चलते टैंक में मिट्टी, धूल, कचरा और अन्य अशुद्धियां जमा हो जाती हैं, जिससे पानी की गुणवत्ता प्रभावित होने के साथ स्वास्थ्य संबंधी जोखिम भी बढ़ सकते हैं। इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए विकसित किए गए प्लास्टो एडवांस सेल्फ क्लीनिंग वॉटर टैंक में ऐसी तकनीक का उपयोग किया गया है, जो पानी के तेज प्रवाह के माध्यम से टैंक के तल पर जमा गंदगी और अशुद्धियों को बाहर निकालने में सहायक होती है। कंपनी ने बताया कि यह टैंक मल्टी-लेयर टेक्नोलॉजी से तैयार किया गया है, जिससे इसकी मजबूती और टिकाऊपन बढ़ता है।

इसके अलावा इसमें यूवी स्टेबलाइज्ड प्रोटेक्शन भी दिया गया है, जो सूर्य की हानिकारक किरणों से टैंक की सुरक्षा करता है और उसकी गुणवत्ता को लंबे समय तक बनाए रखने में मदद करता है। ग्राहकों के विश्वास को ध्यान में रखते हुए कंपनी इस उत्पाद पर 10 वर्ष की वारंटी भी उपलब्ध करा रही है।

---

**एफएमपीसीसीआई की नगरीय विकास आयुक्त के साथ बैठक**

## फायर एनओसी प्रक्रिया होगी सरल अधिकतम 4 स्टेप्स में मिलेगा अप्रूवल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

आयुक्त ने कहा कि समाधान की दिशा में कार्य किया जाएगा

नीति को संतुलित और न्यायसंगत बनाने हो रहा विचार

फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री (एफएमपीसीसीआई ) के नवनिर्वाचित प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष हिमांशु खरे के नेतृत्व में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त संकेत एस. भोंडवे से मुलाकात की। इस बैठक में उद्योगों से जुड़े फायर एनओसी और संपत्ति कर से संबंधित नीतिगत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रतिनिधि मंडल ने उद्योगों को फायर एनओसी से छूट देने तथा प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग रखी। इस पर आयुक्त ने आश्वासन दिया कि आगामी फायर एक्ट के लागू होने के बाद नियम निर्धारण के लिए फेडरेशन के प्रतिनिधियों को विस्तृत चर्चा के लिए आमंत्रित किया जाएगा। आयुक्त ने संकेत दिया कि प्रस्तावित व्यवस्था के तहत नगर निगम सीमा के भीतर आने वाले उद्योगों को फायर एक्ट के दायरे से बाहर रखने पर भी विचार किया जा रहा है।

### संपत्ति कर नीति के युक्तिकरण पर चर्चा



नीतिगत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा

बैठक में संपत्ति कर नीति पर भी विस्तार से चर्चा हुई। आयुक्त ने कहा कि विभाग यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है कि उद्योगों पर दोहरे करारोपण की स्थिति न बने। कई औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योग पहले से ही लीज रेंट, मेंटेनेंस शुल्क और विकास शुल्क का भुगतान कर रहे हैं, जबकि स्थानीय औद्योगिक संघ सड़क, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा जैसी आधारभूत सुविधाओं का स्वयं संचालन कर रहे हैं।

### प्रतिनिधि मंडल की उपस्थिति

फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष हिमांशु खरे, संयुक्त अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार पोरवाल, डॉ. आरएस गोस्वामी, अशोक आनंद, प्रवीण आचार्य, डॉ. सुरेन्द्र सिंह और राजेश हिरवे शामिल रहे। फेडरेशन ने इस पहल को उद्योग हित में सकारात्मक कदम बताते हुए प्रशासन से शीघ्र ठोस नीति परिवर्तन की अपेक्षा जताई है।

---

**पदाधिकारियों ने ट्रिब्यूनल के उपाध्यक्ष से की मुलाकात**

## जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल बार एसोसिएशन मध्यप्रदेश का गठन



सौजन्य भेंट

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल में सुनवाई प्रारंभ होने के साथ ही ट्रिब्यूनल के समक्ष प्रैक्टिस करने वाले कर पेशेवरों द्वारा जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल बार एसोसिएशन, मध्यप्रदेश का गठन किया गया है। यह एक पंजीकृत संस्था है, जिसमें प्रदेशभर के चार्टर्ड अकाउंटेंट, एडवोकेट, कॉस्ट अकाउंटेंट एवं अन्य कर सलाहकार सदस्य के रूप में जुड़े हैं।

संस्था का मुख्य उद्देश्य ट्रिब्यूनल के सदस्यों एवं बार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना, अपील दाखिल करने में सदस्यों का सहयोग करना तथा अपील प्रक्रिया के दौरान आने वाली व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक पहल करना है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों में अध्यक्ष एडवोकेट राजेश्वर दयाल (भोपाल), उपाध्यक्ष पुष्पेश पालीवाल (नर्मदापुरम), मौसम राठी (इंदौर), पंकज जैन (ग्वालियर) एवं नीरज अग्रवाल (जबलपुर), सचिव नवनीत गर्ग (भोपाल), कोषाध्यक्ष राहुल बैदमूथा (छिंदवाड़ा), सह सचिव संकेत मंगल (भोपाल) तथा कार्यकारी सदस्य अंचल मूणत (रतलाम) एवं योगेश चौरसिया (भोपाल) शामिल हैं।

इसी क्रम में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भोपाल में जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल के उपाध्यक्ष रुपेश चंद्र वार्ष्णेय एवं न्यायिक सदस्य उपेंद्र कुमार सिंह से सौजन्य भेंट की।

### शीघ्र समाधान का आग्रह

इस अवसर पर संस्था के सचिव नवनीत गर्ग ने बताया कि एसोसिएशन में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल में प्रैक्टिस करने वाले कर सलाहकार, चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं अधिवक्ता सदस्य हैं। उन्होंने लंबे समय से लंबित द्वितीय अपीलों की सुनवाई प्रारंभ होने पर ट्रिब्यूनल के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट राजेश्वर दयाल ने द्वितीय अपील दाखिल करने की प्रक्रिया में कर पेशेवरों के समक्ष आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों की ओर भी ट्रिब्यूनल के सदस्यों का ध्यान आकर्षित किया तथा उनके शीघ्र समाधान का आग्रह किया।

---


## ईवा महिला अस्पताल में 'डीए विंची XI' सर्जिकल सिस्टम स्थापित

**अहमदाबाद**। अहमदाबाद स्थित ईवा महिला अस्पताल ने स्त्रीरोग और स्त्री कैंसर उपचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अत्याधुनिक रोबोटिक-असिस्टेड सर्जिकल सिस्टम 'डीए विंची XI' स्थापित किया है। इस तकनीक के आने से महिलाओं को अधिक सुरक्षित, सटीक और मिनिमली इनवेसिव सर्जरी की सुविधा उपलब्ध होगी। इस तकनीक का नेतृत्व सर्जन डॉ. दीपक लिम्बचिया करेंगे, जो लैप्रोस्कोपी और रोबोटिक सर्जरी के विशेषज्ञ माने जाते हैं। उन्होंने कहा कि रोबोटिक और मिनिमली इनवेसिव तकनीक से सर्जरी के दौरान रक्तस्त्राव कम होता है, दर्द और जटिलताएं घटती हैं तथा मरीजों की रिकवरी तेजी से होती है। अस्पताल के अनुसार 'डीए विंची XI' सिस्टम की स्थापना उनके क्लीनिकल उत्कृष्टता के लक्ष्य में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

---

**उत्पादन, भंडारण और सीमेंट-फ्लाई ऐश की पर्याप्त व्यवस्था**

## भारत के पहली परमाणु ऊर्जा मिशन को मिली मजबूती काइगा में एमईआईएल ने पूरा किया रिकॉर्ड कंक्रीट पोर



मेघा इंजीनियरिंग की परमाणु परियोजना

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड (एमईआईएल ) ने अपनी पहली परमाणु परियोजना में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने कर्नाटक के काइगा परमाणु बिजली परियोजना की यूनिट-5 और 6 में एक ही चरण में करीब 7,250 घन मीटर कंक्रीट डालकर न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के प्रेसराइज्ड हेवी वाटर रिएक्टर कार्यक्रम के इतिहास की सबसे बड़ी मोनोलिथिक कंक्रीट पोरिंग में से एक को सफलतापूर्वक पूरा किया है। इस चुनौतीपूर्ण कार्य के लिए कंपनी ने पहले से व्यापक तैयारी की थी। हर घंटे 360 घन मीटर कंक्रीट तैयार करने की क्षमता विकसित की गई, जबकि कंक्रीट का तापमान 19 डिग्री सेल्सियस पर नियंत्रित रखा गया।

### 75 मीटर व्यास का विशेष रेन-प्रोटेक्शन सिस्टम तैयार

काइगा परियोजना का दूरस्थ स्थान और लगातार बारिश निर्माण कार्य के सामने बड़ी चुनौती थी। इसके बावजूद एमईआईएल ने 75 मीटर व्यास का विशेष रेन-प्रोटेक्शन सिस्टम तैयार कर बिना किसी रुकावट के कंक्रीट पोरिंग पूरी की। पूरी प्रक्रिया के दौरान गुणवत्ता और सुरक्षा के परमाणु क्षेत्र से जुड़े सभी मानकों का सख्ती से पालन किया गया। यह उपलब्धि काइगा परियोजना के निर्माण में अहम मील का पत्थर है। इससे भारत के स्वदेशी परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम को मजबूती मिलेगी ।

---

## जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने एआई-फर्स्ट पेंट विजुअलाइजर लांच किया

एजेंसी ▶▶ मुंबई


पर्यावरण-अनुकूल पेंट कंपनी जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने उपभोक्ताओं को घर और अन्य स्थानों के लिए सही रंग चुनने में मदद करने के उद्देश्य से एक नया एआई-संचालित पेंट विजुअलाइजर लॉन्च किया है।

कंपनी का कहना है कि यह अगली पीढ़ी का डिजिटल समाधान रंग चयन की पारंपरिक प्रक्रिया को पूरी तरह बदल देगा। यह नया प्लेटफॉर्म एआई-फर्स्ट तकनीक पर आधारित है, जो उपभोक्ताओं को किसी भी स्थान पर चुने गए रंग का वास्तविक अनुभव पहले ही डिजिटल रूप में देखने की सुविधा देता है। इससे रंग चुनते समय होने वाली अनिश्चितता और अनुमान लगाने की आवश्यकता काफी हद तक समाप्त हो जाती है।

---

## ओप्पो ने रेनो 16 सीरीज पेश की

**नई दिल्ली**। ओप्पो इंडिया ने रेनो 16 सीरीज लांच की। इस सीरीज में भारत के पहले होलोवर्स 3डी डिजाईन, 50 मेगापिक्सल के मेन और 3.5एक्स टेलीफोटो लेंस वाले एआई पोर्ट्रेट कैमरा, नैचुरल टोन इमेजिंग और ऑल-फोकल-लेंथ 4के 60एफपीएस एचडीआर वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ दो स्मार्टफोन रेनो 16 और रेनो 16सी पेश किए गए हैं। यगोल्डी पटनायक, हेड, पीआर एंड कम्युनिकेशंस, ओप्पो इंडिया ने कहा कि स्मार्टफोन युवाओं के लिए बनाए गए हैं।



---

क्रमांक : 286/ज.प्र./न.पा.नि./2026 — मध्यप्रदेश शासन, नगर पालिक निगम, ग्वालियर — ग्वालियर, दिनांक : 02/07/2026

जनसंपर्क RO क्रमांक 479 — **Notice Inviting Tender** — दिनांक : 06/07/2026

On line tender are invited on behalf of Gwalior Municipal Corporation.

| S. n. | Name Of Work | Probable Amount of Contract | Tender ID no. | Cost of Bid Document & EMD | Last date of purchase online tender dated |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रमांक 21 बैंक कॉलोनी त्रिमूर्ति नगर आदि क्षेत्रों में सीवर लाइन बिछाये जाने का कार्य। | 2,04,28,839.00 | 2026_UAD_511528_2 | 15,000/- 1,02,144/- | 15-07-2026 |
| 2 | वार्ड क्रमांक 28 में विभिन्न स्थानों में सीवर लाइन बिछाये जाने का कार्य। | 1,01,83,622.00 | 2026_UAD_512327_2 | 12,500/- 50,918/- | 15-07-2026 |

Further details can be seen at http://mptenders.gov.in

Executive Engineer, Watar Supply East Vidhansabha Gwalior Municipal Corporation, Gwalior

---

**आईसीएफएआई के 16वां स्थापना दिवस : भविष्य पर रखे विचार**

## एआई डॉक्टरों की जगह नहीं लेगा, एआई का उपयोग करने वाले डॉक्टर भविष्य का नेतृत्व करेंगे: डॉ. डी.नागेश्वर रेड्डी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदराबाद

कृत्रिम बुद्धिमत्ता आने वाले वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, किफायती और प्रभावी बनाने के साथ चिकित्सा अनुसंधान एवं रोगी देखभाल में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। यह विचार एआईजी हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. डी. नागेश्वर रेड्डी ने आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन (आईएफएचई ) के 16वें स्थापना दिवस व्याख्यान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड द फ्यूचर ऑफ हेल्थकेयर विषय पर बोलते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विज्ञान हमेशा मानवीय संवेदनशीलता और प्राकृतिक बुद्धिमत्ता का समन्वय रहा है। इसलिए एआई को डॉक्टरों का विकल्प नहीं, बल्कि उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने वाले सहयोगी के रूप में देखा जाना चाहिए। आधुनिक चिकित्सा में निदान, उपचार, चिकित्सा शिक्षा और रोगी देखभाल के लिए मल्टीमॉडल एआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है।

*चिकित्सा विज्ञान में हमेशा मानवीय संवेदनशीलता और प्राकृतिक बुद्धिमत्ता का समन्वय रहा है : रेड्डी*



स्थापना दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन

### अनुसंधान के लिए परिवर्तनकारी साबित

डॉ. रेड्डी ने कहा कि एआई दवा खोज, रेडियोलॉजी, टेलीमेडिसिन, प्रिसिजन मेडिसिन, जीनोमिक्स, कैंसर की प्रारंभिक पहचान, त्वचा रोगों के निदान तथा दूरस्थ रोगी निगरानी जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण बदलाव ला रहा है। उन्होंने बताया कि एआई ने नई दवाओं के विकास की प्रक्रिया को दशकों से घटाकर लगभग दो वर्षों तक सीमित कर दिया है और आने वाला दशक फार्मास्युटिकल अनुसंधान के लिए परिवर्तनकारी साबित होगा।

### राष्ट्र निर्माण में योगदान

डॉ. रेड्डी ने बताया कि एआई की मदद से अस्पताल में प्री-एनेस्थीसिया मूल्यांकन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। इसके परिणामस्वरूप मरीजों की थकान कम हुई और सर्जरी छोड़ने की दर लगभग 20 प्रतिशत से घटकर मात्र 1 प्रतिशत रह गई। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन होने वाली लगभग 700 एंडोस्कोपी प्रक्रियाओं के प्रबंधन में भी एआई महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईसीएफएआई के कुलाधिपति डॉ. सी. रंगराजन ने की। उन्होंने आईसीएफएआई समूह के संस्थापक एन. जे. यशस्वी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यवाहक कुलपति डॉ. टी. कोटी रेड्डी ने स्वागत भाषण दिया।

---

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग गुना (म.प्र.) पिन 473001
: ceresguna@mp.gov.in

क्रमांक/ 1326/ग्रा.याँ.से./ई-निविदा/2026-27 — गुना, दिनांक 02/07/2026

// विस्तृत ई-निविदा आमन्त्रण सूचना क्रमांक- 01/EERESGUNA/2026-27 //

निम्नलिखित कार्यों हेतु म.प्र. सरकार के केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत अथवा अन्य समकक्ष/समतुल्य श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं-

| क्र. | टेण्डर आईडी क्रं. | कार्य का नाम/स्थान | जिले का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू. में) | अमानत राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | समयावधि (वषार्काल सहित) | निविदा आमंत्रण का क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) |
| 1 | 2026_RES_518907 | श्री राम जानकी मंदिर ग्राम पाटई, ग्राम पंचायत ऊमरी का मरम्मत/ उन्नयन कार्य तहसील गुना पिनकोड- 473113 | गुना | 1643827 | 32877 | 2000 | 06 माह | प्रथम |

| Critical Dates | | | |
|---|---|---|---|
| Publish Date | 07.07.2026 10:00 AM | Document Download / Sale End Date | 21.07.2026 06:00 PM |
| Document Download / Sale Start Date | 07.07.2026 10:00 AM | Bid Submission End Date | 21.07.2026 06:00 PM |
| Bid Submission Start Date | 07.07.2026 10:00 AM | Bid Opening Date | 21.07.2026 06:00 PM |

(जितेन्द्र मंडलोई)
कायार्पालन यंत्री ग्रामीण
यांत्रिकी सेवा संभाग - गुना (म.प्र.)

जी - 15331/26

स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# इंडोनेशिया यात्रा चीन को उसी की भाषा में जवाब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया यात्रा केवल एक द्विपक्षीय दौरा नहीं, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र की बदलती सामरिक राजनीति का अहम संकेत है। यदि इंडोनेशिया के साथ लगभग 2,500 करोड़ रुपये की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल डील पर अंतिम मुहर लगती है, तो यह स्पष्ट संदेश होगा कि भारत अब केवल अपनी सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने मित्र देशों की रक्षा क्षमता बढ़ाकर क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को भी प्रभावित करने की रणनीति पर आगे बढ़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में चीन ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार और हिंद महासागर क्षेत्र के कई देशों में अपने आर्थिक, सामरिक और सैन्य प्रभाव का लगातार विस्तार किया है। पाकिस्तान को अत्याधुनिक हथियार, नौसैनिक सहयोग और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। इसी प्रकार दक्षिण एशिया और हिंद-प्रशांत में चीन की सक्रियता भारत के लिए लगातार रणनीतिक चुनौती बनी हुई है। ऐसे समय में भारत की नीति भी अधिक सक्रिय और आत्मविश्वासपूर्ण होती दिखाई दे रही है। फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की आपूर्ति के बाद यदि इंडोनेशिया भी इस सूची में शामिल होता है, तो यह केवल रक्षा निर्यात नहीं रहेगा, बल्कि भारत की रणनीतिक कूटनीति का विस्तार होगा। इसका अर्थ है कि भारत उन देशों के साथ सुरक्षा सहयोग बढ़ा रहा है, जो चीन के बढ़ते दबाव का सामना कर रहे हैं। इंडोनेशिया का महत्व केवल इसलिए नहीं है कि वह दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश है, बल्कि इसलिए भी है कि दक्षिण चीन सागर में उसके हित सीधे चीन से टकराते हैं। नटुना द्वीप समूह के निकट इंडोनेशिया के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में चीनी तटरक्षक जहाजों और मछली पकड़ने वाले बेड़ों की गतिविधियां लंबे समय से तनाव का कारण रही हैं। चीन अपनी तथाकथित 'नाइन-डैश लाइन' के आधार पर लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर दावा करता है, जबकि इंडोनेशिया 1982 के संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून सम्मेलन (यूएनसीएलओएस) के आधार पर इस दावे को अस्वीकार करता है। नटुना क्षेत्र केवल सामरिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि तेल, प्राकृतिक गैस और समुद्री संसाधनों के कारण भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा सहयोग का महत्व सामान्य हथियार व्यापार से कहीं अधिक है। ब्रह्मोस जैसी सुपरसोनिक मिसाइल केवल एक सैन्य प्रणाली नहीं, बल्कि प्रतिरोधक क्षमता का प्रभावी माध्यम है। इससे इंडोनेशिया की समुद्री सुरक्षा मजबूत होगी और हिंद-प्रशांत में शक्ति संतुलन बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। यदि भविष्य में ड्रोन और अन्य रक्षा प्रणालियों में भी सहयोग बढ़ता है, तो दोनों देशों के संबंध और अधिक गहरे हो सकते हैं। दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश होने के बावजूद इंडोनेशिया की सांस्कृतिक विरासत पर हिंदू-बौद्ध परंपराओं की गहरी छाप है। प्रम्बानन मंदिर, रामायण पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और ऐतिहासिक रूप से गणेश की छवि का मुद्रा पर उपयोग यह दर्शाता है कि सांस्कृतिक विरासत धार्मिक पहचान से कहीं व्यापक होती है। यही साझा सांस्कृतिक आधार दोनों देशों को भावनात्मक मजबूती भी देती है। कुल मिलाकर भारत की विदेश नीति अब केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि रणनीतिक और सक्रिय होती दिखाई दे रही है। जिस प्रकार चीन वर्षों से अपने साझेदार देशों के माध्यम से क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ाता रहा है, उसी प्रकार भारत भी लोकतांत्रिक, संप्रभु और समान विचार वाले देशों के साथ रक्षा एवं सामरिक सहयोग का दायरा बढ़ा रहा है। यह एक तरह से चीन को उसी की भाषा में भारत का जवाब है।

# अब रफ्तार से बढ़ेगा टैक्सटाइल सेक्टर



आर्थिकी
डॉ जयंतीलाल भंडारी

**भारत का टेक्सटाइल सेक्टर नए विकास दौर की दहलीज पर खड़ा है। 15 जुलाई से लागू होने वाला भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता इस उद्योग के लिए बड़ा अवसर लेकर आया है, क्योंकि ब्रिटेन ने भारतीय वस्त्रों और परिधानों पर 12% तक का आयात शुल्क समाप्त कर दिया है। इससे भारतीय उत्पाद वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे और निर्यात को नई गति मिलेगी। दूसरी ओर, सरकार की एफटीए नीति, कपास आयात पर सीमा शुल्क में राहत, पीएम मित्र पार्क, नए श्रम कानून, बजट प्रावधान और तकनीकी वस्त्रों को बढ़ावा देने जैसे कदम उद्योग की क्षमता को मजबूत कर रहे हैं। हालांकि, इस तेजी के साथ वैश्विक प्रतिस्पर्धा और लॉजिस्टिक्स जैसी चुनौतियों का प्रभावी समाधान भी उतना ही आवश्यक होगा।**

हाल ही में 5 जुलाई को भारत और ब्रिटेन (यूके) के बीच 15 जुलाई से लागू होने वाले मुक्त व्यापार समझौते के नियम जारी किए गए हैं। इससे भारत का टेक्सटाइल सेक्टर रफ्तार से बढ़ेगा। टेक्सटाइल सेक्टर में अभूतपूर्व वृद्धि और विकास के कई कारण हैं। निश्चित रुप से भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता सबसे बड़ा गेम-चेंजर होगा। 15 जुलाई से लागू होने वाले इस समझौते के तहत यूके ने भारतीय वस्त्रों और परिधानों पर लगने वाले 12 प्रतिशत तक के आयात शुल्क को पूरी तरह से समाप्त कर दिया है।इससे भारतीय कपड़े और रेडीमेड गारमेंट्स ब्रिटिश बाजार में बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देशों की तुलना में काफी ज्यादा सस्ते और प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे। इस मुक्त व्यापार समझौते के लाभ और निर्यातकों द्वारा समय पर की गई तैयारी के कारण, यूके और यूरोपीय बाजारों से भारतीय कपड़ों की मांग में 12 से 25 प्रतिशत तक की तेज वृद्धि दर्ज संभावित है। वैश्विक ब्रांड चीन से अपनी सप्लाई चेन को शिफ्ट कर रहे हैं, जिससे भारत को एक बड़ा अवसर मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि इस समय सरकार देश के 4.5 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देने वाले और करीब 174 अरब डॉलर के बाजार आकार के टेक्सटाइल्स सेक्टर को मजबूती देने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ रही है। सरकार ने एक जून से पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित हो रहे टेक्सटाइल सेक्टर को राहत देने और निर्यातकों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए पांच माह के लिए कपास आयात पर लगने वाले सीमा शुल्क को पूर्ण रूप से माफ कर दिया है। सरकार लगातार मुक्त व्यापार समझौतों( एफटीए) में टेक्सटाइल सेक्टर को प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ रही है। हाल ही में लागू किए गए नए श्रम कानूनों से टेक्सटाइल सेक्टर को जोरदार बढ़ावा मिलेगा। टेक्सटाइल सेक्टर के विकास के लिए पीएम मित्र पार्क मील का पत्थर हैं। चालू वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में टेक्सटाइल सेक्टर के लिए किए गए अभूतपूर्व प्रावधानों का कार्यान्वयन शुरु हो गया है। साथ ही पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा टेक्सटाइल सेक्टर में सुधार के लिए उठाए गए बहुआयामी कदम टेक्सटाइल सेक्टर को लाभान्वित करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस परिदृश्य के मद्देनजर वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने भारत के टेक्सटाइल सेक्टर की रेटिंग बढ़ाई है। इनवेस्टमेंट इनफॉरमेशन एंड क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (आईसीआरए) ने भारत के टेक्सटाइल सेक्टर का आउटलुक 'नेगेटिव' से बढ़ाकर 'स्टेबल' कर दिया है। गौरतलब है कि हाल ही में एक जून से भारत और ओमान के बीच सीईपीए (व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता) लागू हुआ है। इस समझौते के तहत ओमान ने भारत के टेक्सटाइल सहित 99 प्रतिशत से अधिक उत्पादों पर आयात शुल्क पूरी तरह से शून्य कर दिया है। इसी तरह एफटीए वाले अन्य देशों में ज़ीरो या लगभग ज़ीरो ड्यूटी एक्सेस की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ सफलतापूर्वक कार्यान्वित हो रहे एफटीए से टेक्सटाइल निर्यात में भारी उछाल आया है। साथ ही आगामी महीनों में न्यूजीलैंड तथा यूरोपीय संघ के साथ एफटीए के



क्रियान्वयन से इन देशों को भारत से तेजी से टेक्सटाइल निर्यात बढ़ेगा। खासतौर से यूरोप के 27 देशों के संगठन यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते पर अमल शुरू होने के दो-तीन वर्षों में ही यूरोपीय संघ को भारत से करीब 20 अरब डालर तक का टेक्सटाइल निर्यात बढ़ सकता है। इतना ही नहीं, इन दिनों अमेरिका के साथ जिस द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को अंतिम रूप दिया जा रहा है, उसके तहत भारत को अमेरिका में धागे और कपास से बने कपड़ों पर भारी शुल्क छूट हासिल होगी और टेक्सटाइल निर्यात ऊंचाई पर पहुंचेंगे। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत में टेक्सटाइल सेक्टर को मजबूती देने के मद्देनजर पिछले माह 9 मई से पूरे देश में जमीनी स्तर पर लागू की गई चार नई श्रम संहिताएं (लेबर कोड) अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। यह बात महत्वपूर्ण है कि केन्द्रीय कपड़ा मंत्रालय ने सात मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल पार्क स्थापित करने के लिए जो पीएम मित्र पार्क योजना शुरू की है, उसके तहत काम प्रगति पर है और उससे देश के टेक्सटाइल सेक्टर को नई ऊंचाई मिलेगी । पीएम मित्र पार्क प्रधानमंत्री के पांच-एफ विजन-फार्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्टरी से फैशन और फैशन से फॉरेन तक से प्रेरित है। यह एक 'आत्म-निर्भर भारत' के निर्माण की दृष्टि को पूरा करने और भारत को वैश्विक वस्त्र मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने की आकांक्षा रखता है। सरकार की इस पहल से इन टेक्सटाइल पार्कों में करीब एक लाख करोड़ रुपए का निवेश आने का अनुमान है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 में एक अप्रैल से तेजी से क्रियान्वित हो रहे केंद्रीय बजट के तहत टेक्सटाइल सेक्टर के लिए जिस तरह अभूतपूर्व प्रावधान किए गए हैं, उससे भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को तेजी से आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। बजट में 'टेक्स-इको' पहल अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है। बजट में उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से वस्त्र कौशल पारिस्थितिकी तंत्र को आधुनिक बनाने के लिए 'सामर्थ्य -2' का अनावरण किया गया है। बजट में महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल भी महत्वपूर्ण है। यह पहल खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प को मजबूत करने के लिए, एक जिला एक उत्पाद को भी समर्थन देती है। निसंदेह टेक्सटाइल सेक्टर के लिए ऐसे अभूतपूर्व रणनीतिक प्रयासों से भारत का टेक्सटाइल उद्योग तेजी से आगे बढ़ेगा। लेकिन टेक्सटाइल सेक्टर के तेजी से बढ़ने की संभावनाओं के बीच हमें इस बात पर ध्यान रखना होगा कि विगत वर्षों में टेक्सटाइल सेक्टर पर अनिश्चितताओं और बदलावों का दबाव रहा है और अभी भी वर्ष 2026 में टेक्सटाइल सेक्टर में बढ़ते मौकों के बावजूद बड़ी चुनौतियाँ सामने खड़ी हुई हैं। जिसमें लगातार लॉजिस्टिक्स पर असर डालने वाली जियोपॉलिटिकल रुकावटें, बढ़ती इनपुट और कम्प्लायंस लागत और सोर्सिंग जगहों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा शामिल हैं। इन चुनौतियों के समाधान के साथ टेक्सटाइल निर्यात बढ़ाने के लिए अधिक प्रयासों की जरूरत दिखाई दे रही है। उम्मीद करें कि 15 जुलाई से भारत और ब्रिटेन के बीच लागू होने वाले मुक्त व्यापार समझौते से भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को रफ्तार मिलेगी। एक जून से 30 अक्टूबर तक के लिए लागू कपास के आयात में सीमा शुल्क की छूट से भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को पर्याप्त राहत मिलेगी और विदेशों में भारत के टेक्सटाइल निर्यातक प्रतिस्पर्धी बने रहेंगे। ऐसे में हम उम्मीद करें कि लक्ष्य के मुताबिक वर्ष 2030 तक टेक्सटाइल का बाजार आकार तेजी से बढ़कर 350 अरब डॉलर और निर्यात 100 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचते हुए दिखाई देंगे। साथ ही वर्ष 2030 तक टेक्सटाइल सेक्टर में रोजगार के 3.5 करोड़ से अधिक नए मौके निर्मित होते हुए भी दिखाई देंगे।

( लेखक अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

महेन्द्र तिवारी



# एथेनॉल मिश्रित पेट्रोलः सरकार बनाम सोशल मीडिया के दावे

भारत तेजी से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल का मिश्रण, जिसे ई-20 कहा जाता है। सरकार का दावा है कि इससे कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटेगी, विदेशी मुद्रा की बचत होगी, किसानों की आय बढ़ेगी और पर्यावरण को भी लाभ मिलेगा। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर पिछले कुछ समय से ई-20 को लेकर अनेक दावे और आशंकाएं सामने आई हैं। कहीं कहा गया कि इससे वाहन के इंजन जल्दी खराब हो जाएंगे, कहीं माइलेज में भारी गिरावट का दावा किया गया, तो कहीं यह तक कहा गया कि ऐसे ईंधन का उपयोग करने पर वाहन का बीमा अमान्य हो सकता है। इन दावों के बाद आम वाहन मालिकों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। हाल ही में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने इन दावों पर विस्तृत स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि ई-20 कार्यक्रम किसी जल्दबाजी में लिया गया निर्णय नहीं है बल्कि यह वैज्ञानिक अनुसंधान, भारतीय परीक्षणों और दुनिया के अनेक देशों के अनुभवों पर आधारित है। मंत्रालय का कहना है कि सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे अधिकांश दावे भ्रामक हैं और लोगों को तथ्यों के आधार पर अपनी राय बनानी चाहिए। भारत में एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम कोई नई पहल नहीं है। इसकी शुरुआत कई वर्ष पहले कम प्रतिशत मिश्रण के साथ हुई थी। समय के साथ एथेनॉल उत्पादन क्षमता बढ़ी और सरकार ने मिश्रण का लक्ष्य भी बढ़ाया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार भारत ने निर्धारित समय से पहले 20 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लिया। सरकार का मानना है कि इससे पेट्रोलियम आयात पर होने वाला भारी खर्च कम होगा और देश की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी। साथ ही गन्ना, मक्का तथा अन्य फसलों से एथेनॉल उत्पादन होने के कारण किसानों के लिए अतिरिक्त बाजार उपलब्ध होगा। सबसे बड़ा विवाद इंजन की सुरक्षा को लेकर सामने आया। सोशल मीडिया पर कई वीडियो और पोस्ट में दावा किया गया कि ई-20 पेट्रोल से इंजन के धातु और रबर के पुर्जे तेजी से खराब हो जाते हैं। सरकार ने इन दावों को गलत बताते हुए कहा कि भारतीय अनुसंधान संस्थानों और वाहन निर्माताओं द्वारा किए गए परीक्षणों में ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिला कि ई-20 से आधुनिक वाहनों के इंजन को गंभीर नुकसान पहुंचता है। मंत्रालय के अनुसार जिन वाहनों को ई-20 के अनुरूप बनाया गया है, उनमें इसका सुरक्षित उपयोग किया जा सकता है। हालांकि बहुत पुराने वाहनों में कुछ रबर या प्लास्टिक के पुर्जों का घिसाव अपेक्षाकृत अधिक हो सकता है, लेकिन इसे व्यापक इंजन खराबी का प्रमाण नहीं माना जा सकता। माइलेज का मुद्दा भी चर्चा का विषय बना हुआ है। एथेनॉल की ऊर्जा क्षमता पेट्रोल की तुलना में कुछ कम होती है, इसलिए कुछ परिस्थितियों में ईंधन दक्षता में हल्की कमी आ सकती है। स्वयं पेट्रोलियम मंत्री ने भी स्वीकार किया है कि माइलेज में मामूली गिरावट संभव है, लेकिन सरकार का कहना है कि यह इतनी अधिक नहीं होती कि वाहन संचालन पर बड़ा प्रभाव पड़े। दूसरी ओर कुछ उपभोक्ताओं का अनुभव इससे अलग भी रहा है और उन्होंने अधिक कमी महसूस होने की शिकायत की है। यही कारण है कि इस विषय पर सार्वजनिक बहस अभी भी जारी है। बीमा को लेकर फैली अफवाहों ने भी लोगों को परेशान किया। कई संदेशों में दावा किया गया कि यदि वाहन में ई-20 पेट्रोल का उपयोग किया गया तो दुर्घटना की स्थिति में बीमा कंपनी दावा स्वीकार नहीं करेगी। मंत्रालय ने इसे पूरी तरह भ्रामक बताया है। सरकार के अनुसार यदि वाहन निर्माता ने ई-20 उपयोग की अनुमति दी है या वाहन इस ईंधन के अनुरूप है, तो केवल ई-20 का उपयोग करने के कारण बीमा या वारंटी समाप्त नहीं होती। वाहन निर्माता कंपनियों ने भी इस संबंध में उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है। एक और वायरल दावा था कि एथेनॉल उत्पादन में अत्यधिक पानी खर्च होता है और इससे जल संकट बढ़ जाएगा। कुछ संदेशों में एक लीटर एथेनॉल बनाने के लिए हजारों लीटर पानी खर्च होने की बात कही गई। सरकार ने इसे भी गलत बताया है। कुल मिलाकर ई-20 पेट्रोल को लेकर दो समानांतर तस्वीरें सामने आती हैं। पहली तस्वीर सरकार और वैज्ञानिक संस्थानों की है, जो इसे ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानते हैं। दूसरी तस्वीर उन उपभोक्ताओं और विशेषज्ञों की है जो माइलेज, पुराने वाहनों की अनुकूलता और दीर्घकालिक प्रभावों को लेकर अधिक अध्ययन और पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं। ऐसे में किसी भी नई तकनीक की सफलता अंततः तथ्यों, पारदर्शिता और निरंतर संवाद पर ही निर्भर करती है।

( लेखिक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सिया राम मय सब जग जानी



संकलित
**दर्शन**

हमारे वेद कहते हैं- सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया...अर्थात सब सुखी हों, सब निरोगी हों। वहां कोई, वर्ण, जाति, समूह और पक्ष-विपक्ष की बात ही नहीं है। हमारे ऋषि मुनियों ने युगों पहले यह सूत्र दे दिया था-वसुधैव कुटुंबकम्-यानी पूरी वसुधा ही हमारा परिवार है। संपूर्ण विश्व के लोगों के सुख और स्वास्थ्य की कामना भारतीय दर्शन का मूल है। न सिर्फ मनुष्य, बल्कि जीव मात्र के हित की इच्छा रखना ही सनातनी परिचय है। मैं राम कथा गाता हूं। राम राज के मूल में भी सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की ही भावना है। भगवान श्रीराम ने सेतु बनाया। आज पूरे विश्व में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेतु बनाए जाने की आवश्यकता है। जिसमें भी राम तत्व होगा, वह केवल जोड़ने की बात करेगा, तोड़ने की नहीं। सत्य, प्रेम और करुणा प्रमुख राम तत्व हैं। जिसमें ये तत्व होंगे, वह वंचितों तक पहुंचेगा। राम समाज के वंचित लोगों के पास स्वयं चलकर गए। केवट, शबरी, अहिल्या के प्रसंग इसके प्रमाण हैं। आज समाज की एक बड़ी जरूरत है कि सक्षम लोग वंचित लोगों तक, अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक स्वयं चल कर पहुंचें। मानस में नौ प्रकार की भक्ति का वर्णन हुआ है। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने सातवीं भक्ति पूरे संसार को ब्रह्ममय मानना-देखना बताई है-'सातवं सम मोहि मय जग देखा।' जब हम पूरे संसार को ब्रह्ममय देखेंगे, महसूस करेंगे तो किसी के भी दोष दिखाई नहीं देंगे।


# एक दिन का पुण्य ही क्यूं



संकलित
**प्रेरणा**

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहा- तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहां से। भिखारी बोला- बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूं तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा। भिखारी- बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नही, परन्तु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नही बसा सकते तो एक-दो दिन किये हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### विश्व क्षमा दिवस आत्मशुद्धि और मानवता का अमृत पर्व

हर वर्ष 7 जुलाई को विश्व क्षमा दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों को पुराने मतभेदों, कटु स्मृतियों और वैरभाव को भुलाकर स्वयं तथा दूसरों को क्षमा करने के लिए प्रेरित करना है। वर्ष 1994 में कनाडा में क्राइस्ट्स एंबेसडर्स क्रिश्चियन एंबेसी द्वारा इस दिवस की शुरुआत की गई थी। आज यह दिन केवल किसी एक देश या समुदाय तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया में शांति, प्रेम, सहिष्णुता और मानवीय मूल्यों का संदेश देने वाला अवसर बन चुका है। आधुनिक जीवन की भागदौड़, तनाव, प्रतिस्पर्धा और स्वार्थ के बीच क्षमा का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। यह केवल एक शब्द नहीं बल्कि जीवन को प्रकाशमान करने वाली ऐसी साधना है, जो व्यक्ति के भीतर के अंधकार को समाप्त कर देती है। क्षमा का अर्थ केवल किसी से औपचारिक रूप से यह कह देना नहीं कि 'मैं तुम्हें क्षमा करता हूँ।' – *सचिन गुलिया, रोहतक*

## करंट अफेयर

# चीन ने लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण



चीन की सेना ने सोमवार को दक्षिण प्रशांत महासागर में अपनी परमाणु संचालित पनडुब्बी से लंबी दूरी तक प्रहार करने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। कई देशों ने इसका विरोध करते हुए चिंता व्यक्त की है। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, मिसाइल का प्रक्षेपण दोपहर 12 बजकर एक मिनट पर किया गया और यह एक 'डमी' हथियार से लैस थी। चीन ने करीब दो वर्ष पहले प्रशांत महासागर में मिसाइल परीक्षण किया था, तब एक 'डमी' हथियार से लैस अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई थी। 'शिन्हुआ' की खबर में कहा गया कि यह प्रक्षेपण नियमित वार्षिक प्रशिक्षण का हिस्सा है जो अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप है और यह किसी देश के खिलाफ नहीं था। इस खबर को रक्षा मंत्रालय की ओर से सोशल मीडिया पर दोबारा साझा किया गया। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने इस परीक्षण की आलोचना की। न्यूजीलैंड सरकार ने कहा कि उसे इस नियोजित प्रक्षेपण की जानकारी कुछ घंटे पहले दे दी गई थी और उसने इस पर ध्यान आकर्षित किया कि मिसाइल को दक्षिण प्रशांत महासागर के परमाणु मुक्त क्षेत्र में दागा गया था।

## ऑफ बीट

# चित होकर लेटना 'सदर्न राइट व्हेल' की कोई बीमारी नहीं है



अगर आप साल के इस समय ऑस्ट्रेलिया के किसी भी दक्षिणी तट पर खड़े हों, तो हो सकता है कि आपको छिछले पानी में तैरती हुई 'सदर्न राइट व्हेल' (यूबेलेना ऑस्ट्रैलिस) देखने को मिल जाए। समुद्र के ये विशालकाय जीव प्रजनन करने, बच्चे को जन्म देने और आराम करने के लिए दक्षिणी महासागर और अंटार्कटिका से यहां आते हैं। अगर आप सच में खुश किस्मत हों, तो हो सकता है कि आप उनमें से किसी एक को चित (उल्टा) होकर आराम करते हुए भी देख लें। पहली नज़र में, यह हैरान कर देने वाला व्यवहार– जो अन्य बड़ी व्हेल मछलियों में नहीं देखा गया है– आपको यह सोचने पर मजबूर कर सकता है कि यह जीव बीमार या घायल है। वास्तव में , यह एक स्वस्थ मां का संकेत हो सकता है, जो अपनी जिदगी के सबसे ज्यादा ऊर्जा की मांग वाले दौर में अपनी ऊर्जा के भंडार को सावधानी से संभाल रही है। संतुलित करने की कोशिश सदर्न राइट व्हेल छह हजार किलोमीटर से भी ज़्यादा लंबी दूरी तय करती हैं। यह दूरी पर्थ से सिडनी और वापस आने की दूरी के बराबर है। अगर यह दूरी आपको मुश्किल भरी नहीं लगती, तो जान लें कि ऑस्ट्रेलिया में बच्चे को जन्म देने वाली जगहों पर 'सदर्न राइट व्हेल' कुछ भी खाती–पीती नहीं हैं।

## ट्रेंड

### प्रतिबद्धता पर अडिग रहे मुखर्जी



आज हमारा देश महान दूरदर्शी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद कर रहा है। हमने अनुच्छेद 370 हटाकर उनका सपना पूरा किया है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विचार के पक्षधर थे और राष्ट्रीय एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग रहे। **-नरेंद्र मोदी,** पीएम

### कहां है पासपोर्ट की ताकत



मोदी सरकार की नीतियां भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए जिम्मेदार हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 2018 में दावा किया था कि विदेश यात्रा करने वाले और विदेशों में रहने वाले लोग आज भारतीय पासपोर्ट की ताकत और सम्मान को जानते हैं। वह 'ताकत' आखिर दिखाई कहां देती है? **-मल्लिकार्जुन खरगे,** कांग्रेस अध्यक्ष

### एसआईआर पर आपत्तियां



निर्वाचन आयोग जिस तरह से एसआईआर कर रहा है, उसे लेकर हमारी भी आपत्तियां हैं। हमने मामले को अदालत में उठाया है। हमारी सरकार का कोई भी व्यक्ति एसआईआर प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं कर रहा है। सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत काम कर रहे हैं। **-डी. के. शिवकुमार,** सीएम कर्नाटक

### एमपी में इसी माह यूसीसी



एमपी में इसी महीने यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) आएगा। हिंदू एक शादी करता है और सात फेरे लेता है, तो सभी के लिए ऐसा ही कानून होना चाहिए। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है। वह फिर दावा करेगी कि यह कानून किसी धर्म विशेष के खिलाफ है। **-डॉ. मोहन यादव,** सीएम एमपी

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### मप्र में अल्पसंख्यक नेतृत्व को मजबूत करने की उठी मांग



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में अल्पसंख्यकों की मौजूदा स्थिति और उनके राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर कांग्रेस नेता हुमैद शकील के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में अखिल भारतीय अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में मध्यप्रदेश के वरिष्ठ अल्पसंख्यक कांग्रेस नेता, मुस्लिम उलेमा और समाजसेवी भी शामिल रहे। बैठक में प्रदेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुस्लिम समाज के घटते राजनीतिक प्रतिनिधित्व पर विस्तार से चर्चा हुई। हुमैद शकील ने कहा कि यदि पार्टी सभी वंचित और पीड़ित वर्गों को न्याय दिलाना चाहती है, तो उन्हें संगठन और नेतृत्व में उचित प्रतिनिधित्व एवं जिम्मेदारियां देना आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रतापगढ़ी को बताया कि मप्र में अल्पसंख्यक समाज के नेतृत्व की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। मुस्लिम उलेमाओं ने भी कहा कि समाज की समस्याओं और आवाज़ को प्रभावी ढंग से उठाने वाला नेतृत्व प्रदेश में स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता।

### प्रपोजल ठुकराते ही छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** कमलानगर थाना क्षेत्र स्थित शबरी नगर में 19 साल के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि छात्र अपनी महिला मित्र द्वारा प्रेम प्रस्ताव ठुकराए जाने के बाद तनाव में था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, शबरी नगर निवासी अनुराग (19) कॉलेज का छात्र था। उसकी शहडोल निवासी एक युवती से दोस्ती थी और वह उसे पसंद करता था। कुछ दिन पहले अनुराग ने युवती के सामने अपने प्रेम का इजहार किया था, लेकिन युवती ने उसका प्रस्ताव स्वीकार करने से इन्कार कर दिया। इसके बाद से वह काफी परेशान और गुमसुम रहने लगा था। परिजनों ने उसकी बदली हुई मानसिक स्थिति को देखते हुए उसे समझाने और सामान्य करने का प्रयास किया, लेकिन वह तनाव से बाहर नहीं निकल सका। सोमवार दोपहर करीब दो बजे परिजनों ने उसे घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटका देखा। तत्काल उसे नीचे उतारकर अस्पताल ले जाने की कोशिश की गई, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस का कहना है कि फिलहाल प्रारंभिक जांच में मानसिक तनाव की बात सामने आई है। मामले के सभी एंगल से जांच की जा रही है।

### उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद



**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन जनसमस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी जनसमस्याओं को समझा और उन्हें शीघ्र समाधान दिलाने का आश्वासन दिया।

# समर्थ को पासवर्ड देने होंगे, सीबीआई ले सकेगी गिरिबाला के वॉयस सैंपल, मीडिया कवरेज पर रोक नहीं

**14 जुलाई को अंतिम रिपोर्ट पर सुनवाई**

**कोर्ट ने सीबीआई की अहम अर्जियां मंजूर कीं, आरोपियों की सभी प्रमुख आपत्तियां खारिज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल






बहुचर्चित ट्विशा शर्मा प्रकरण में सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की महत्वपूर्ण अर्जियों को मंजूरी देते हुए आरोपी पक्ष की कई प्रमुख आपत्तियों को खारिज कर दिया। मामले में अब अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी, जब सीबीआई अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी और पीड़ित पक्ष की ओर से दायर आवेदन पर भारत सरकार तथा एम्स भोपाल अपना जवाब दाखिल करेंगे। सुनवाई के दौरान अदालत ने आरोपी समर्थ सिंह का पासवर्ड उपलब्ध कराने संबंधी सीबीआई की अर्जी स्वीकार कर ली। इसके साथ ही मजिस्ट्रेट न्यायालय में ऑडियो साक्ष्य प्रस्तुत किए जाने के खिलाफ आरोपी द्वारा उठाई गई आपत्ति को भी अदालत ने अस्वीकार कर दिया। वहीं, आरोपी पक्ष की ओर से दायर उस आवेदन को भी कोर्ट ने खारिज कर दिया, जिसमें दूसरी पोस्टमार्टम रिपोर्ट, सीएफएसएल रिपोर्ट तथा ट्विशा शर्मा के वित्तीय मामलों से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। अदालत ने आरोपी समर्थ सिंह की उस आपत्ति को भी खारिज कर दिया, जिसमें मामले की मीडिया कवरेज पर रोक लगाने के आदेश जारी करने का अनुरोध किया गया था।

### जांच एजेंसी का अधिकार क्षेत्र

*न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि मामले की जांच उच्च न्यायालय के निर्देश पर सीबीआई को सौंपी गई है। ऐसे में जांच की प्रक्रिया किस प्रकार आगे बढ़ाई जाएगी, यह जांच एजेंसी का अधिकार क्षेत्र है। इसलिए इस प्रक्रम पर ऐसा कोई आदेश पारित नहीं किया जा सकता ,जिसमें सीबीआई को वॉयस सैंपल से संबंधित सामग्री पहले न्यायालय में सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करने के लिए बाध्य किया जाए। गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह द्वारा पीड़ित पक्ष और उसके अधिवक्ताओं द्वारा मीडिया को दिए जा रहे बयानों पर रोक लगाई जाने की मांग को लेकर प्रस्तुत किए गए आवेदन को न्यायालय ने सुनवाई के बाद निरस्त कर दिया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि वह ऐसा कोई आदेश पारित नहीं करेगा। जिससे किसी व्यक्ति को इस मामले में मीडिया से बातचीत करने या अपना पक्ष रखने से रोका जाए।*

### लूट का मामला अलग अपराध के रूप में दर्ज

*इसके अलावा आरोपी गिरिबाला सिंह द्वारा सीबीआई को कथित लूट (रॉबरी) मामले में निर्देश जारी करने की मांग भी अदालत ने स्वीकार नहीं की। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि लूट का मामला कटारा हिल्स थाना में अलग अपराध के रूप में दर्ज है और उसका वर्तमान सीबीआई जांच से कोई संबंध नहीं है। अब मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई निर्धारित की गई है। इस दौरान सीबीआई अपनी अंतिम रिपोर्ट पेश करेगी। साथ ही पीड़ित परिवार की ओर से अधिवक्ता अंकुर पांडेय द्वारा दायर आवेदन पर भारत सरकार और एम्स भोपाल की ओर से जवाब भी अदालत में प्रस्तुत किया जाएगा।*

## प्रदेश में प्राकृतिक खेती के साथ-साथ पशुपालन को विशेष बढ़ावा

# दुग्ध उत्पादन में मप्र अभी तीसरे स्थान पर, इसे बनाएंगे देश का अव्वल राज्य

**मुख्यमंत्री ने ग्वालियर में उन्नत कृषि कार्यशाला में किसानों से किया संवाद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों की आमदनी केवल एक फसल से नहीं बल्कि बहु फसलों एवं उन्नत पशुपालन से बढ़ेगी। इस बात को ध्यान में रखकर सरकार द्वारा उन्नत व प्राकृतिक खेती के साथ-साथ पशुपालन को विशेष बढ़ावा दिया जा रहा है।

हम अगले पांच वर्षों में मध्यप्रदेश को दुग्ध उत्पादन में नम्बर वन राज्य बनायेंगे। इसी कड़ी में सरकार नेशनल डेयरी विकास योजना के तहत ग्वालियर दुग्ध संघ सहित सांची दुग्ध उत्पादन संघ को भरपूर मदद दे रही है। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। सीएम ग्वालियर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्नत कृषि पर हुई संभागीय कार्यशाला में मौजूद किसानों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कार्यशाला में किसानों से सीधा संवाद करते हुए जैविक व प्राकृतिक खेती पर अनुभव सुने। सीएम ने ग्वालियर में मूर्तरूप लेने जा रही अत्याधुनिक हाईटेक नर्सरी एवं फ्लोरीकल्चर गार्डन का भी रिमोट से भूमिपूजन किया।

### *अत्याधुनिक हाईटेक नर्सरी एवं फ्लोरीकल्चर गार्डन का मुख्यमंत्री ने किया भूमिपूजन*




### सिंचाई रकबा होगा 100 लाख हैक्टेयर तक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2023 के बाद सिंचाई रकबे में बड़ी बढ़ोत्तरी हुई है। वर्ष 2003 में प्रदेश का सिंचाई रकबा मात्र साढ़े 7 लाख हैक्टेयर था जो अब बढ़कर लगभग 50 लाख हैक्टेयर हो गया है। इसे हम 100 लाख हैक्टैयर तक ले जायेंगे। चंबल-पार्वती-काली सिंध एवं केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजनाओ के माध्यम से यह संभव हुआ। उन्होंने इन परियोजनाओं की मंजूरी के लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति प्रदेशवासियों की ओर से विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।

### किसान अब चिंता मुक्त होकर जमा कर सकते हैं कृषि ऋण


किसानों से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब प्रदेश के कृषकों को 31 मार्च तक ऋण जमा करने की चिंता नहीं रही है। सरकार ने अब उन्हें ऋण जमा करने के लिये पूरे एक साल का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि किसान कल्याण वर्ष में सरकार द्वारा सभी प्रकार के कृषि उत्पादों व पशुपालन को बढ़ावा देने के साथ किसानों की सहूलियतों का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

### *मुख्यमंत्री ने डाले दाने और बतखों ने चाव से खाए*



*कृषि विश्वविद्यालय परिसर में समन्वित कृषि प्रणाली के तहत मॉडल स्वरूप बनाए गए बहुउद्देश्यीय तालाब में जब मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दाने डालकर तालाब के दूसरे छोर पर तैर रहीं बतखों को पुकारा तो बतखें उनके नजदीक आ गईं और बड़े चाव के साथ दानों को खाया। उल्लेखनीय है कि इस तालाब को कृषि विश्वविद्यालय परिसर के भवनों से जुड़ीं वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं से भरा जाता है। तालाब के ऊपर एक बड़ा मुर्गी पालन बॉक्स बनाया गया है। मुर्गियों के चूज़ों की बीट इस तालाब में गिरती है जिसे मछलियां व बतखें खाती हैं। इस प्रकार एक संरचना से सफलतापूर्वक मुर्गी, मछली व बतख पालन किया जा रहा है।*

# 'माय भारत' के तहत हर जिले में बनेंगे युवा संसाधन केंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय की सचिव पल्लवी जैन गोविल (आईएएस) की अध्यक्षता में सोमवार को आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में 'माय भारत' पोर्टल और विभिन्न सरकारी विभागों की एक उच्च स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में युवाओं के कौशल विकास, नशामुक्ति और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

इनमें प्रदेश के हर जिले में अत्याधुनिक युवा संसाधन केंद्र विकसित किए जाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत भोपाल, जबलपुर और खजुराहो के सरकारी युवा हॉस्टलों का कायाकल्प कर वहां ओपन जिम और नशामुक्ति सपोर्ट ग्रुप शुरू किए जाएंगे। वहीं युवाओं को व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए 'माय भारत' पोर्टल के अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रमों को स्किल इंटर्नशिप से जोड़ा जाएगा, जिसके लिए तकनीकी संस्थानों को ऑनबोर्ड किया जाएगा। इसके साथ ही जमीनी स्तर पर नशामुक्ति अभियान के लिए युवाओं में से 'पीयर लीडर्स' तैयार किए जाएंगे। साथ ही, प्रदेश के सभी स्पोर्ट्स क्लबों को पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा।

### युवा कार्यक्रम विभाग की सचिव डॉ. पल्लवी ने रासेयो क्षेत्रीय निदेशालय का किया निरीक्षण



**भोपाल।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग की सचिव डॉ. पल्लवी जैन गोविल ने अपने तीन दिवसीय भोपाल प्रवास के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) क्षेत्रीय निदेशालय, भोपाल (मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़) का निरीक्षण किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के उप कार्यक्रम सलाहकार, क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अशोक कुमार श्रोती एवं कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद गोविल ने कार्यालय की कार्यप्रणाली एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अशोक कुमार श्रोती ने गोविल को मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, उपलब्धियों तथा क्षेत्रीय निदेशालय की कार्यप्रणाली की जानकारी प्रदान की। सचिव गोविल ने राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा युवाओं के व्यक्तित्व विकास एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए योजनाओं के प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर बल दिया।

### 15 अगस्त तक पंजीकरण अभियान

सचिव गोविल ने बताया कि एक जुलाई से देशव्यापी व्यापक पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है और यह 15 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने मध्य प्रदेश के सभी युवाओं और छात्र-छात्राओं से 'माय भारत' पोर्टल पर जुड़कर 'विकसित भारत ‹\@› 2047' में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है। बैठक में महानिदेशक सचिन सिन्हा, प्रमुख सचिव मनीष सिंह सहित 'माय भारत' के राज्य निदेशक मंगल राम जाखड़,माय भारत' के उप निदेशक निक्की राठौर व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## हाथों में तख्ती लेकर किया विरोध-प्रदर्शन

# मेट्रो स्टेशन से एमवीएम खेल मैदान को बचाने मैदान में उतरे पूर्व छात्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय (एमवीएम)के खेल मैदान की कुछ भूमि मेट्रो स्टेशन के लिए दिए जाने के विरोध में सोमवार को महाविद्यालय के पूर्व एवं वर्तमान विद्यार्थियों ने खेल मैदान में प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी संगठन के तत्वावधान में आयोजित इस प्रदर्शन में पूर्व छात्रों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से महाविद्यालय के खेल मैदान को बचाने की गुहार की। हाथों में बैनर 'एमवीएम खेल मैदान की गुहार...मेट्रो, मेलों, पार्किंग से मुक्त रखो श्रीमान' लिए पूर्व छात्रों ने कहा कि मेट्रो स्टेशन के लिए अगर भूमि अधिग्रहित की जाती है तो यहां निश्चित रूप से पार्किंग भी बनेगी, जिससे खेल मैदान तहस -नहस हो जाएगा। खेल मैदान के अलावा मेट्रो स्टेशन के लिए अन्य वैकल्पिक स्थान कॉलेज के समीप ही उपलब्ध है, जहां से भूमि मेट्रो स्टेशन के लिए ली जा सकती है। पूर्व छात्रों ने यह भी बताया कि एमवीएम के इस खेल मैदान से अनेक खेल प्रतिभाएं उभरकर राष्ट्रीय स्तर तक प्रदर्शन कर चुकी हैं। कॉलेज के खिलाड़ियों व विद्यार्थियों द्वारा नियमित रूप से यहां खेल अभ्यास किया जाता है। प्रदर्शन के बाद पूर्व विद्यार्थियो ने बैनर हाथों में लेकर मैदान का चक्कर लगाया और नारेबाजी की। इस अवसर पर एमवीएम एलुमिनी के उपाध्यक्ष डॉ. संतोष कटियार एवं प्रलय श्रीवास्तव, महासचिव सुभाष व्यास, कार्यकारिणी सदस्य उपेन्द्र तोमर, धर्मेन्द्र खंडेलवाल, आलोक श्रीवास्तव, सत्येन्द्र चौरसिया, अभिषेक द्विवेदी, अन्य पूर्व छात्र अरविंद गुप्ता, चंद्रशेखर धाकड़ (खेल अधिकारी), राजीव दिवाकर, आरएस रघुवंशी, महेश नेमा, डीएस निगम, लोकेन्द्र रोहित, सहित अनेक पूर्व छात्र मौजूद थे।

## बागसेवनिया पुलिस ने बुजुर्ग की शिकायत पर दर्ज किया केस

# बिजली कर्मचारी बनकर भेजी एपीके फाइल मोबाइल हैक कर अकाउंट से निकाले 62 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बाग सेवनियां पुलिस ने 66 साल के बुजुर्ग की शिकायत पर अज्ञात साइबर जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी ने बिजली का उपभोक्ता नंबर अपडेट करने के नाम पर एपीके फाइल व लिंक भेजकर मोबाइल हैक किया और दो अलग-अलग बैंक अकाउंट से हजार रुपए निकाल लिए।

पुलिस के मुताबिक बैकुंठ अपार्टमेंट सुरेन्द्र पैलेस बाग सेवनियां निवासी देवेन्द्र श्रीवास्तव (66) के मोबाइल पर 29 जून की दोपहर चार अलग-अलग नंबरों से वाट्सएप मैसेज भेजे गए। मैसेज करने वाले ने अपनी पहचान बिजली विभाग का कर्मचारी के रूप में बताई। उसने बताया कि आपकी बेटी सुरत्ना श्रीवास्तव से बात हो चुकी है, जिसके नाम से बिजली कनेक्शन है, उसी से बात करेंगे। आरोपी ने देवेन्द्र श्रीवास्तव से कहा कि आपका उपभोक्ता नंबर अपडेट होना है। इसके बाद उसने बिजली विभाग की एपीके फाइल व्हाट्सएप के माध्यम से ट्रांसफर की। एपीके फाइल ट्रांसफर करने के बाद उन्होंने फरियादी से कहा कि आपको डेबिट कार्ड के जरिए 12 रुपए का भुगतान करना होगा। फिर उन्होंने पैमेंट करने के लिए वाट्सएप पर लिंक ट्रांसफर की। देवेन्द्र श्रीवास्तव ने उस पर 12 रुपए का पैमेंट करने का प्रयास किया, लेकिन पैमेंट नहीं हो सका।

### आईसीआईसीआई बैंक के डेबिट कार्ड की डिटेल लिया

जालसाजों ने फरियादी से उनके आईसीआईसीआई बैंक के डेबिट कार्ड की डिटेल मांगी। उन्होंने कहा कि पैमेंट नहीं हो पा रहा है। हम ऑफलाइन घर पर आकर उपभोक्ता नंबर अपडेट कर देंगे और भुगतान करवा लेंगे। उन लोगों ने यकीन दिलाया कि आपकी बिजली नहीं कटेगी। अगले दिन देवेन्द्र श्रीवास्तव ने देखा कि उनके पीएनबी और आईसीआईसीआई बैंक के खातों से रुपए कटने के मैसेज आए। उन्होंने देखा कि वाट्सएप लॉगआउट और हैक हो चुका है। बैंक में जाकर पता चला उनके खातों से करीब 62 हजार रुपए निकालकर ऑनलाइन फ्राड किया गया है।

# हमीदिया में 10.2 किलो के ट्यूमर के साथ महिला ने दिया 2.6 किलो के स्वस्थ शिशु को जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



हमीदिया अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के चिकित्सकों ने एक अत्यंत जटिल एवं चुनौतीपूर्ण शल्य चिकित्सा को सफलतापूर्वक संपन्न कर चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। एक गर्भवती महिला, जिसकी ओवरी में लगभग 10.2 किलोग्राम वजन का विशाल ट्यूमर था, का सफलतापूर्वक सिजेरियन ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के दौरान चिकित्सकों ने पहले सुरक्षित रूप से 2.6 किलोग्राम वजन के स्वस्थ शिशु का जन्म कराया। इसके पश्चात उसी शल्य चिकित्सा के दौरान महिला की ओवरी में मौजूद 10.2 किलोग्राम के ट्यूमर को भी सफलतापूर्वक निकाल दिया गया। जटिल ऑपरेशन के बाद माँ और नवजात दोनों की स्थिति स्थिर एवं संतोषजनक बताई जा रही है।

यह चुनौतीपूर्ण शल्य चिकित्सा डीन जीएमसी डॉक्टर कविता सिंह, विभाग अध्यक्ष डॉक्टर रेखा वाधवानी के नेतृत्व में सीनियर सर्जन डॉ. पल्लवी सिंह एवं डॉ. अदिति खरे के द्वारा कि गई। इस ऑपरेशन में एनेस्थीसियोलॉजिस्ट के रूप में डॉ. तृप्ति वत्सल्य, डॉ. जितेन्द्र कुमार एवं डॉ. देवांशु सराफ की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान विभाग के जूनियर रेजिडेंट चिकित्सकों ने भी ऑपरेशन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।चिकित्सकों की सूझबूझ, अनुभव तथा टीमवर्क के कारण यह ऑपरेशन सफल रहा।

हमीदिया अस्पताल की इस उपलब्धि ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि जटिल से जटिल मामलों के सफल उपचार के लिए संस्थान में अनुभवी चिकित्सकों एवं आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है।

## वक्फ प्रॉपर्टी के लंबित विवाद निपटेंगे, सहेजी जाएंगी संपत्तियां

# वक्फ बोर्ड को मिलेगी मजबूती, किरायेदारी से बढ़ेगी आमदनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वक्फ संशोधन बिल के बाद प्रदेश में सबसे पहले वक्फ बोर्ड के नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है, जिसके तहत भाजपा के मीडिया पैनलिस्ट राधौगढ़ के अनिमेष भार्गव और संघ से जुड़े इंदौर निवासी मनोज मालपानी को सदस्य नियुक्त कर दिया है। सनव्वर पटेल को दोबारा से अध्यक्ष चुना गया है। दोनों हिंदू सदस्यों की नियुक्ति को लेकर विरोध भी शुरू हो गया है। हालांकि दोनों सदस्यों का कहना है कि गैर मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति से बोर्ड को मजबूती मिलने के साथ किरायेदारी से होने वाली आमदनी भी बढ़ेगी। सदस्यों का कहना है कि बोर्ड की प्रॉपर्टी के विवादों को सुलझाने का प्रयास किया जाएगा, जिससे वक्फ की जमीनों को सहेजा जा सके।




### वक्फ बोर्ड में हिंदू सदस्यों का विरोध

वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल किए जाने के विरोध में सोमवार को बुधवारा चौराहे पर मुस्लिम सड़कों पर उतरे। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से निर्णय वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि इससे मुस्लिम समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। मुस्लिमों ने कहा कि वक्फ मुस्लिम समाज की धार्मिक और सामाजिक संस्था है, जहां लोग अपनी संपत्ति अल्लाह की रजा के लिए वक्फ करते हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड के प्रबंधन में गैर-मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति उचित नहीं है।

### कांग्रेस विधायक बोले, सुप्रीम कोर्ट जाऊंगा

वक्फ बोर्ड में हिंदू सदस्यों को शामिल करने के मामले में कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। ऐसी क्या आवश्यकता पड़ी थी, जो सनव्वर पटेल को इतनी जल्दबाजी करनी पड़ी।

### कंधे से कंधा मिलाकर करेंगे काम



नवनियुक्त सदस्य मनोज मालपानी का कहना है कि शासन ने हमें वक्फ बोर्ड में सदस्य नियुक्त किया है, जिसमें हम मुस्लिम सदस्यों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे। वक्फ बोर्ड की प्रॉपर्टी को बचाने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

# कलेक्टर ने भीम नगर में लगाई चौपाल, नागरिकों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सोमवार को वार्ड क्रमांक 33 स्थित भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी मंगल भवन एवं भीम नगर क्षेत्र का सघन भ्रमण कर चौपाल लगाई। इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों को सुना। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भीम नगर क्षेत्र में शीघ्र ही विशेष शिविर आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ भी पात्र नागरिकों तक पहुँचाया जाए तथा आवश्यक दस्तावेजों एवं सेवाओं से संबंधित कार्यों का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# ससुर का जुनून, साफ्टवेयर डेवलपर बहू का हौसला... घर से खड़ी कर दी चॉकलेट फैक्ट्री




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आजकल चॉकलेट बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी की पहली पसंद बनी हुई है। जन्मदिन, त्योहार हो या कोई सेलिब्रेशन चॉकलेट हर एक जश्न में चार चांद लगा देती है। चॉकलेट का क्रेज या ट्रेंड लोगों के सिर ऐसा चढ़ा है कि मिठाई की जगह भी चॉकलेट ने ले ली है, फिर वह चॉकलेट के लड्डू हो या चॉकलेट के मोदक या चॉकलेट बर्फी। रही बात सेलिब्रेशंस ही तो फिर वो राखी सेलिब्रेशन हो, दीवाली सेलिब्रेशन हो या होली अब हर एक सेलिब्रेशन की जान चॉकलेट हैं।

## शादी के बाद चॉकलेट मेकिंग में किया करियर शुरु

चॉकलेट एक ऐसी चीज है, जिसे खाकर कोई भी अपने दिल की बात आसानी से कह पाता है। वर्ल्ड चॉकलेट डे पर हमने एक ऐसी हस्ती को तलाशा जिनके जीवन को चॉकलेट ने नए पंख दिए। शहर के अरेरा कॉलोनी निवासी दीपिका खेमानी, जो एक साफ्टवेयर डेवलपर रह चुकी हैं, जिन्होंने एमबीए करने के बाद एचआर में करीब दस साल से अधिक जॉब की, लेकिन शादी और बच्चों के बाद दीपिका ने जॉब छोड़ चॉकलेट मेकिंग में अपना कॅरियर शुरू किया और सफलता हासिल की।





### बेल्जियम से आए मोल्ड व मशीन, खोली चॉकलेट फैक्ट्री

दीपिका कहती हैं कि शादी के बाद मैंने देखा कि मेरे आर्किटेक्ट ससुर दिनेश खेमानी को चॉकलेट बनाने का बेहद शौक है। उन्होंने सिर्फ घर के नक्शों में ही बारीकियां नहीं तलाशीं, बल्कि चॉकलेट मेकिंग को भी उन्होंने टेक्निकल अंदाज में बनाया और उसमें दिलो जान से लगे रहते। वो फॉरेन से सेंटर फील्ड चॉकलेट लेकर आए थे और यहां आकर उन्होंने यही चॉकलेट बनाने का प्रयास किया। इसके लिए मेरे ससुर ने बेल्जियम से मोल्ड भी बुलवाए। पापा को देख मेरा भी रुझान चॉकलेट मेकिंग में जागा और मैं भी उनके साथ चॉकलेट बनाने लगी। पहले हम यूं ही चॉकलेट बनाते, लेकिन जब लोगों को हमारी बनी चॉकलेट पसंद आने लगी तो मैंने इसे बिजनेस के रूप में लिया और चॉकलेट मेकिंग मशीन लाकर घर पर ही चॉकलेट फैक्ट्री स्टार्ट की।

## दस साल से अधिक एचआर में जॉब करने वाली दीपिका की कहानी

### दस साल बाद मिली सैलरी बराबर, चॉकलेट मेकिंग से कमा लेती

उन्होंने कहा कि इस फील्ड में इतनी एक्सपर्ट हो गई और मेरे इतने कस्टमर बन गए कि दस साल बाद मुझे जो सैलरी मिल रही थी, उससे ज्यादा मैं चॉकलेट से कमा लेती हूं, क्योंकि हमारी बनी चॉकलेट केवल भारत भर में ही नहीं बल्कि सिंगापुर, अस्ट्रेलिया सहित कई विदेशी देशों में एक्सपोर्ट होती है।

**पान चॉकलेट या मिंट चॉकलेट की विदेशों में डिमांड ज्यादा :** दीपिका ने बताया कि हमारी बनी चॉकलेट हम वैरिएशन देकर बनाते हैं, जो मार्केट में मिलने वाली नॉर्मल चॉकलेट से काफी डिफरेंट फ्लेवर में बनी होती, जिसमें बच्चों को नट्स से खिलाने के लिए या ड्राई फ्रूट्स खिलाने के लिए हम नट्स या वॉलनट्स चॉकलेट बनाते। तो वहीं पान चॉकलेट या मिंट चॉकलेट बड़ों की फेवरेट है और इसकी डिमांड विदेशों में काफी ज्यादा है। वहीं बड़ों के लिए रागी ब्राउनी, बिस्कॉफ, न्यूट्रेला, कुनाफा फ्लेवर या आज कल शुगर फ्री का ट्रेंड हैं, ऐसे में शुगर की जगह मोंक फ्रूट स्वीटनर से अपनी चॉकलेट बनाती हूं, जिसका डिमांड भी मार्केट में काफी ज्यादा है।


चॉकलेट बनाती दीपिका खेमानी।

## खबर संक्षेप

### एनआईडी मप्र में प्लेसमेंट ड्राइव 2026 का आयोजन

**भोपाल** । राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान मध्य प्रदेश (एनआईडी) में प्लेसमेंट ड्राइव 2026 का आयोजन 28 से 31 जुलाई तक हाइब्रिड मोड में किया जाएगा, जिसके अंतर्गत संस्थाएं परिसर में उपस्थित होकर अथवा ऑनलाइन माध्यम से भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकेंगी। चार दिवसीय यह प्लेसमेंट ड्राइव अग्रणी उद्योगों, डिजाइन परामर्श संस्थाओं, स्टार्ट-अप्स, एमएसएमई, सरकारी संगठनों तथा रचनात्मक उद्यमों को कम्युनिकेशन डिजाइन, इंडस्ट्रियल डिजाइन तथा टेक्सटाइल एवं अपैरल डिजाइन (बैच 2022-26) के प्रतिभाशाली स्नातक डिजाइन विद्यार्थियों से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगी। हाइब्रिड भर्ती मॉडल को अधिकतम सुविधा और लचीलापन प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है, जिसके अंतर्गत भर्ती करने वाली संस्थाएं पोर्टफोलियो समीक्षा, साक्षात्कार तथा चयन प्रक्रिया को ऑनलाइन माध्यम से अथवा एनआईडी मध्य प्रदेश परिसर में उपस्थित होकर संचालित कर सकती हैं।

### भव्या पब्लिकेशन का पांचवां वार्षिकोत्सव 12 जुलाई को

**भोपाल**। भव्या पब्लिकेशन का पांचवां वार्षिकोत्सव एवं साहित्यकार अलंकरण समारोह 12 जुलाई, रविवार को दोपहर 3 बजे दुष्यंत कुमार स्मारक पाण्डुलिपि संग्रहालय के सभागार में आयोजित होगा। समारोह में सुरेश पटवा को भारतेंदु हरिश्चंद्र राष्ट्रीय साहित्य सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा अलका प्रमोद, जया आर्य, इंदिरा त्रिवेदी, वीणा मावर, नीलम 'सपना' शर्मा, धीर सिंह 'धीर', देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, सुधा दुबे, डॉ. अशोक तिवारी 'अमन', नंदा कनोजिया एवं डॉ. मीनू पाण्डेय को विभिन्न राष्ट्रीय साहित्य एवं शिक्षा सम्मानों से सम्मानित किया जाएगा। भारतेंदु हरिश्चंद्र राष्ट्रीय साहित्य सम्मान के अंतर्गत 5,000 तथा अन्य सभी सम्मानों के लिए 2,500, शॉल, श्रीफल, स्मृति-चिह्न एवं सम्मान-पत्र प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रमिला दिलराज की 'काँच का समुद्र', हेमराज कुर्मी के उपन्यास 'दो खंभों का मकान' तथा अभिषेक लाडगे के 'तीन उपन्यास' का लोकार्पण भी होगा। कार्यक्रम में साहित्यिक क्विज, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और साहित्यकारों को रॉयल्टी वितरण भी आयोजित किया जाएगा।

### मैनिट में एसपीएसएस, स्टाटा एवं आर-स्टूडियो आधारित डेटा प्रशिक्षण

**भोपाल**। मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा 'एसपीएसएस, स्टाटा एवं आर-स्टूडियो का उपयोग कर डेटा विश्लेषण' विषय पर एक सप्ताहीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसमें मुख्य अतिथि स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा विभाग, मप्र शासन के संचालक डॉ. मनोज कुमार सिंह थे। अध्यक्षता प्रो. अनुपमा शर्मा, अधिष्ठाता मैनिट ने की। प्रतिभागियों को आर-स्टूडियो, स्टाटा एवं एसपीएसएस जैसे सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उनकी शोध पद्धति, डेटा विश्लेषण क्षमता बढ़ेगी।

## रंगायन आर्ट गैलरी में 'चिंत्राकन 2026' चित्र प्रदर्शनी का आयोजन

# रंगों में उभरी कविता संग कल्पना की संवेदनशील दुनिया...


अपनी पेंटिंग के साथ बीना जैन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज जब चिड़िया देर तक मुझे एकटक देखती रही, फिर सहमी और सहसा उड़ गई, मैं दिन भर उदास रही कि मैंने ऐसा क्यों सोचा कि चिड़िया का एक पिंजरा होता.... मटके से रिसता शहद है, मुंडेर पर कुकुरमुत्ता, मुंह बाए खड़ा है। बड़ा सुकून है निर्लिप्त मौन वातावरण में... कुछ ऐसी ही कविताओं पर आधारित अपने चित्रों को रंगों की कूची से कैनवास पर सुंदर रूप दिया बीना जैन ने, रंगायन आर्ट गैलरी में 'चिंत्राकन 2026' में बीना सहित शहर के दो दर्जन से अधिक कलाप्रेमियों के चित्रों को प्रदर्शित किया जा रहा है। जिसमें बीना जैन ने कविता पर आधारित अपने चित्र को प्रदर्शित किया।

रंगायन आर्ट गैलरी में 'चिंत्राकन 2026' में कविताओं पर आधारित अपने चित्रों को रंगों की कूची से कैनवास पर सुंदर रूप दिया




रंगायन आर्ट गैलरी में 'चिंत्राकन 2026' में लगी प्रदर्शनी को निहारते लोग।




### 'गोदान' के कवर पेज पर किया रेखाओं का सुंदर चित्रण

वहीं, आर्टिस्ट बसंत भार्गव ने बताया कि इस प्रदर्शनी में हमें किताबें, मैगजीन पुस्तक के कवर पेज के आधार पर चित्र बनाने की स्वतंत्रता थी क्योंकि मैं ड्राइंग में एक्सपर्ट हूं तो मैंने ड्राइंग को ही आधार बनाकर मुंशी प्रेमचंद के उपन्यास गोदान के कवर पेज पर रेखा चित्रों का सुंदर चित्रण किया। यह एक अपनी तरीके का रेखाचित्र है, जिसके माध्यम से मैंने गोदान को और भी सुंदर रूप देने का प्रयास किया।

### वाटर कलर में एक्सपेरिमेंट करते हुए बनाया म्यूजिशियन का ग्रुप

आर्टिस्ट दिनेश दुबे कहते हैं कि मेरे ज्यादातर चित्र या पेंटिंग वाटर कलर पर आधारित होते हैं और इसीलिए मैंने करीब डेढ़ घंटे में वाटर कलर में एक्सपेरिमेंट करते हुए टेक्सचर फार्म में अपनी पेंटिंग बनाई, उन्होंने बताया कि इसके लिए मैंने वाटर कलर से टेक्सचर फार्म में म्यूजिशियन के ग्रुप को कलरफुल फूलगोभी के टेक्सचर के रुप में प्रदर्शित किया, जिसकी देखने वालों ने काफी सराहना भी की।





### गांव की हवेली को किया प्रदर्शित

### 'ओल्ड इज गोल्ड' की परिकल्पना को दर्शाता चित्र

वहीं, आर्टिस्ट विजय गहरवार बताते हैं कि मैंने पुराने आर्किटेक्ट या पुराने किलों या महलों के आधार पर अपने पेंटिंग बनाई, जिसमें राजाओं के समय के पुराने गांवों के बीचों बीच स्थित हवेली को प्रदर्शित किया है, मेरे बने चित्र में मैंने गांव और हवेली के कांबिनेशन को प्रदर्शित किया है, जिससे मैंने 'ओल्ड इज गोल्ड' की परिकल्पना को दर्शाने की कोशिश की, क्योंकि मेरा मानना है कि जो लोग जितने पुराने होते हैं उतने ही ज्यादा मजबूत होते हैं।





## 'एक शाम बशीर बद्र के नाम' कार्यक्रम संपन्न, सुनाई गजलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिंदी हमारी मां है तो ऊर्दू हमारी मौसी, मशहूर शायर पद्मश्री डॉ .बशीर बद्र आम जनता के शायर थे इसलिए उनकी ग़ज़लों के शेर लोगों की जुवान पर चढ़े हुए हैं। यह उदगार हैं सोहन सिंह परमार,उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना, के जो मुख्य कारखाना प्रबंधक प्रफुल्ल वी. कोहाड़े के संरक्षण में 'एक शाम पद्मश्री डॉ.बशीर बद्र के नाम' कार्यक्रम में बोल रहे थे। वरिष्ठ साहित्यकार घनश्याम मैथिल 'अमृत' ने शायर डॉ. बशीर बद्र से जुड़े संस्मरण सुनाते हुए उन्हें सहज सरल भाषा में आम आदमी का गजलकार बताया।

## इंडस्ट्री एक्सपर्ट ने एसजीएसयू के फॉर्मेसी विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र

### 'रियल वर्ल्ड स्किल्स के माध्यम से फार्मेसी विद्यार्थियों को सशक्त बनाना' विषय पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) के स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज द्वारा विद्यार्थियों को उद्योग जगत की वास्तविक आवश्यकताओं से जोड़ने के उद्देश्य से एक विशेष विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। रियल वर्ल्ड स्किल्स के माध्यम से फॉर्मेसी विद्यार्थियों को सशक्त बनाना विषय पर आयोजित इस सत्र में फार्मा कॅरियर ब्रिज के संस्थापक एवं निदेशक कृष्णेंदु मिश्रा ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने फार्मास्युटिकल उद्योग में तेजी से बदलते परिदृश्य, रोजगार के नए अवसरों, उद्योग की अपेक्षाओं तथा करियर निर्माण के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल पर विस्तार से चर्चा की।



**उद्योग जगत की कार्यप्रणाली विकसित करने की आवश्यकता**

निदेशक कृष्णेंदु मिश्रा ने कहा कि आज केवल शैक्षणिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को उद्योग की कार्यप्रणाली, तकनीकी दक्षता, संवाद कौशल और व्यावसायिक दृष्टिकोण विकसित करना भी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करने तथा निरंतर सीखने की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

### दुष्यंत संग्रहालय में 'शिवकुमार अर्चन गीत विमर्श–2026' का आयोजन

## शिवकुमार अर्चन की स्मृति में गूंजे गीत, हुआ कविता पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिंदी गीत और नवगीत की समृद्ध परंपरा को नई ऊर्जा देने तथा वरिष्ठ गीतकार स्व शिवकुमार अर्चन की साहित्यक विरासत को स्मरण करने के उद्देश्य से 'शिवकुमार अर्चन गीत विमर्श–2026' का आयोजन दुष्यंत कुमार संग्रहालय में किया गया।

**कार्यक्रम में आए गीतकारों ने गीतों की प्रस्तुति**

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार मयंक श्रीवास्तव ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. साधना बलवटे, निदेशक, निराला सृजन पीठ उपस्थित रहीं।

समारोह का विशेष आकर्षण 'शिवकुमार अर्चन स्मृति सम्मान–2026' रहा जो सुप्रसिद्ध गीतकार मनोज जैन 'मधुर' को मिला



दुष्यंत कुमार संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम उपस्थित अतिथि।

### शिवकुमार अर्चन स्मृति सम्मान मनोज जैन को मिला

इस अवसर पर ऋषि श्रृंगारी, ममता वाजपेयी, मधु शुक्ला, जयप्रकाश श्रीवास्तव, मनोज जैन, पंकज पराग, डॉ. प्रतिभा द्विवेदी एवं चित्रांश बाघमारे द्वारा गीत-पाठ प्रस्तुत किया गया। वहीं जयप्रकाश श्रीवास्तव एवं डॉ. प्रतिभा द्विवेदी ने श्री अर्चन के चुनिंदा गीतों की सस्वर प्रस्तुति दी। समारोह का विशेष आकर्षण 'शिवकुमार अर्चन स्मृति सम्मान–2026' रहा जो सुप्रसिद्ध गीतकार मनोज जैन 'मधुर' को मिला।

### वन चाइल्ड-वन प्लांट अभियान

## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय नंबर-2 में स्टूडेंटस ने लगाए 1800 पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के शिवाजी नगर स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक–2 में वन महोत्सव के तहत 'एक पेड़ मां के नाम' व वन चाइल्ड-वन प्लांट अभियान के तहत स्कूल के करीब 1800 छात्र-छात्राओं ने स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। इस अवसर पर प्राचार्य पवन कुमार बेडूये, उप प्राचार्या अंजना धनराजु, प्रधानाध्यापिका सुषमा गुप्ता ने शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ स्कूल परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केन्द्रीय विद्यालय संगठन, भोपाल संभाग की उपायुक्त शाहिदा परवीन रहीं।

सहकारिता मंत्रालय के 5 साल पूरे

# शाह बोले- पीएम मोदी के फैसले से आंदोलन को मिला नया जीवन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सहकारिता मंत्रालय के पांच साल पूरे होने के मौके पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने आज ही के दिन केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय को केंद्र सरकार में प्रस्तावित करने का काम किया था। सभी सहकारिता सदस्यों की ओर से पीएम का धन्यवाद करना चाहूंगा। पीएम के इस फैसले ने सहकारिता आंदोलन को नए चरण में ले जाने का काम किया है। 75 वर्षों में सहकारिता आंदोलन उपेक्षित रहा। इसे हमेशा दोयम दर्जे को जाना गया। लेकिन, पीएम ने इसे एक सदी तक आगे बढ़ाने का काम किया है और उनके एक फैसले से ही करोड़ों लोगों को फायदा पहुंचा है। सहकारिता मंत्रालय ने सहकारिता क्षेत्र को नया प्राण देने का काम किया है।

अमित शाह ने कहा कि 75 वर्षों में सहकारिता आंदोलन उपेक्षित रहा। इसे हमेशा दोयम दर्जे का माना गया। लेकिन, पीएम ने इसे एक सदी तक आगे बढ़ाने का काम किया है और उनके एक फैसले से ही करोड़ों लोगों को फायदा पहुंचा है

**55** हजार समितियां गांव में सेवा का केंद्र बनीं

**3,000** करोड़ से पैक्स को कंप्यूटराइज किया

## हम राज्य सरकार के काम में दखल नहीं दे रहे, उनकी मदद कर रहे



केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह कई योजनाओं का शुभारंभ करते हुए

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय का गठन किया जा रहा था, तब कई लोग इसका विरोध कर रहे थे। विरोधियों का कहना था कि सहकारिता मंत्रालय राज्य का विषय है। आज जब हमारा मंत्रालय पांच साल पूरा कर चुका है तो आज तक किसी भी विरोधी दल ने कोई विरोध नहीं किया। सहकारिता मंत्रालय ने यह साबित कर दिया है कि हम राज्य सरकार के काम में दखल देने के लिए नहीं, बल्कि उनकी मदद के लिए हैं।

### सभी पीएसी के लिए एक ही बायलॉज

अमित शाह ने कहा कि पूरे देश की प्राथमिक कृषि साख समित (पीएसी) अब एक ही मॉडल बायलॉज के तहत काम कर रही हैं। 300 विभिन्न गतिविधियों को 55,000 पैक्स के माध्यम से हम कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) सेवाएं दे रहे हैं। 39,000 पैक्स किसान समृद्धि केंद्र बन चुके हैं। 600 से अधिक पैक्स जन औषधि केंद्र बन चुके हैं। 75 पैक्स पेट्रोल और डीजल के खुदरा आउटलेट चला रहे हैं। 118 पैक्स जल आपूर्ति योजनाओं का रखरखाव कर रहे हैं। भारत सरकार ने 3,000 करोड़ रुपए खर्च करके पैक्स को कंप्यूटराइज करने का काम किया है।

कोलकाता पहुंचे अमित शाह



## श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 फुट ऊंची प्रतिमा का शिलान्यास किया

कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विचारक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर सोमवार को पूर्वी कोलकाता में उनकी 125 फुट ऊंची प्रतिमा का शिलान्यास किया। कोलकाता के न्यू टाउन इलाके में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिमा निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी मौजूद थे। शाह शाम को विश्व बांग्ला मेला मैदान में आयोजित स्मृति कार्यक्रम में भी शामिल हुए और प्रदेश भाजपा नेतृत्व के साथ संगठनात्मक मुद्दों और पश्चिम बंगाल में पार्टी की भावी रणनीति पर भी चर्चा की।

## खबर संक्षेप

### अदालत ने आरोपी निदा खान को जमानत दी



**नासिक**। नासिक की एक अदालत ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की कर्मचारी निदा खान को यहां स्थित कंपनी की शाखा में कथित यौन उत्पीड़न और धर्मांतरण से जुड़े मामलों में से एक में सोमवार को जमानत दे दी। उसे गिरफ्तारी के करीब दो महीने बाद यह राहत मिली है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश केजी जोशी ने निदा खान को जमानत दी।

### सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकारी करूर भगदड़ की याचिका



**नई दिल्ली**। तमिलनाडु के चर्चित करूर भगदड़ मामले में सीएम विजय थलापति की सरकार की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। विपक्षी दल डीएमके की ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल सुनवाई की मांग स्वीकार कर ली है। अब इस मामले की सुनवाई मंगलवार को होगी। डीएमके के आरएस भारती ने याचिका लगाई थी।

### हादसे में सिपाही और ट्रक चालक की मौत



**कानपुर**। कानपुर के बर्रा इलाके में हुए हादसे में यातायात पुलिस में तैनात एक सिपाही और ट्रक चालक की मौत हो गई तथा एक अन्य कांस्टेबल गम्भीर रूप से घायल हो गया। अपर पुलिस आयुक्त विपिन ताडा ने जब दोनों पुलिसकर्मी मोटरसाइकिल से बर्रा मार्ग पर पहुंचे तभी ट्रक ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी।

### ताजमहल में मंदिर पर हाईकोर्ट ने जवाब मांगा



**प्रयागराज**। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 6 जुलाई को ताजमहल परिसर में तेजो महालय मंदिर होने के दावे से मामले में सर्वे के लिए एडवोकेट कमीशन नियुक्त करने की मांग में दाखिल याचिका पर सुनवाई की। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए जवाब मांगा है।

## महाराष्ट्र में मानसून ने पकड़ी रफ्तार, तीसरे दिन भी हुई मूसलाधार बारिश

# मुंबई में स्कूल-कॉलेज बंद, 20 ट्रेनें रद्द 17 फ्लाइट कैंसिल, कई हाइवे बंद

कई निजी कंपनियों ने कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम की सलाह दी गई

मौसम विभाग के रेड अलर्ट के बीच प्रशासन ने लोगों से बिना जरूरी काम के घर से बाहर न निकलने की अपील की है। कई निजी कंपनियों ने कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम की सलाह दी है, जबकि सरकारी, निजी और नगर निगम के सभी स्कूल-कॉलेजों में सोमवार को छुट्टी घोषित कर दी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है और लगातार तीसरे दिन हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। सबसे ज्यादा असर मुंबई, पुणे और आसपास के इलाकों में देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के रेड अलर्ट के बीच प्रशासन ने लोगों से बिना जरूरी काम के घर से बाहर न निकलने की अपील की है। कई निजी कंपनियों ने कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम की सलाह दी है, जबकि सरकारी, निजी और नगर निगम के सभी स्कूल-कॉलेजों में सोमवार को छुट्टी घोषित कर दी गई। लगातार भारी बारिश के कारण मुंबई में दो जगह भूस्खलन हुआ। मलबे में लोग दबे हुए हैं। बचाव के लिए एनडीआरएफ रवाना हो चुकी है। मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे और पुराना हाइवे भी बंद कर दिया गया है। इतना ही नहीं, भारी बारिश देखते हुए कई ट्रेनें भी रद्द कर दी गईं।

मुंबई में दो जगह भूस्खलन, मलबे में दबे लोग

तीन-चार दिन में 13 लोगों की मौत की पुष्टि


मुंबई के उपनगरीय शहर माटुंगा में सड़क पर जलभराव

### सीएम फडणवीस ने की अहम बैठक

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मंत्रालय में बने डिजास्टर कंट्रोल रूम में एक बैठक की। उन्होंने कहा कि पूरा आपदा प्रबंधन तंत्र, नगर निगम और अन्य एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। मुंबई-पुणे मार्ग पर भूस्खलन के बाद यातायात तुरंत रोका गया और राहत कार्य जारी है। सीएम ने लोगों से गैर-जरूरी यात्रा से बचने और झरनों व पर्यटन स्थलों पर न जाने की अपील की। वहीं, कांग्रेस ने बारिश से हुई मौतों और हादसों की उच्चस्तरीय जांच तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।

**विधानसभा पूरे दिन के लिए स्थगित**

सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने सभी विधायकों और नागरिकों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने बताया कि मुंबई, पालघर और रायगढ़ में रिकॉर्ड तोड़ बारिश हुई है। जिसके कारण पिछले तीन-चार दिनों में 13 लोगों की मौत हुई है।

### रेल सेवाएं प्रभावित

भारी बारिश का असर पश्चिम रेलवे की सेवाओं पर पड़ा है। वसई, नालासोपारा और विरार क्षेत्र में जलभराव के कारण वसई-नालासोपारा-विरार के बीच लोकल ट्रेन सेवाएं सीमित संख्या में चलाई जा रही हैं। चर्चगेट से वसई रोड तक लोकल ट्रेनें 20-25 मिनट की देरी से चल रही हैं। वहीं, मुंबई आने वाली कई लंबी दूरी की ट्रेनों को विरार से पहले रोका जा रहा है और कुछ ट्रेनों को शॉर्ट-टर्मिनेट किया गया है।

### चॉल गिरने से 6 की मौत



महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई के मानखुर्द इलाके में चॉल गिरने की घटना पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने हादसे में जान गंवाने वाले छह लोगों के परिजनों को राज्य सरकार की ओर से 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। यह हादसा रविवार रात भारी बारिश के बीच मंडाला इलाके में हुआ था।

### मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर भूस्खलन, ये भ्रष्टाचार



मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे के 'मिसिंग लिंक' सेक्शन पर हुए भूस्खलन पर कांग्रेस विधायक विजय वडेट्टीवार ने कहा, 'मिसिंग लिंक' पर भूस्खलन हुआ है यानी यह 'मिसिंग लिंक', उसमें भारी भ्रष्टाचार हुआ है। यह घटिया दर्जे का काम है।

### मनोरी तट के पास फंसा जहाज

भारी बारिश के बीच उत्तरी मुंबई में मनोरी बीच से लगभग एक किमी दूर एक जहाज फंस गया। स्थानीय पुलिस ने नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल और अन्य संबंधित समुद्री अधिकारियों को स्थिति के बारे में सूचित किया गया। जहाज ने लंगर डाल दिया है और इससे जुड़ी किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है।

**मुंबई से पांच उड़ानें डाइवर्ट :** शहर में भारी बारिश के कारण दोपहर 3:30 बजे तक मुंबई आने वाली पांच उड़ानों को दूसरे हवाई अड्डों की ओर मोड़ दिया गया।

आफत बनकर बरसेंगे बादल

## पश्चिम में अत्यधिक वर्षा की संभावना आईएमडी ने जारी किया 'रेड' अलर्ट


जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बाढ़ के मलबे में सड़क पर फंसे कई वाहन

**नई दिल्ली**। देशभर में मानसून अब पूरी तरह सक्रिय हो गया है और कई राज्यों में अगले 24 से 72 घंटे बेहद भारी पड़ सकते हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के वैज्ञानिक डॉ. शशि कांत ने बताया कि देश के पश्चिमी तट, जिसमें गुजरात, सौराष्ट्र, तटीय महाराष्ट्र, तटीय कर्नाटक और केरल शामिल हैं, वहां पूरे क्षेत्र में बहुत भारी से अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है। गुजरात, तटीय महाराष्ट्र और तटीय कर्नाटक के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में कुछ स्थानों पर 21 सेंटीमीटर से अधिक बारिश दर्ज हो सकती है।

### मुंबई में 20 सेंमी से अधिक बारिश

मुंबई और उसके आसपास के इलाकों में पिछले 24 घंटों के दौरान 20 सेंटीमीटर से अधिक अत्यधिक भारी बारिश रिकॉर्ड की गई है। मध्य महाराष्ट्र के घाट क्षेत्रों, जिनमें पुणे, महाबलेश्वर और आसपास के इलाके शामिल हैं, वहां भी अत्यधिक भारी बारिश हुई है। महाबलेश्वर में एक-दो स्थानों पर 40 से 50 सेंटीमीटर तक बारिश दर्ज की गई। छत्तीसगढ़ के लिए भी रेड अलर्ट जारी किया गया है, जहां अत्यधिक भारी बारिश की आशंका है।

### डोडा-किश्तवाड़ राजमार्ग बाधित

जम्मू कश्मीर में रविवार को रात भर हुई लगातार बारिश की वजह से अचानक आई बाढ़ के कारण डोडा-किश्तवाड़ राजमार्ग का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित हुई तथा पर्वतीय जिलों डोडा और किश्तवाड़ में निर्माणाधीन 540 मेगावाट वाली क्वार पनबिजली परियोजना के पास कई गाड़ियां मलबे में दब गईं। बाढ़ आने के बाद राजमार्ग पर भारी मात्रा में कीचड़, चट्टानें और मलबा जमा हो गया।

केजरीवाल के सरकारी आवास पर फैसला

## 'शीशमहल' को कल्चरल सेंटर में तब्दील करेंगी रेखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली की भाजपा सरकार ने सिविल लाइंस स्थित 6-फ्लैगस्टाफ रोड पर मौजूद पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास को लेकर बड़ा फैसला लिया है। दिल्ली सरकार इस आवास को स्टेट गेस्ट हाउस और अत्याधुनिक कल्चरल सेंटर के रूप में विकसित करेगी। इस आवास में दिल्ली सरकार वीवीआईपी मेहमानों की मेजबानी करेगी। इसे लेकर सरकार ने पूरा प्लान तैयार किया है। यहां सरकारी मेहमानों के लिए स्थायी सुविधा का इंतजाम किया जाएगा। देश-विदेश से यहां आने वाले सरकारी प्रतिनिधिमंडलों, विशिष्ट अतिथियों और उच्चस्तरीय अधिकारियों के ठहरने के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस गेस्ट हाउस तैयार किया जाएगा। इसे स्टेट गेस्ट हाउस और अत्याधुनिक कल्चरल सेंटर के रूप में तैयार किया जाएगा।

जगन्नाथ रथयात्रा वाले श्रद्धालुओं के लिए बड़ी खुशखबर

## रेलवे चलाएगा 300 से अधिक विशेष ट्रेनें पुरी स्टेशन पर 30 हजार यात्री ठहर सकेंगे

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का बड़ा ऐलान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे इस वर्ष 300 से अधिक विशेष ट्रेनों का संचालन करेगा। ये ट्रेनें नियमित रूप से चलने वाली 800 से अधिक ट्रेनों के अतिरिक्त होंगी। रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने व्यापक तैयारियां की हैं। उन्होंने बताया कि वह स्वयं रथयात्रा से पहले रेलवे की तैयारियों की समीक्षा करेंगे, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और रेल संचालन सुचारु रूप से किया जा सके। वैष्णव ने कहा कि पुरी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अस्थायी रूप से लगभग 30 हजार यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए प्रतीक्षालय, यात्री सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सहायता के इंतजाम होंगे।

### ओणम पर 100 से अधिक विशेष ट्रेनें

केरल के प्रमुख पर्व ओणम के अवसर पर भी भारतीय रेलवे 100 से अधिक विशेष ट्रेनों का संचालन करेगा, ताकि त्योहार के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को आसानी से संभाला जा सके। रथयात्रा और ओणम जैसे प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के दौरान यात्रियों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन और अतिरिक्त यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना तैयार की गई है।

पंजाब कांग्रेस में चुनाव से पहले बगावत

## सांसद चन्नी दिल्ली पहुंचे, प्रभारी बघेल की बैठक में रहे अनुपस्थित

एजेंसी ▶▶ लुधियाना



पंजाब कांग्रेस में खुली बगावत हो गई है। पूर्व सीएम व जालंधर से सांसद चरणजीत चन्नी ने पंजाब कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल की मीटिंग का बायकॉट कर दिया है। चन्नी अपने समर्थक सांसदों, विधायकों व पूर्व विधायकों से मीटिंग के बाद दिल्ली रवाना हो गए हैं। जहां वे हाईकमान से मिलेंगे। चन्नी समर्थकों ने बघेल को रिसीव तक नहीं किया। बघेल अब चुपचाप बैठे नेता विपक्ष प्रताप बाजवा के घर गए हैं। चन्नी को नया प्रधान बनने के लिए अब तक एक सांसद सुखजिंदर रंधावा और 6 विधायकों का समर्थन मिल गया है। इसके अलावा नए वर्किंग प्रधान संगत सिंह गिलजियां भी उनके गुट में शामिल हो गए हैं। मौजूदा प्रधान अमरिंदर राजा वड़िंग के पक्ष में सिर्फ एक सांसद डॉ. अमर सिंह आए हैं। कोई भी विधायक उनके समर्थन में नहीं बोला है।

लखनऊ रैली के हनुमान वीडियो पर गर्माई सियासत

## सनातन के अपमान पर विपक्ष मौनः नितिन हिंदू धर्म पर आप लोग कलंकः केजरीवाल

### बजरंगबली को भूले केजरीवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शुरू हुई भाजपा और आम आदमी पार्टी के नेताओं की जुबानी जंग अब भगवान हनुमान और धार्मिक आस्था के मुद्दे तक पहुंच गई है। विवाद की शुरुआत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के एक पोस्ट से हुई, जिसमें उन्होंने विपक्षी नेताओं पर हिंदू धर्म और सनातन के अपमान को लेकर निशाना साधा।



### हिंदू समाज से माफी मांगें

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर हिंदू धर्म का अपमान करने का आरोप लगाया और पूरे हिंदू समाज से माफी मांगने को कहा। यह प्रतिक्रिया भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की रैली के वीडियो के बाद आई है जिसमें एक व्यक्ति हनुमान की वेशभूषा में सड़क पर उनके काफिले के सामने नृत्य करता दिखा।

**हनुमान हमारे पूजनीय**

वहीं, दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने भी केजरीवाल पर तंज कसते हुए लिखा कि आपको याद है बजरंग बली कौन हैं? अगर भूल गए हैं तो याद दिला दूं कि वो हमारे पूजनीय भगवान हैं।

'मेक इन इंडिया' पहल के तहत की गई विकसित

## पीएम मोदी 17 जुलाई को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे जल्द ही यात्रियों को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन की सौगात देने जा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन हरियाणा के जींद-सोनीपत रूट पर चलेगी। यह ट्रेन हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक से संचालित होगी। खास बात यह है कि ट्रेन को 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत विकसित किया गया है और इसका डिजाइन लखनऊ स्थित आरडीएसओ ने तैयार किया है। शुरुआती रफ्तार 75 किमी प्रति घंटा होगी। इस परियोजना को भारतीय रेलवे के हरित और स्वच्छ परिवहन की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

हरियाणा के जींद से सोनीपत रूट पर चलेगी


परीक्षण के दौरान देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन 'नमो ग्रीन रेल'

### एक रिफ्यूल में 250 किमी चलेगी

यह ट्रेन 1200 किलोवाट हाइड्रोजन फ्यूल सेल प्रोपल्शन सिस्टम पर आधारित होगी। ट्रायल के दौरान इसकी गति 75 किमी प्रति घंटा तय की गई है। एक बार रिफ्यूल करने पर यह ट्रेन करीब 250 किमी तक चल सकेगी। इस ट्रेन में 1200 किलोवाट की दो ड्राइविंग पावर यूनिट्स लगी होंगी।

### 27 हाइड्रोजन सिलेंडर लगाए गए

इसमें 8 पैसेंजर कोच भी शामिल किए गए हैं। ट्रेन में फ्यूल सेल सिस्टम, हाइड्रोजन स्टोरेज सिलेंडर, बैटरियों और कंट्रोल सिस्टम के लिए अलग-अलग स्पेस निर्धारित किया गया है। ट्रेन में करीब 27 हाइड्रोजन सिलेंडर लगाए गए हैं। इसमें किसी प्रकार का प्रदूषण या उत्सर्जन नहीं होता है।

### निर्माण में 89 करोड़ रुपए खर्च हुए

इस ट्रेन में 2500 लोगों के बैठने की क्षमता है। इस ट्रेन को बनाने में 89 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। जींद से सोनीपत की दूरी लगभग 90 किमी है। यह ट्रेन 110 से 140 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलेगी। ट्रेन को हर घंटे 40 हजार लीटर पानी की जरूरत होगी। स्टेशन की छतों का पानी भी प्लांट तक पहुंचाया जाएगा। हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन आठ-दस डिब्बों की होगी। यह हाइब्रिड ट्रेनें होंगी, जिनमें अक्षय ऊर्जा भंडारण जैसे बैटरी या सुपर कैपेसिटर लगे होंगे। इंजन में डीजल की जगह फ्यूल सेल, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन डाली जाएगी।



# इंडोनेशिया में पीएम मोदी का ग्रैंड वेलकम, फाइटर जेट ने किया एस्कॉर्ट, राष्ट्रपति ने प्रोटोकॉल तोड़ अगवानी की

इंडोनेशिया से भारत का 100 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य

इंडोनेशिया में 130 से ज्यादा भारतीय कंपनियों ने किया निवेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंचे हैं। इस दौरान पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया गया। इंडोनेशियाई वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने पीएम मोदी के एयरक्राफ्ट को एस्कॉर्ट किया। इसके बाद एयरपोर्ट पहुंचने पर इंडोनेशियाई राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो ने प्रोटोकॉल तोड़ पीएम मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी इंडोनेशिया में 8 जुलाई तक रहेंगे। इस दौरान वह दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में साझेदारी को गहरा करने पर जोर देंगे। इसके अलावा, भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी के इंडोनेशिया यात्रा के कई उद्देश्य हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया की महत्वपूर्ण आधिकारिक यात्रा पर जकार्ता पहुंचे, जहां एयरपोर्ट पर फाइटर जेट्स द्वारा एस्कॉर्ट और पारंपरिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। इंडोनेशिया के नए राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो और पीएम मोदी के बीच गहरे व्यक्तिगत संबंधों को देखते हुए इस यात्रा को बेहद खास माना जा रहा है। दोनों नेताओं के बीच होने वाली द्विपक्षीय वार्ता में रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता जैसे प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित रहेगा।

**पीएम मोदी 8 जुलाई तक इंडोनेशिया में रहेंगे व्यापारिक चर्चा और भारतीयों से करेंगे मुलाकात**



राष्ट्रपति ने किया स्वागत



फाइटर जेट ने किया एस्कॉर्ट

### मजबूत होगा रक्षा सहयोग

रणनीतिक महत्व: हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती गतिविधियों के बीच दोनों देशों की यह साझेदारी और भी प्रासंगिक हो गई है। इंडोनेशियाई रक्षा बलों द्वारा भारतीय विमान को एस्कॉर्ट करना मजबूत रक्षा सहयोग का प्रतीक है। दोनों देशों के बीच ब्रह्मोस मिसाइल और तेजस विमान जैसे भारतीय सैन्य उपकरणों की आपूर्ति पर भी चर्चा संभव है।हजारों साल पुराने सांस्कृतिक व ऐतिहासिक संबंधों को संजोए दोनों देश ग्लोबल साउथ की आवाज बनकर उभरे हैं। यह यात्रा न केवल द्विपक्षीय व्यापार और सामरिक रक्षा संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी, बल्कि पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता और सुरक्षा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

### भारत-इंडोनेशिया रक्षा संबंध होंगे मजबूत

भारत के रक्षा और सुरक्षा सहयोग में उच्च स्तरीय दौरा, नियमित द्विपक्षीय और बहुपक्षीय एक्सरसाइज और रक्षा उद्योग में गहरे सहयोग (ब्रह्मोस की बिक्री सहित) के जरिए तेजी आई है और इसका दायरा भी बढ़ा है। समुद्री पड़ोसी होने के नाते, दोनों देशों ने 2018 में हिंद-प्रशांत में भारत-इंडोनेशिया समुद्री सहयोग के साझा दृष्टिकोण को अपनाया। आईएफसी-आईओआर में एक इंडोनेशियन लाइजन ऑफिसर की तैनाती से हमारी मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस को और बढ़ावा मिलेगा। भारत एनडीए और डीएसएससी में इंडोनेशियन कैडेट्स और ऑफिसर्स के लिए स्लॉट भी तय करेगा, जिससे रक्षा के क्षेत्र में कैपेसिटी बिल्डिंग बढ़ेगी।

### व्यापार और निवेश पर भी बनेगी बात

इस यात्रा का उद्देश्य व्यापार और निवेश के जरिए विकास को बढ़ावा देना है। विकसित भारत 2047 और एमास (गोल्डन) इंडोनेशिया 2045 के डेवलपमेंट विजन के बीच मजबूत तालमेल है। इंडोनेशिया, आसियान क्षेत्र में भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनकर उभरा है, जिसका 2025-26 में द्विपक्षीय व्यापार 24.78 बिलियन अमेरिकी डॉलर होगा। इंडोनेशिया में अलग-अलग क्षेत्रों में 130 से ज्यादा भारतीय कंपनियों ने निवेश किया है।

---

## खबर संक्षेप

### श्रीलंका की जेल में खूनी संघर्ष, 25 की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका के नेगोम्बो शहर की एक जेल में ड्रग माफियाओं के दो विरोधी गुटों के बीच भीषण



हिंसक झड़प हो गई। इस खूनी संघर्ष में 4 सुरक्षाकर्मियों सहित 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस के अनुसार, रविवार रात शुरू हुआ यह विवाद सोमवार सुबह तक एक बड़े दंगे में बदल गया। इसे पिछले पांच सालों का सबसे घातक जेल दंगा बताया जा रहा है। घायलों को इलाज के लिए नेगोम्बो सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, कई कैदियों और गार्ड्स को चोटें लगी हैं।

### ईयू का चीन को बड़ा झटका सस्ते आयात पर 3 यूरो ड्यूटी

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ ने चीन समेत अन्य देशों से आने वाले सस्ते सामानों पर मिलने वाली छूट



खत्म कर दी है। अब 150 यूरो तक के कम मूल्य वाले ऑनलाइन उत्पादों (बी2सी) पर प्रति डिक्लेरेशन लाइन 3 यूरो की एक समान कस्टम ड्यूटी लगेगी। इसका सीधा असर चीन के ई-कॉमर्स बाजार पर पड़ेगा। अतिरिक्त शुल्क के कारण ग्राहकों का खर्च बढ़ेगा, जिससे कई लोग खरीदारी रद्द कर रहे हैं। टैक्स चोरी रोकने और बाजार में निष्पक्षता लाने के लिए यह अस्थायी नियम 1 जुलाई 2028 तक लागू रहेगा।

## पहलगाम अटैक : एनआईए ने दाखिल की सप्लीमेंट्री चार्जशीट

# एनआईए का बड़ा एक्शन, कहा-भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश रची थी हाफिज सईद ने

**पहलगाम में टूरिस्ट्स की धर्म पूछकर हत्या की गई थी**

सीमा पार से साजिश रचने और आतंकवाद को बढ़ावा देने के गंभीर आरोप लगाए

एजेंसी ▶▶जम्मू

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पहलगाम आतंकी हमले के मामले में एक बड़ा कदम उठाते हुए लश्कर-ए-तैयबा और उसके प्रॉक्सी संगठन टीआरएफ के सरगना हाफिज सईद के खिलाफ जम्मू की स्पेशल एनआईए कोर्ट में पूरक आरोप पत्र (सप्लीमेंट्री चार्जशीट) दाखिल किया है। हाफिज सईद पर भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने, सीमा पार से साजिश रचने और आतंकवाद को बढ़ावा देने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

इस चार्जशीट में पाकिस्तान की सोची-समझी साजिश और हाफिज सईद की मुख्य भूमिका को उजागर करने के लिए भारतीय न्याय संहिता 2023 और यूएपीए की विभिन्न धाराओं के तहत वैज्ञानिक व तकनीकी सबूत शामिल किए गए हैं। 22 अप्रैल 2025 को आतंकवादियों ने पहलगाम की बैसरन घाटी में फायरिंग की थी। टूरिस्टों की धर्म पूछकर हत्या की गई थी। हमले में 26 टूरिस्ट मारे गए थे। इसके बाद भारत ने 6-7 मई की रात ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। पाकिस्तान और पीओके में 9 ठिकानों पर हमला किया था। भारत का दावा है, इसमें 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए। पहलगाम हमले के बाद एनआईए ने 15 दिसंबर 2025 को पहली चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें पाकिस्तान के आतंकी हैंडलर साजिद जट समेत 6 आतंकियों को आरोपी बनाया था। उस वक्त हाफिज सईद का नाम सामने नहीं आया था। पहलगाम हमले के 3 आतंकी मारे जा चुके हैं। आतंकियों का हैंडलर सैफुल्लाह जट्ट उर्फ लंगड़ा अभी जिंदा है। उस पर 10 लाख का इनाम है। इससे पहले 15 दिसंबर 2025 को एनआईए ने 1,597 पन्नों की पहली चार्जशीट दाखिल की थी। उसमें पाकिस्तानी हैंडलर साजिद जट्ट, जुलाई 2025 में ऑपरेशन महादेव के दौरान मारे गए तीन आतंकवादियों और दो गिरफ्तार आरोपियों को नामजद किया गया था।

भारत का मोस्टवांटेड है हाफिज सईद आए दिन दिन रचता है साजिश



हाफिज सईद



धर्म पूछा और दाग दी गोली

### पहलगाम हमले के बाद 5 बड़े ऑपरेशन

▶▶ **ऑपरेशन सिंदूर 7 मई 2025 :** पाकिस्तान और पीओके में जैश और लश्कर के 9 आतंकी ठिकाने ध्वस्त किए। 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए। 6 जवान शहीद हुए, जानकारी बाद में आई।

▶▶ **ऑपरेशन केलर 13 मई 2025 :** इंडियन आर्मी ने शुकेल-केलर और शोपियां 3 लश्कर आतंकी ढेर किए गए। इनमें टॉप कमांडर शाहिद कुट्टे शामिल था।

▶▶ **ऑपरेशन महादेव 28 जुलाई 2025 :** महादेव रिज श्रीनगर में राष्ट्रीय राइफल्स, स्पेशल फोर्सेज ने 3 पाकिस्तानी आतंकियों (सुलेमान शाह, अबू हमजा यासिर) को मार गिराया।

▶▶ **ऑपरेशन अखल अगस्त 2025 :** कुलगाम इलाके में बने अखल जंगल में भारतीय सेना ने 3 आतंकी मारे। सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर के जंगलों में सक्रिय मॉड्यूल पर कार्रवाई की थी।

▶▶ **ऑपरेशन गुड्डर 7–17 सितंबर 2025 :** चिनार कॉर्प्स ने कुलगाम में गुड्डर जंगल में 2 आतंकी मारे। एनकाउंटर में सेना के 2 जवान सूबेदार प्रभात गौर और लांस नायक नरेंद्र सिंधु शहीद हुए।

### चार्जशीट में अब तक 5 खुलासे

▶▶ **आतंकियों को रियल टाइम डायरेक्शन मिला :** लश्कर आतंकी सैफुल्लाह जट्ट उर्फ लंगड़ा को मास्टरमाइंड बताया गया था। साजिद पाकिस्तान के लाहौर में कसूर में रहता है। जट्ट ही आतंकियों का मेन हैंडलर था। वह उन्हें रियल टाइम डायरेक्शन दे रहा था। उसने ही हमले वाली जगह बैसरन वैली की लोकेशन भेजी थी। हमले के दौरान आतंकियों से बात कर रहा था।

▶▶ **दो गाइड्स ने आतंकियों को देखा था :** टूरिस्ट गाइड परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार वक्त रहते जानकारी देते तो हमला को टाला जा सकता था। दरअसल, दोनों गाइड ने आतंकियों को बैसरन में देखा था लेकिन सुरक्षा एजेंसियों को नहीं बताया। दोनों गिरफ्तार हो चुके हैं।

▶▶ **हमले से पहले पेड़ के नीचे खाना खाया :** हमले से एक दिन पहले तीनों आतंकियों ने गाइड परवेज की झोपड़ी में खाना खाया। जाते वक्त रोटी-सब्जी भी साथ ले गए थे। तीनों आतंकियों ने फायरिंग से पहले बैसरन घाटी में एक पेड़ के नीचे खाना खाया। वारदात के बाद तीनों ने धार्मिक नारे लगाते हुए फायरिंग भी की थी।

▶▶ **आतंकियों तक चीन से पहुंचा एक्शन कैमरा :** हमले में जिस एक्शन कैमरे का इस्तेमाल किया, वह अमेरिका में बना था और चीन के रास्ते आतंकियों तक पहुंचा था। ये एक छोटा एक्शन कैमरा है, इसे बाइकिंग, ट्रैकिंग, डाइविंग और यात्रा के दौरान वीडियो रिकॉर्ड करने के लिए बनाया गया है।

▶▶ **आतंकियों के मोबाइल कराची-लाहौर से आए :** हमले में शामिल आतंकियों का 28 जुलाई को एनकाउंटर हुआ था। इनके पास से ऑरेंज कलर का RedMi 9T और एक ब्लैक कलर का RedMi Note 12 बरामद हुआ था। दोनों मोबाइल कराची की सप्लाई चेन के जरिए पाकिस्तान पहुंचे थे। इनके नेविगेशन ऐप में बैसरन घाटी की लोकेशन और स्क्रीनशॉट मिले।

## दिल्ली में पकड़े गए 6 दहशतगर्द

# शहजाद भट्टी नेटवर्क के दो मॉड्यूल का भंडाफोड़, पेट्रोल बम और पिस्तौलें बरामद

दो अलग-अलग नेटवर्क के जरिए रची जा रही थी साजिश



एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात शहजाद भट्टी नेटवर्क के दो अलग-अलग मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में दिल्ली और पंजाब के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी कर छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध हथियार, पिस्तौल और खतरनाक पेट्रोल बम (मोलोटोव कॉकटेल) बरामद किए गए हैं। सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी साझा की। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपी दो बेहद खतरनाक और अलग-अलग नेटवर्क के माध्यम से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे।

पहला मॉड्यूल का सीधा संबंध आतंकी गतिविधियों और देश विरोधी साजिशों से था, जो किसी बड़ी अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में था। जबकि दूसरा मॉड्यूल पूरी तरह से अवैध हथियारों की तस्करी (आर्म्स स्मगलिंग) में लिप्त था, जो अपराधियों और गैंगस्टरों को हथियारों की सप्लाई करता था। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि यह पूरा नेटवर्क बेहद संगठित तरीके से काम कर रहा था। पुलिस को शक है कि इस नेटवर्क के तार देश के कई अन्य राज्यों से भी जुड़े हुए हैं। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे होने की उम्मीद है।

### दिल्ली से पहले भी पकड़े गए हैं आतंकी

दिल्ली के जामिया नगर में सितंबर सितंबर 2008 में पुलिस की स्पेशल सेल ने बटला हाउस में छापेमारी की। मुठभेड़ के दौरान 2 आतंकियों को मार गिराया गया और 2 को गिरफ्तार किया गया। ये इंडियन मुजाहिदीन के आतंकी थे, जिन्होंने दिल्ली सीरियल ब्लास्ट किए थे। इसी तरह अक्टूबर 2023 (जैतपुर और मोहम्मदपुर) में एनआईए ने दिल्ली के जैतपुर और उत्तर प्रदेश के मोहम्मदपुर से आईएसआईएस के शाहनवाज उर्फ शफी उज्जामा सहित 3 खूंखार आतंकियों को गिरफ्तार किया। ये दिल्ली और उत्तर प्रदेश में बड़े धमाकों की साजिश रच रहे थे। सितंबर 2021 में दिल्ली के लक्ष्मी नगर में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने लक्ष्मी नगर इलाके से 1 पाकिस्तानी नागरिक (आतंकी मोहम्मद अशरफ) को गिरफ्तार किया। उसके पास से भारतीय दस्तावेज (आ आ डी एच ए ए आर आदि) बरामद हुए थे, और वह देश में बड़े हमलों की फिराक में था।

### चिनाब नदी में बाढ़: भारत ने खोले गेट, पाक में टेंशन

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के डोडा और किश्तवाड़ क्षेत्र में लगातार भारी बारिश के बाद



चिनाब नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। सुरक्षा को देखते हुए रामबन जिला प्रशासन ने सोमवार को बगलिहार डैम के तीन गेट खोलकर पानी छोड़ दिया। नदी का यह तेज बहाव अब पाकिस्तान की ओर बढ़ रहा है। जहां कुछ दिन पहले तक पाकिस्तान सूखे और पानी की कमी से जूझ रहा था, वहीं भारत द्वारा छोड़े गए इस भारी पानी के कारण अब वहां अचानक भयानक बाढ़ का खतरा है।

## राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले थलसेना प्रमुख धीरज सेठ, शिष्टाचार भेंट की

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

भारतीय सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने भारत की राष्ट्रपति एवं तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी



मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की है। जनरल धीरज सेठ अपनी पत्नी कोमल सेठ के साथ राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात करने पहुंचे थे। यह मुलाकात भारतीय सैन्य नेतृत्व और राष्ट्र के सर्वोच्च संवैधानिक पद के बीच परंपरागत संवाद एवं विश्वास का महत्वपूर्ण प्रतीक मानी जाती है। गौरतलब है कि यह भेंट ऐसे समय हुई है जब जनरल धीरज सेठ ने हाल ही में भारतीय सेना के 31वें थलसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला है। सेना की कमान संभालने के बाद राष्ट्रपति से उनकी यह पहली मुलाकात है। यह मुलाकात इसलिए भी विशेष महत्व रखती है, क्योंकि राष्ट्रपति भारतीय सशस्त्र सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर हैं। राष्ट्रपति व सेना के शीर्ष नेतृत्व के साथ समय-समय पर राष्ट्रीय सुरक्षा एवं सैन्य तैयारियों से जुड़े विषयों पर संवाद की परंपरा रही है।

## भारत की गुरुकुल डिप्लोमेसी वीडियो भी शेयर किया

# 6000 किमी दूर ऑस्ट्रिया में विदेशी बच्चे पढ़ रहे पंचतंत्र की कहानियां


एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

ऑस्ट्रिया में भारतीय राजदूत ने जब से स्कूली बच्चों को पंचतंत्र पढ़ाया है, तब से ही ये पूरा मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। पंचतंत्र की कहानियां भारत में काफी पॉपुलर हैं। स्कूल में बहुत सारे स्टूडेंट्स ने इस किताब की पढ़ाई की है। स्कूल में पढ़ाई के दौरान आपने पंचतंत्र की कहानियां जरूर पढ़ी होंगी। अब इन्हें भारत से 6000 किलोमीटर दूर यूरोप के ऑस्ट्रिया शहर में भी स्कूली बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। ऑस्ट्रिया में भारतीय राजदूत शंभू कुमारन ने 1 जुलाई को वियना के



स्कूली बच्चों को पंचतंत्र की कहानियां सुनाईं। वियना स्थित भारतीय दूतावास ने एक पोस्ट में राजदूत द्वारा बच्चों को पढ़ाने की गतिविधि को गुरुकुल डिप्लोमेसी का नाम दिया है। भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उसने लिखा, गुरुकुल डिप्लोमेसी- भारतीय राजदूत शंभू कुमारन वियना में स्कूली बच्चों को पंचतंत्र की कहानियां पढ़ा रहे हैं।

## अमरनाथ गुफा में शिवलिंग 90% गायब, ऊंचाई एक फीट बची



**3 दिन में 56000 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए पिछले साल से 18% ज्यादा**

**श्रीनगर।** अमरनाथ में बनने वाले पवित्र शिवलिंग का आकार एक फीट रह गया है। सोमवार को एक फोटो सामने आई। 57 दिन चलने वाली यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी। पिछले 3 दिनों में 56 हजार से ज्यादा तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले साल से 18.6% ज्यादा रहा। 2025 में पहले तीन दिन में 47,972 श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे थे। यात्रा के लिए इस साल 4 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

## 3 जहाजों में 1.11 एलएमटी सल्फर भारत पहुंच रहा

# 15 जहाजों ने होर्मुज पार किया, सात लाख मीट्रिक टन खाद पहुंचेगी भारत

किफायती दामों में किसानों को मिलेगा यूरिया

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

भारत के लिए उर्वरक एवं कच्चा माल लेकर आने वाले कुल 15 जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुके हैं। इनके भारत पहुंचने पर भारत में खाद के भंडार में बढ़ोतरी हो सकेगी। इनमें 8 जहाजों में 3.32 एलएमटी यूरिया, 4 जहाजों में 2.57 एलएमटी डीएपी तथा 3 जहाजों में 1.11 एलएमटी सल्फर भारत पहुंच रहा है। इसके साथ ही 5 और जहाज भी भारत के लिए रवाना होंगे जिनमें से एक में 0.25 एलएमटी अमोनिया तथा एक अन्य



जहाज में 0.45 एलएमटी यूरिया लदा हुआ है। शेष दो जहाजों में यूरिया तथा एक जहाज में सल्फर की लोडिंग की जा रही है। कृषि विभाग की ओर से पूरे साल के लिए 383.9 एलएमटी उर्वरकों की जरूरत का अनुमान लगाया है इसके मुकाबले 197.56 एलएमटी का भंडारण है जो करीब 51 प्रतिशत से अधिक है। केंद्रीय रसायनिक एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि उर्वरक विभाग, राज्य सरकारों के साथ लगातार समन्वय कर रहा है ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार की उथल-पुथल का प्रभाव देश के किसानों पर बिल्कुल न पड़े और उन्हें किफायती दामों पर समय पर खाद मिल सके। पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक कीमतों में ऐतिहासिक उछाल के बावजूद भारत सरकार ने किसानों के हितों को सर्वोपरि रखा है।

## स्वदेशी डिजाइन और आधुनिक हथियारों से होगा लैस

# भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल होगा स्वदेशी युद्धपोत 'महेंद्रगिरि', और बढ़ेगी समुद्री ताकत

स्टील्थ तकनीक से दुश्मन के रडार को देगा चुनौती

पहली बार किसी युद्धपोत को मिला 'महेंद्रगिरि' नाम

लंबी दूरी के अभियानों के लिए पूरी तरह सक्षम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

भारतीय नौसेना को जल्द ही एक और अत्याधुनिक स्वदेशी युद्धपोत मिलने जा रहा है। प्रोजेक्ट-17ए श्रृंखला के छठे स्टील्थ फ्रिगेट महेंद्रगिरि (एफ-38) को 11 जुलाई को विशाखापत्तनम में आयोजित समारोह में नौसेना के बेड़े में औपचारिक रूप से शामिल किया जाएगा। स्वदेशी तकनीक से तैयार यह युद्धपोत भारतीय नौसेना की समुद्री शक्ति, आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन और आधुनिक युद्ध क्षमता को नई मजबूती देगा। महेंद्रगिरि का डिजाइन भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने



तैयार किया है, जबकि इसका निर्माण मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने किया है। यह युद्धपोत सतह से सतह और सतह से वायु में मार करने वाली मिसाइलों, उन्नत इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, आधुनिक सेंसर, पनडुब्बी रोधी हथियारों और एकीकृत कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम से लैस है। इसे नौसेना की बहुआयामी युद्ध आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। महेंद्रगिरि स्टील्थ तकनीक से लैस फ्रिगेट है, जिसकी विशेष बनावट और डिजाइन इसे दुश्मन के रडार पर सामान्य युद्धपोतों की तुलना में काफी कम दिखाई देती है। यही क्षमता युद्ध की स्थिति में इसे सामरिक बढ़त दिलाती है। समुद्र में चुपचाप आगे बढ़ने और जरूरत पड़ने पर घातक प्रहार करने की इसकी क्षमता इसे बेहद प्रभावी युद्धपोत बनाती है। इस युद्धपोत का नाम पूर्वी घाट की प्रसिद्ध महेंद्रगिरि पर्वतमाला के नाम पर रखा गया है, जो शक्ति, धैर्य और अडिग संकल्प का प्रतीक मानी जाती है।

### 75% से अधिक स्वदेशी सामग्री का हुआ इस्तेमाल

महेंद्रगिरि के निर्माण में 75% से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। इसके निर्माण में देश की प्रमुख रक्षा कंपनियों के साथ-साथ सैकड़ों सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों ने भी योगदान दिया। इससे न केवल रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला, बल्कि हजारों लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित हुए और देश के रक्षा विनिर्माण तंत्र को मजबूती मिली।

### युद्ध के साथ राहत और बचाव अभियानों में भी निभाएगा भूमिका

महेंद्रगिरि केवल युद्ध अभियानों तक सीमित नहीं रहेगा। इसका उपयोग मानवीय सहायता एवं आपदा राहत, खोज एवं बचाव अभियान, समुद्री सुरक्षा गश्त और अंतरराष्ट्रीय सहयोग मिशनों में भी किया जा सकेगा। समुद्र में फंसे लोगों की सहायता से लेकर प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत पहुंचाने तक यह कई अहम जिम्मेदारियां निभाने में सक्षम होगा।

हालैंड ने दागे शानदार दो गोल, पांच बार के चैंपियन ब्राजील को 2-1 से हराया

# नॉर्वे पहली बार क्वार्टर फाइनल में, ब्राजील बाहर

एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड



एर्लिंग हालैंड ने 80वें मिनट में पहला गोल किया और नियमित समय के समाप्त होने से ठीक पहले एक और गोल दागा, जिससे नॉर्वे ने पांच बार के चैंपियन ब्राजील को 2-1 से हराकर पहली बार विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस युवा स्ट्राइकर को मैच में अधिकतर समय गेंद को स्पर्श करने के कम ही मौके मिले लेकिन जब महत्वपूर्ण अवसर पर गेंद उनकी जद में आई तो उन्होंने फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर दिखा दिया कि वह कितने प्रतिभाशाली हैं। हालैंड ने हाफ टाइम के बाद मैदान में उतरे एंड्रियास शेल्डरुप के बेहतरीन पास पर गेंद को अपने दाहिने तरफ से गोल में पहुंचाया। यह छह फुट पांच इंच लंबे हालैंड का विश्व कप में छठा गोल था, जिसका जश्न शेल्डरुप ने उनकी पीठ पर चढ़कर मनाया। शेल्डरुप ने इसके बाद हालैंड के विश्व कप में सातवें गोल करने में भी मदद की और फिर उसी तरह से जश्न मनाया।

### मेस्सी, एमबाप्पे की बराबरी पहुंचे हालैंड

इस गोल से हालैंड ने मौजूदा टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने के मामले में लियोनेल मेस्सी और काइलियन एमबाप्पे की बराबरी कर ली। ब्राजील की तरफ से नेमार ने स्टॉपेज टाइम के अंत में पेनल्टी किक पर गोल किया, जिससे उसकी हार का अंतर ही कम हुआ। हालैंड ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार 14 प्रतिस्पर्धी मैचों में गोल करने का सिलसिला जारी रखा। इस दौरान उन्होंने 27 गोल किए हैं। नॉर्वे के लिए वह 54 मैचों में 62 गोल कर चुके हैं। नॉर्वे की इस जीत में उसके गोलकीपर ओरजान नाइलैंड की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने कुछ शानदार बचाव किए।

## नेमार ने इंटरनेशनल फुटबॉल को कहा अलविदा



**ईस्ट रदरफोर्ड।** स्टार स्ट्राइकर नेमार ने ब्राजील के विश्व कप से बाहर होने के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की। नेमार ने कहा, 'मैंने अपनी तरफ से प्रयास किए। इसकी शुरुआत मेटलाइफ स्टेडियम से हुई थी और यहीं पर इसका अंत हुआ। अब यह सब खत्म हो चुका है।' इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने 9 अगस्त 2010 को इसी स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ मैत्री मैच से अपने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने नॉर्वे के खिलाफ बेंच से मैदान में उतरने के बाद अंतिम मिनटों में पेनल्टी किक पर गोल किया। ढदाहिनी पिंडली में चोट के कारण नेमार टूर्नामेंट में ब्राजील के पांच मैचों में से केवल दो में ही खेल पाए। ग्रुप चरण में वह स्कॉटलैंड के खिलाफ सिर्फ 15 मिनट के लिए मैदान पर उतरे थे। एक दशक से अधिक समय तक ब्राजील के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे नेमार हाल के वर्षों में चोटों से जूझते रहे, जिससे वह अपनी पूरी क्षमता से नहीं खेल पा रहे थे। ब्राजील फुटबॉल की जिम्मेदारी अब अगली पीढ़ी संभाल रही है।

## जीत के बाद जश्न में डूबा नॉर्वे

**ईस्ट रदरफोर्ड।** पांच बार के चैंपियन ब्राजील पर 2-1 से मिली जीत में दोनों गोल करने वाले एर्लिंग हालैंड का मन नॉर्वे की गलियों में घूम रहा है, जहां हजारों की तादाद में फुटबॉलप्रेमी साथ में 'वाइकिंग रो' जश्न मना रहे हैं। हालैंड ने इस असाधारण जीत के बाद कहा ,' नॉर्वे की सड़कों को देखो। मैंने पहले ऐसा कभी नहीं देखा। काश मैं ओस्लो में होता और उन लोगों के साथ जश्न मना रहा होता।' लेकिन नॉर्वे फुटबॉल टीम के लिए अच्छा है कि वह अमेरिका में हैं और फीफा विश्व कप में दनादन गोल करके 55 लाख के करीब आबादी वाले अपने देश को जश्न मनाने के मौके लगातार दे रहे हैं। ओस्लो में टाउन हॉल के बाहर चौक पर करीब 50 हजार प्रशंसक मौजूद थे, जिन्होंने गले में नॉर्वे फुटबॉल का स्कार्फ पहन रखा था। नॉर्वे के युवराज हाकॉन रॉयल पैलेस के बाहर प्रशंसकों से मिले और मैच के बाद 'वाइकिंग रो' में भी हिस्सा लिया। अब दुनिया भर में लोकप्रिय हुए 'वाइकिंग रो' में सभी प्रशंसक जमीन पर एक लाइन में बैठ जाते हैं, मानो वे किसी पुरानी 'वाइकिंग लॉन्गबोट' (समुद्री नाव) में बैठे हों। फिर एक लीडर ड्रम बजाना शुरू करता है। ड्रम की बीट के साथ हजारों फैंस एक साथ अपने हाथों से नाव चलाने का एक्शन करते हैं और पूरी ताकत से 'रो!' चिल्लाते हैं।



## इंग्लैंड ने रोका मैक्सिको का अजेय अभियान, अंतिम 16 में बनाई जगह

**मैक्सिको सिटी।** इंग्लैंड की एस्टाडियो एज़्टेका स्टेडियम से कुछ कड़वी यादें जुड़ी थी जबकि मैक्सिको विश्व कप में हमेशा यहां से सुखद अनुभूति के साथ ही लौटा था लेकिन इसका उल्टा हो गया। इंग्लैंड ने मैक्सिको को अंतिम 16 के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में 3-2 से पराजित करके विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। जूड बेलिंगहैम ने 98 सेकंड के अंतराल में दो गोल किए और हैरी केन ने पेनल्टी को तब गोल में बदला जब इंग्लैंड 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहा था। इससे इंग्लैंड ने इस स्टेडियम में मैक्सिको को विश्व कप में पहली हार का स्वाद चखाया। इंग्लैंड सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए शनिवार को फ्लोरिडा के मियामी गार्डन्स में नॉर्वे का सामना करेगा। यह वही स्टेडियम है, जहां 1986 के विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में डियागो माराडोना के कुख्यात 'हैंड ऑफ गॉड' गोल और 'सदी के सर्वश्रेष्ठ गोल' की बदौलत अर्जेंटीना ने इंग्लैंड को हराया था।

## खबर संक्षेप

### अदिति ने हासिल किया तीसरा स्थान



**हुलेनकोर्ट।** गोल्फर अदिति अशोक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हुलेनकोर्ट विमेंस ओपन में तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि दीक्षा डागर संयुक्त सातवें स्थान पर रहीं। अदिति ने अंतिम दौर में दो-अंडर 70 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर नौ-अंडर 279 रहा। वह स्पेन की विजेता कैरोलिना लोपेज चाकारा से तीन शॉट पीछे रहीं। चाकारा ने अंतिम दौर में चार-अंडर 68 का कार्ड खेलते हुए कुल 12-अंडर 276 के स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलिया की केल्सी बेनेट (एक-ओवर 73) कुल नौ-अंडर के स्कोर के साथ उपविजेता रहीं। अदिति और दीक्षा ने अंतिम दौर की शुरुआत संयुक्त तीसरे स्थान से की थी। तब दोनों का स्कोर पांच-अंडर था और वे बेनेट से पांच स्ट्रोक पीछे थे।

### 16 जुलाई से चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स टूर्नामेंट




**चेन्नई।** विश्व चैंपियन गुकेश, अर्जुन एरिगेसी और पूर्व विश्व रैपिड चैंपियन नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव उन स्टार खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो 16 से 22 जुलाई तक आयोजित होने वाले चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स के चौथे सत्र में हिस्सा लेंगे। इस 75 लाख रुपए इनामी राशि वाले टूर्नामेंट से महत्वपूर्ण फिडे सर्किट अंक भी मिलेंगे, जो अगले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश में जुटे खिलाड़ियों के लिए अहम होंगे। प्रतियोगिता में दो बार के ग्रैंड चेस टूर चैंपियन अलीरेजा फिरोजा, 2026 बुलेट चेस चैंपियन निहाल सरीन, पूर्व कैंडिडेट्स चैलेंजर दिमित्री आंद्रेकिन, अमेरिकी ग्रैंडमास्टर हेन्स नीमैन और पिछले साल के चैलेंजर्स चैंपियन प्रणेश एम भी खेलते हुए नजर आएंगे। पहली बार टूर्नामेंट में 'ओपनिंग मूव्स फोटोस्लॉट' टिकट पेश किया जाएगा, जिससे प्रशंसकों को अपने फोन और कैमरे के साथ टूर्नामेंट हॉल में जाने और दुनिया के कुछ सबसे बड़े स्टार शतरंज खिलाड़ियों की तस्वीरें और वीडियो लेने का खास मौका मिलेगा।

विम्बलडन

## ओसाका ने विश्व नंबर-1 सबालेंका को हराया, क्वार्टर फाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| लंदन

जापान की नाओमी ओसाका ने विम्बलडन में इस साल के बहुप्रतीक्षित मुकाबले में विश्व नंबर एक एरीना सबालेंका को 6-2, 7-6 से हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

मुकाबले से पहले सबालेंका इस वर्ष तीनों भिड़ंतों में ओसाका को हरा चुकी थीं, जिनमें पिछले महीने फ्रेंच ओपन के इसी दौर का मुकाबला भी शामिल था। ओसाका ने मैच के शुरुआती सेट में अपना सब कुछ झोक दिया और उनकी यह रणनीति कारगर रही। ओसाका की तेज और सपाट ग्राउंडस्ट्रोक्स के सामने सबालेंका बेबस नजर आईं।

### ओसाका ने मनाया जीत का उत्सव

ओसाका ने कहा, 'क्ले कोर्ट पर मुझे लगा कि वह लगातार मुझे बैकफुट पर धकेल रही थीं। इस बार मेरी कोशिश थी कि मैं पहले उन पर दबाव बनाऊं।' जीत के बाद ओसाका ने मुट्ठियां लहराकर जश्न मनाया, मुस्कुराईं और रैकेट सिर के ऊपर उठाकर घूमते हुए सेंटर कोर्ट पर अपने करियर की पहली जीत का उत्सव मनाया।



### ओसाका के सामने अब मुचोवा की चुनौती

अंतिम आठ में ओसाका के सामने अब कारोलिना मुचोवा की चुनौती होगी। मुचोवा ने मौजूदा चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा को 7-5, 5-7, 6-3 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। इसके परिणाम के साथ यह भी तय हो गया कि इस बार विम्बलडन महिला एकल में नया चैंपियन मिलेगा। महिला एकल के अन्य मुकाबले में अमेरिका की कोको गॉफ ने बेलिंडा बेनचिच को 4-6, 6-3, 6-4 से हराकर पहली बार विम्बलडन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना हमवतन जेसिका पेगुला से होगा, जिन्होंने अमेरिका की एक अन्य खिलाड़ी ईवा जोविच को 4-6, 6-3, 6-1 से पराजित किया।

## श्रीलंका के खिलाफ वेस्टइंडीज का पलटवार

**दूसरा टेस्ट :** शाई होप और ग्रीव्स ने की शानदार साझेदारी

एजेंसी ▶▶| नार्थ साउंड

कप्तान शाई होप और जस्टिन ग्रीव्स के बीच पांचवें विकेट के लिए 174 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन रविवार का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में चार विकेट पर 318 रन बना लिए। टीम अब भी श्रीलंका के 9 विकेट पर 549 रन पर पारी घोषित स्कोर से 231 रन पीछे है।



### अब तक गिरे सिर्फ 13 विकेट

धीमी रफ्तार से आगे बढ़े दिन के खेल में केवल तीन विकेट गिरे, जबकि कुल 260 रन बने। टेस्ट के पहले तीन दिनों में अब तक सिर्फ 13 विकेट ही गिरे हैं, जो बल्लेबाजों के अनुकूल पिच का संकेत है। स्टंप्स के समय होप 86 और ग्रीव्स 85 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। दोनों अपने-अपने टेस्ट करियर के क्रमशः पांचवें और तीसरे शतक की ओर बढ़ रहे हैं। साथ ही उनकी नजर न्यूजीलैंड के खिलाफ दिसंबर में क्राइस्टचर्च में बनाई गई 196 रन की अपनी सर्वोच्च साझेदारी के रिकॉर्ड पर भी है।

### सीरीज में वेस्टइंडीज 1-0 से आगे

वेस्टइंडीज दो मैचों की श्रृंखला में पहले टेस्ट में पारी और 217 रन की बड़ी जीत के बाद 1-0 से आगे है। ऐसे में तीसरे दिन श्रीलंका पर मैच में बढ़त बनाने की जिम्मेदारी थी, लेकिन सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम की सपाट पिच पर उसके गेंदबाजों को विकेट हासिल करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

## युवा वनडे : भारत का मजबूत स्कोर अन्वय द्रविड़ ने खेली शानदार पारी

एजेंसी ▶▶| हंबनटोटा

राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ ने 67 गेंदों में 87 की शानदार पारी खेली, जिससे भारत अंडर-19 टीम ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे युवा वनडे मैच में सभी विकेट खोकर 285 रन बनाए। भारतीय टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर चार विकेट पर 81 रन था। अन्वय (नौ चौके और एक छक्का) और अर्जुन राजपूत (76) ने टीम को संकट से उबारा। विकेटकीपर-बल्लेबाज



अन्वय और राजपूत ने पांचवें विकेट के लिए 145 रन जोड़कर भारत को 221 रन तक पहुंचाया। राजपूत के आउट होने से यह साझेदारी टूटी। अन्वय ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और 47 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

ग्रैंड शतरंज टूर

## प्रज्ञानानंदा की शानदार वापसी हासिल किया तीसरा स्थान



एजेंसी ▶▶| जाग्रेब

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने ग्रैंड शतरंज टूर के क्रोएशियाई चरण के अंतिम दिन शानदार वापसी करते हुए संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने 23.5 अंकों के साथ खिताब अपने नाम किया।

प्रज्ञानानंदा ने फ्रांस के ही मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव के साथ 21.5 अंक जुटाकर संयुक्त तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रज्ञानानंदा ने अंतिम दिन की शुरुआत जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार के साथ की लेकिन इसके बाद अंतिम आठ बाजियों में छह अंक जुटाकर शानदार वापसी की। उन्हें दूसरी हार हमवतन और मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश के खिलाफ मिली, जबकि उन्होंने टूर्नामेंट विजेता फिरोजा को हराने में सफलता हासिल की।

### अलीरेजा नहीं रख पाए लय बरकरार

ब्लिट्ज के पहले दिन नौ में से आठ अंक हासिल कर शानदार शुरुआत करने वाले अलीरेजा अंतिम दिन लय बरकरार नहीं रख सके और केवल पांच अंक ही जोड़ पाए। इससे उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने भी कुल 23.5 अंकों के साथ उनकी बराबरी कर ली। इसके बाद खिताब का फैसला टाई-ब्रेक से हुआ। शुरुआती दो मुकाबला बराबरी पर छूटने के बाद 'आर्मागेडन' मुकाबले में काले मोहरों से खेल रहे अलीरेजा ने ड्रॉ खेलकर खिताब अपने नाम किया।

### गुकेश 18.5 अंकों के साथ छठे स्थान पर

जर्मनी के विंसेंट कीमर 20 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे, जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश 18.5 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहे।

तीसरे टी20 में आज इंग्लैंड के खिलाफ कांटे का मुकाबला

## टीम इंडिया में बदलाव के संकेत, बिश्नोई हो सकते हैं बाहर

एजेंसी ▶▶| नॉटिंघम

ब्रिटेन दौरे पर अब तक जीत का स्वाद चखने में नाकाम रही भारतीय टीम मंगलवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में संयोजन में बदलाव कर सकती है।कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुआई में टीम प्रबंधन अतिरिक्त तेज गेंदबाज को अंतिम एकादश में शामिल करने पर विचार कर रहा है, जबकि लेग स्पिनर रवि बिश्नोई की जगह खतरे में दिखाई दे रही है।

### अय्यर की कप्तानी में तीन मुकाबले हारी टीम

अय्यर की कप्तानी में भारत अब तक चार में से तीन मुकाबले हार चुका है। इनमें आयरलैंड के खिलाफ 0-2 की शर्मनाक श्रृंखला हार भी शामिल है। ऐसे में टीम के लिए तीसरा टी20 'करो या मरो' जैसा मुकाबला बन गया है। मैनचेस्टर में खेले गए दूसरे टी20 में बिश्नोई पूरी तरह लय से बाहर नजर आए। उन्होंने तीन 'बैक-फुट नो-बॉल' फेंकी और पारी के 17वें ओवर में 29 रन लुटाए। चार ओवर में बिना विकेट लिए 60 रन खर्च करने के बाद उनकी टीम में जगह पर सवाल उठने लगे हैं।



### प्रिंस यादव को मौका मिल सकता है मौका

विशेषज्ञों का मानना है कि जब अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती पहले से मौजूद थे, तब ओल्ड ट्रैफर्ड की परिस्थितियों में तीसरे विशेषज्ञ स्पिनर की जरुरत नहीं थी। ट्रेंट ब्रिज की परिस्थितियों को देखते हुए बिश्नोई का अंतिम एकादश में शामिल होना मुश्किल माना जा रहा है। उनकी जगह तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को मौका मिल सकता है। स्विंग और पिच से अतिरिक्त हरकत हासिल करने की उनकी क्षमता उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा से बेहतर विकल्प बनाती है, जिनकी 'बैक-ऑफ-द-लेंथ' गेंदें टी20 क्रिकेट में अपेक्षाकृत आसान साबित होती हैं।

### सूर्यवंशी से आक्रामक पारी की उम्मीद

ट्रेंट ब्रिज की बल्लेबाजी के अनुकूल पिच पर युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी से एक बार फिर आक्रामक पारी की उम्मीद होगी। उनके साथ शानदार फॉर्म में चल रहे अभिषेक शर्मा भारतीय पारी की सबसे बड़ी उम्मीद हैं। पिछले छह महीनों से आईपीएल समेत अधिकांश मुकाबले सपाट विकेटों पर खेलने वाली भारतीय बल्लेबाजी इकाई इंग्लैंड की अतिरिक्त उछाल, गेंद की हरकत और सैम कुरन जैसे गेंदबाजों की विविधताओं के सामने संघर्ष करती दिखी है।

**मैच का समय : रात 10:00 बजे**






# दिलजीत को झटका, बैन हुई फिल्म सतलुज...

**मुंबई।** दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सतलुज' इन दिनों विवादों में बनी हुई है. कई बदलावों और कानूनी लड़ाई के बाद इस फिल्म को 3 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज किया गया था। हालांकि, रिलीज के महज 48 घंटे के भीतर ही इसे प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया और भारत में इस पर रोक लगा दी गई।

दरअसल, 'सतलुज' एक सच्ची घटना पर आधारित फिल्म है। यह पंजाब के जाने-माने मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन और उनके संघर्ष पर आधारित हैं। उन्होंने 1984 से 1994 के बीच पंजाब में लापता हुए हजारों लोगों और कथित अवैध अंतिम संस्कारों की जांच की थी।

लाइफ Style

# मेघना ने खोला कास्टिंग के राज

**मुंबई।** बॉलीवुड में किसी फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार कर रही हों, तो दर्शकों की उम्मीदें बढ़ जाती हैं। इन दिनों वह आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर लगातार सुर्खियों में है। फिल्म की कहानी से लेकर इसकी स्टारकास्ट तक हर पहलू चर्चा का विषय बना हुआ है। अब मेघना गुलजार ने फिल्म की कास्टिंग को लेकर बड़ा खुलासा किया है। मेघना ने बताया कि 'दायरा' में हर किरदार को पूरी सच्चाई और वास्तविकता के साथ पर्दे पर उतारने की कोशिश की गई है। यही वजह है कि छोटे से छोटे रोल के लिए भी कलाकारों का लंबा ऑडिशन लिया गया और करीब 90 थिएटर कलाकारों को देखने के बाद फाइनल स्टारकास्ट तय की गई। मेघना ने बताया, हम एक ऐसी दुनिया बनाना चाहते थे, जो पूरी तरह वास्तविक लगे। इसमें अलग-अलग पृष्ठभूमि के ऐसे किरदार हों, जिनसे दर्शक खुद को जोड़ सकें।



# 'मुसाफिर कैफे' का पहला गाना रिलीज

**मुंबई।** विक्रांत मैसी की नई सीरीज 'मुसाफिर कैफे' इसी महीने रिलीज होने वाली है और इसका पहला गाना भी रिलीज हो चुका है, जो काफी रोमांटिक है। इस मानसून के मौसम में ये गाना रिलीज करना मेकर्स का सबसे अच्छा फैसला लग रहा है। नेटफ्लिक्स पर 24 जुलाई को प्रीमियर होने वाली इस सीरीज के रोमांटिक माहौल की एक इमोशनल झलक इस गाने में देखने को मिलती है। टी-सीरीज के इस गाने को गर्वित-प्रियांश ने कंपोज किया और गाया है, और हंसिका पारेख ने अपनी सुरीली आवाज दी है। यह गाना 'मुसाफिर कैफे' का पहला म्यूजिकल रिलीज है और यह शो की उस दुनिया में एक इमोशनल एंट्री की तरह है, जहां अचानक मुलाकातें, प्यारे रिश्ते और प्यार से भरी यात्राएं देखने को मिलती हैं।



# नीति

## बॉयफ्रेंड ने सिगरेट से जलाया था

ओटीटी रियलिटी शो अलायंस में अभिनेत्री नीति टेलर ने अपनी निजी जिंदगी से जुड़ा चौंकाने वाला खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने बताया कि उनके पूर्व बॉयफ्रेंड ने कथित तौर पर उन्हें सिगरेट से जलाया था और उनके साथ शारीरिक हिंसा भी की थी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नीति ने शो में मौजूद कंटेस्टेंट्स को अपने शरीर पर मौजूद निशान भी दिखाए। हाल ही में स्ट्रीम हुए एपिसोड में नीति टेलर ने सह-प्रतियोगियों रूही दोसांझ, मिनी माथुर और डेजी शाह से बातचीत के दौरान अपनी जांघों पर मौजूद निशान दिखाए। नीति ने कहा कि ये निशान उनके पूर्व बॉयफ्रेंड के कथित तौर पर सिगरेट से जलाने के कारण बने थे। जब साथी प्रतियोगियों ने पूछा कि क्या यह गलती से हुआ था, तो नीति ने जवाब दिया कि ऐसा नहीं था। उनके अनुसार, उनका पूर्व बॉयफ्रेंड बेहद हिंसक स्वभाव का था और उसने जानबूझकर उन्हें नुकसान पहुंचाया। नीति ने बताया कि यह घटना उनके पूर्व बॉयफ्रेंड के जन्मदिन के दिन हुई थी। उनके मुताबिक, उस दिन कथित तौर पर उन्हें कई जगह सिगरेट से जलाया गया और थप्पड़ भी मारा गया।उन्होंने कहा कि इसी घटना के बाद उन्होंने उस रिश्ते को हमेशा के लिए खत्म करने का फैसला लिया। बातचीत के दौरान नीति ने अपनी जांघों पर मौजूद करीब पांच निशानों की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये कथित तौर पर सिगरेट से जलाने के कारण बने थे। उन्होंने बताया कि ये निशान आज भी उनके शरीर पर मौजूद हैं और उस दर्दनाक दौर की याद दिलाते हैं।



# सिचुएशनल कॉमेडी फिल्म में दिखाई देंगी



**मुंबई।** बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री ऋचा चड्ढा और अभिनेता अली फजल इंडस्ट्री के पसंदीदा कपल्स में गिने जाते हैं। शादी के बाद दोनों कभी किसी एक फिल्म में नजर नहीं आए। अब पहली बार दर्शकों को यह मौका मिलने जा रहा है। ऋचा और अली जल्द ही अभिनेता, लेखक और निर्देशक शाशी वर्मा की दिल्ली की पृष्ठभूमि पर आधारित एक सिचुएशनल कॉमेडी फिल्म में साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म को लेकर दोनों कलाकार काफी उत्साहित हैं और उनका कहना है कि यह उनके लिए बिल्कुल नया अनुभव होने वाला है। ऋचा चड्ढा ने कहा, फिल्म की कहानी ने मुझे शुरुआत से ही आकर्षित किया। यह रोजमर्रा की जिंदगी की छोटी-छोटी परिस्थितियों से हास्य पैदा करती है। सबसे खास बात यह है कि हंसी के बीच फिल्म समाज के बारे में एक महत्वपूर्ण बात भी कहती है। उन्होंने आगे कहा, दिल्ली पर आधारित कहानी में वापसी करना मेरे लिए कई प्यारी यादें भी लेकर आया, क्योंकि मेरी शुरुआती स्कूली पढ़ाई वहीं हुई है।

## श्वेता ने खोली पलक की पोल

**मुंबई** । श्वेता तिवारी का एक पुराना वीडियो सामने आया है, जिसमें उनकी बेटी पलक तिवारी काफी छोटी सी नजर आ रही हैं। इस वीडियो में श्वेता बेटी की शिकायत करती दिख रही हैं कि जब वो बाहर से घर आती हैं तो बेडरूम से लेकर हॉल का नजारा कैसा रहता है। श्वेता ने कहा कि दिन भर बेडरूम में, मेरी वॉरड्रॉब पर चॉक से लिखती रहती है। पलक ऐसा करती है बेडरूम में खड़े होकर अपने इमैजनरी स्टूडेंट्स को पढ़ा रही होती है। दिन भर मेरे वॉरड्रॉब पर, मेरे बेडरूम में, मेरी वॉरड्रॉब पर चॉक से लिखती रहती है। अपने वॉल पर लिख देती है चॉक से। घर में घुसती हूं मैं, हॉल में हर जगह लिखती रहती है।



# टीवी मसाला

## मिस्टर एंड मिसेस... की 'शालिनी' ने एक्शन सीन में मचाया तहलका

**मुंबई।** पॉपुलर सीरियल 'मिस्टर एंड मिसेस परशुराम' इन दिनों चर्चा में आ गया हैं। हाल ही में सीरियल में 'शालिनी' का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस शांभवी सिंह ने एक्शन सीन्स को शूट किया, जिसमें वो बेहद शानदार लग रही थीं। हालांकि सीन में गुंडों से लड़ाई करते समय उन्हें चोट लगी, जो गंभीर नहीं थे। इसी बीच उन्होंने अपने अनुभवों को लेकर खुलकर बात की। शांभवी ने कहा, 'इस सीन में मुझे गुंडों से फाइट करनी थी। शूट के दौरान हाथों पर हल्की-सी चोट लगी, लेकिन वो बहुत मामूली थी। सेट पर सेफ्टी का पूरा ध्यान रखा गया था और पूरी टीम ने मुझे सपोर्ट किया। एक कलाकार के तौर पर हमारी कोशिश रहती है कि दर्शकों को भरपूर एंटरटेनमेंट मिले। अगर कहानी की डिमांड है, तो सीन को पूरी ईमानदारी और कमिटमेंट के साथ करना जरूरी होता है। बता दें कि 'मिस्टर एंड मिसेस परशुराम' सीरियल की शुरुआत इसी साल फरवरी में हुई, जो बंगाली सीरियल 'परशुराम - आजकेर नायक' का हिंदी रीमेक है। शो की कहानी एक शादीशुदा कपल शिवप्रसाद और शालिनी पर है, जो अपनी जिंदगी खुशहाल तरीके से जीते हैं। दुनिया के सामने शिवप्रसाद साधारण और सादगी से रहने वाले इंसान हैं। हालांकि वो एक खूंखार सीक्रेट एजेंट 'परशुराम' है, जो देश के दुश्मनों से लड़ाई लड़ता हैं।






HDFC BANK | SBI | स्कूटर चलाते वक्त हमेशा हेल्मेट पहनें. | tvsjupiter | www.tvsmotor.com/tvs-jupiter | Call: 1800 315 7777

^ Ex-showroom price of TVS Jupiter 110 BS VI Drum variant in Madhya Pradesh. # Scheme valid till 31st July, 2026. Offer applicable only on using HDFC & SBI Bank credit card EMI transactions. ## T&C apply. Finance will be at the sole discretion of the financier. * Under TVSM internal test conditions. + 5 year warranty included. Additional 5 year warranty can be purchased.

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com मुख्य अधिकृत विक्रेता – भोपाल : कोहिनूर टीवीएस, 7389901018, 7554245855, कोहिनूर टीवीएस, 7389924459, 7389924456, अट्रेक्टिव टीवीएस, इंद्रपुरी भोपाल, 8370003697, 8370002230, कोहिनूर टीवीएस, 9870326564, 9111018733, भोपाल टीवीएस, 0755–4948300, 9926526466, संकल्प टीवीएस, मो. 7898987990, 7898987984, सक्सेस टीवीएस, मो. 9826717528, 8889655523, रायसेन : सिद्धीसारथी टीवीएस, 9238234860, 9303816415, सीहोर : ममता टीवीएस, 9201826868, राजगढ़ : श्री सांवरिया टीवीएस, 9039551201, 7748099834, जीपीडी टीवीएस, 9753055245, 7974190962, मंगल टीवीएस, 9171112384, 9171112386, विदिशा : यूरेका टीवीएस, 07592–403859, 9806974281, तारणम् टीवीएस, 9243122422, 9827399444, अशोकनगर : श्री विनायक टीवीएस, 7879041038, 7999608681, गुना : वंदना टीवीएस, 9755364517, 7694000571, श्री हरिगिरधर टीवीएस, 9425710114, 9425710113, बैतूल : ओम शक्ति टीवीएस, 9340291652, 7049027410, नर्मदापुरम : श्री ओम शक्ति टीवीएस, 9340249811, 9329914754, इटारसी : आई लक्ष्मी टीवीएस, 9244377833, सारणी : लक्ष्मी टीवीएस, 9425366960, 8959091939, हरदा : श्री विद्यासागर टीवीएस, 7697255552, अधिकृत डीलर भोपाल : भानपुर 9981997535, 9981641501, 9713681500, करोंद 7772005953, हर्राखेड़ा 9893548735, ईंटखेड़ी 8120928303, फंदा 9806175382, नेहरूनगर 7723977850, 9893231841, बैरागढ़ 9827081627, 7987196944, बैरसिया 07565–292222, 7580876776, 9754784161, बंगरसिया 9131494312, 9826934463, देहगांव 9893932299, उदयपुरा 9893509802, सुल्तानपुर 8120053803, अधिकृत डीलर अशोकनगर : बहादुरपुर 9591155334, राजपुर 6266358545, ईसागढ़ 8878682065, 9425798779, मुंगावली 8839740541, 9806374388, अधिकृत डीलर गुना : आरोंन 8085808501, बमौरी 7987068010, फतेहगढ़ 6265242811, मक्सूदनगढ़ 9424849214, राघौगढ़ 9669843208, जामनेर 7770960853, अधिकृत डीलर रायसेन : गैरतगंज 9425653354, 7999934324, देहगांव 6264514663, मंडीदीप 9893016056, 9009085515, ओबेदुल्लागंज 7987999256, 9713470480, सिलवानी 6266504460, बैगमगंज 8770809631, बरेली 9009222227, उदयपुरा 9893509802, अधिकृत डीलर राजगढ़ : छापीहेड़ा, 8109238402, जीरापुर, 7581071198, 6166386978, खिलचीपुर 9893624685, कुरावर 9981241802, माचलपुर, 9685505767, सारंगपुर, 7000013615, 7000822287, तलेन 9926922770,अधिकृत डीलर विदिशा : गंज बासोदा 8989029329, 9584494644, गुलाबगंज 9993944799, 9993182352, ग्यारसपुर 9752535692, 6260403349, लटेरी 9074929908, शमशाबाद 9755106709, सिरोंज 8770963822, कुरवाई 9617457020, अधिकृत डीलर नर्मदापुरम : बाबई 7828641086, बनखेड़ी 8602257406, बुदनी 9827005454, डोलरिया 9977220337, पिपरिया 9329770107 , सिवनी मालवा 6264865638, शाहगंज 8461890106, सोहागपुर 7000862026, अधिकृत डीलर बैतूल : आमला 6261272636, आठनेर 9425623807, चिचोली 9179178890, चोपना 9977653785, घोड़ाडोंगरी 9407521428, भैंसदेही 9977711439, अधिकृत डीलर सीहोर : आष्टा 9977707427, चांदबड़ 8719082045, लाड़कुई 9229651220, नसरूल्लागंज 9977877877, श्यामपुर 9201826868, बिलकिसगंज 9783587709, श्यामपुर 7566784778, 9981241802, अधिकृत विक्रेता हरदा : टिमरनी 9755930630.

dentsu/hb bho/02/26

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930